रांची का तापमान
कांके: अधिक. 33.0° न्यून. 22.0°
रांची: अधिक. 34.5° न्यून. 21.8°
रांची, गुरुवार
22 मई 2025
वर्ष-26, अंक-109, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

### इंडिगो फ्लाइट की श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग, सभी सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रहा इंडिगो का विमान खराब मौसम के कारण टर्बुलेंस में फंस गया और श्रीनगर हवाई अड्डे पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट की सूझबूझ से चालक दल समेत सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान में 227 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई2142 को ओलावृष्टि के कारण टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। पायलट ने श्रीनगर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपात स्थिति की सूचना दी और विमान शाम 6:30 बजे श्रीनगर में सुरक्षित उतर गया। चालक दल के साथ-साथ उड़ान में सवार सभी 227 यात्री सुरक्षित हैं।

### पाक उच्चायोग के एक और अधिकारी को देश छोड़ने के लिए कहा गया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने बुधवार को पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक और अधिकारी को अवांछित घोषित कर 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले भी सरकार ने एक अधिकारी को 'पसोर्ना नॉन ग्रेटा' घोषित किया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के विपरीत गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। एक बयान में मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी डी'अफेयर्स को आज बुधवार को इस आशय का एक डिमार्शे जारी किया गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## छत्तीसगढ़ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# डेढ़ करोड़ के इनामी केशव राव सहित 27 नक्सली ढेर

- डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद

**बीजापुर (हि.स.)**

प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर व दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार की सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पोलित ब्यूरो के शीर्ष सदस्य डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू सहित 27 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं, कई अन्य बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के


नक्सली केशव राव (फाइल फोटो)

दौरान डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ स्थल से 27 नक्सलियों के शव के साथ अनेक हथियार बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया, मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। मुठभेड़ में कुछ अन्य जवान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। वे सभी खतरे से बाहर हैं। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद अलग से जारी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के खिलाफ मिली इस बड़ी सफलता पर सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट लगी है। नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर हुआ है। देश भर में चल रहे नक्सल संगठन के प्रमुख और नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू उर्फ गगन्ना को डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है।


शेष पेज 11 पर

### कम से कम पांच राज्यों में नक्सली नेटवर्क का संचालन कर रहा था नंबाला केशव राव

नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू वर्ष 2018 में गणपति की जगह सीपीआई (माओवादी) का महासचिव बना था। लगभग 70 साल के बसव राजू का मूल निवास आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियन्नापेटा गांव था। वह पिछले लगभग 35 वर्षों से नक्सली संगठन की केंद्रीय समिति का सक्रिय सदस्य रहा। देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बने इस खूंखार नक्सली पर सरकार ने 1.5 करोड़ रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। राजू ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) वारंगल से बीटेक की पढ़ाई की थी। वर्ष 1970 में उसने अपना घर छोड़ दिया और नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हो गया। लेकिन, नक्सली विचारधारा से जुड़ने से पहले बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव एक होनहार खिलाड़ी था। स्कूल और जूनियर कॉलेज के दिनों में वह कबड्डी खेला करता था। नक्सली कैडर में राजू को सबसे शिक्षित और रणनीतिक सोच वाला नेता माना जाता था। वह देश के कम से कम पांच राज्यों में नक्सली नेटवर्क और गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

### तीन दशकों में पहली बार मारा गया है इतना बड़ा नक्सली : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के एक करोड़ के इनामी समेत 27 नक्सलियों के ढेर किए जाने को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों में यह पहली बार हुआ है, जब इतना बड़ा नक्सली मारा गया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार नक्सलियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी का महासचिव शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़, नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि किसी महासचिव स्तर के नेता को हमारी सेना ने मार गिराया है।



शेष पेज 11 पर

## सीएम सोरेन की अध्यक्षता में हुई टीएसी की बैठक, कई प्रस्ताव स्वीकृत

# व्यापक रूप से लगातार चलेगा 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान



- थाना क्षेत्र के आधार पर सीएनटी एक्ट के कार्यान्वयन के मामले में गठित होगा आयोग
- बैठक में आदिवासी हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड मंत्रालय के सभाकक्ष में झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् (टीएसी) की बैठक हुई। बैठक में गहन विचार विमर्श एवं चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रस्तावों पर गहन विचार विमर्श के बाद राज्य में आदिवासी हितों की रक्षा, सभ्यता-संस्कृति के संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् (टीएसी) द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में वन अधिकार योजना अंतर्गत 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान (भूमिहीनों को वनपट्टा देने का अभियान) के क्रियान्वयन पर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान व्यापक रूप से लगातार चलाया जाता रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर 2 माह में वनपट्टा का वितरण अनिवार्य रूप से हो।

वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वीकृति प्रक्रिया अविलंब पूरी किए जाने पर सहमति बनी। टीएसी की बैठक में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) की धारा 46 के अंतर्गत थाना क्षेत्र की परिभाषा में स्पष्टता लाने के लिए प्रस्ताव पर बिंदुवार चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 1938 के निर्धारित थाना क्षेत्र के आधार पर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित करे एवं उपरोक्त के संबंध में एक आयोग गठन करने के संबंध में सहमति बनी। गठित आयोग 6 महीने के भीतर सभी पहलुओं का अध्ययन करते हुए एक प्रतिवेदन समिति को समर्पित करेगी। टीएसी की बैठक में झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधित प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप के नियम 20 (3) पर गहन विचार-विमर्श एवं चर्चा के उपरांत राज्य के भीतर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं

शेष पेज 11 पर

### इन विषयों पर हुई भी चर्चा

1. बोकारो जिला के ललपनिया में आदिवासी धार्मिक स्थल लुगुबुरु में दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) द्वारा पनबिजली परियोजना पर कार्य किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध में टीएसी के सदस्यों को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी धर्म स्थल लुगुबुरु को संरक्षित रखने की मंशा से डीवीसी एवं भारत सरकार को अवगत कराया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही डीवीसी के इस परियोजना को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है।
2. वनपट्टा आच्छादित परिवारों के विद्यार्थियों एवं बच्चे-बच्चियों के आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में जो व्यवधान अथवा कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं, उसका समाधान सुनिश्चित की जाए।

## हमें गर्व है अपनी सेना पर

### दुश्मनों ने हमेशा मुंह की खाई है भारतीय सेना से



देव बिहारी शर्मा, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, सेवानिवृत्त, झारखंड।

जब भी हमारी सरहदों पर किसी बाहरी दुश्मन की गलत निगाह पड़ी, हमारी सेना ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें पीठ दिखाकर कर भागने पर मजबूर कर दिया। बात 1948, 1962, 1965, 1971, 1999 की हो या हाल के पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों की, दुश्मनों को हमेशा मुंह की खानी पड़ी है। हमारी सेना, सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दिखा दिया कि पाकिस्तानी बुजदिलों को सबक सिखाने के लिए दो दिन काफी हैं। हम अपनी इसी सेना के बल पर अपने घरों में चैन से जी रहे हैं। हमें अपनी सेना पर गर्व है। हम उनकी कर्तव्य परायणता, वीरता, त्याग तथा देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने के जज्बे को दिल से सलाम करते हैं।

## स्कूली बच्चों से भरी पिकअप वैन तालाब में गिरी, 17 घायल, 4 गंभीर



- स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर गांव लौट रही थी वैन
- हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में खुटरा गांव के पास हुआ हादसा

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिल के इचाक थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों को ले जा रही एक पिकअप वैन बुधवार की दोपहर तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 स्कूली बच्चे घायल हो गए हैं। इनमें चार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, स्कूल में छुट्टी होने के बाद वैन बच्चों को लेकर गांव लौट रही थी। खुटरा गांव के पास एक तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार वैन असंतुलित होकर सड़क के किनारे स्थित करीब 15 फीट गहरे तालाब में जा गिरी। वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम भी सूचना पाते ही मौके पर पहुंची। सभी लोगों ने मिलकर बच्चों और ड्राइवर को दुर्घटनाग्रस्त वैन से बाहर निकाला। बाद में क्रेन की मदद से वैन भी तालाब से बाहर निकाली गई। हालांकि, वैन तालाब की गहराई में जाने से बच गई, अन्यथा हादसा भयावह रूप ले सकता था। हादसे में घायल सभी बच्चों को एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। ज्यादातर बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल चार बच्चों को हजारीबाग पहुंचाया गया।

शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान के सिंध प्रांत में प्रदर्शनकारियों ने मचाया उपद्रव

# पानी को लेकर जंग, मंत्री का घर फूंका

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध में प्रदर्शनकारियों ने ऐसा उपद्रव मचाया है कि पूरा पाकिस्तान ही कांप उठा है। पाकिस्तान में पानी को लेकर जमकर हाहाकार मचा हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री के घर को स्वाहा कर दिया है। जियाउल हसन लंजर के घर को प्रदर्शनकारियों ने फूंक दिया है। सामने आई तस्वीरों में नजर आ रहा है कि कैसे गृह मंत्री का घर धू-धू कर जल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ मचाई है। कई गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया गया है। बताया



ये जा रहा है कि सिंध प्रांत के मोरो में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे के पास स्थिति मंत्री के घर को निशाना बनाया और फिर पास में खड़े दो ट्रेलरों को भी आग के हवाले कर दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई। इसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। एक डीएसपी और छह दूसरे पुलिसकर्मी घायल बताए जा रहे हैं।

डॉन ने कहा है कि रास्तों पर कई गाड़ियों को जला दिया गया है और अराजकता का माहौल देखने को मिल रहा है। एक मीडिया आउटलेट से बात करते हुए, लंजर ने अपने आवास पर आगजनी की घटना की पुष्टि की और कहा कि कुछ लोग घायल हुए हैं।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# देश के साथ गद्दारी पैसे या सुख के लिए हो कारण जड़ से मिटे

भारत की सदियों पुरानी सरकारी काम करने की परंपराओं में से अधिकतर आग लगने पर कुंआ खोदने की कहावत को सार्थक करने वाली हैं जिसमें हर समस्या का हम तात्कालिक समाधान तो करते हैं पर स्थायी समाधान भूल जाते हैं। इसको इस तरह से भी कहा जा सकता है कि हम तदर्थवाद के शिकार हैं और जो सामने दिखता है उसे ठीक करने का प्रयास करते हैं। यदि हमारे घर के बाहर पाइप से गंदा पानी गिर रहा हो और हम उसके मुंह को बंद कर यह मान लें कि अब ऐसा नहीं होगा तो यह उसी प्रकार सोच है कि हम किसी घाव के ऊपर पट्टी लपेट कर यह मान लें कि घाव ठीक हो गया ! भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से अपने कुशल वित्तीय प्रबंधन और फालतू खर्चों में कटौती कर चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है जिसकी औपचारिक घोषणा के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दौड़ शुरू हो जाएगी जिस पर रोक लगाने का प्रयास भारत के घोषित के अलावा छिपे हुए शत्रु करते रहे हैं और करेंगे ही। ऐसे में भारत को अपनी कमियों की ओर और समस्याओं की जड़ में जाना चाहिए ताकि उनका स्थायी समाधान हो सके। हाल ही में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लगभग बारह संदिग्ध जासूसों की गिरफ्तारी की है जो सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता को साबित तो करती ही है, इस बात को भी रेखांकित करती है कि देश की सुरक्षा को खतरा सिर्फ सीमा पार से ही नहीं है, बल्कि घर के भेदियों से भी है, जो कई राज्यों में सक्रिय रहकर संवेदनशील जानकारियां दुश्मनों तक पहुंचाते हैं। चौंकाने वाली खतरनाक बात यह है कि ये संदिग्ध आरोपी किसी एक खास वर्ग या पृष्ठभूमि से नहीं हैं बल्कि जासूसी के आरोप में गिरफ्तार इन लोगों में व्यवसायी, यूट्यूबर, छात्र, सुरक्षा गार्ड, दिहाड़ी मजदूर तक शामिल हैं, जिन्होंने संवेदनशील जानकारी इकट्ठा करने और उसे दुश्मनों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एप और जेल के कैदियों तक का इस्तेमाल किया, जिसमें से कुछ को उनकी गतिविधियों के लिए पैसे भी मिले। उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया व्यवसायी शहजाद हो, यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा हो, परास्नातक छात्र देवेंद्र सिंह ढिल्लन हो, मुर्तजा अली, गजाला, यामीन हो या फिर अन्य खतरे की घंटी बजाने वाली बात यह है कि ये वे चेहरे हैं जो रोजमर्रा की जिंदगी में हमारे आसपास ही होते हैं। यह विविधता इस खतरे की गंभीरता को भी रेखांकित करती है कि अब दुश्मन किसी खास प्रोफाइल को नहीं बल्कि समाज की कमियों, 'आसान पहुंच' और 'सूचना की उपलब्धता' को प्राथमिकता दे रहा है और लगातार हमारी सैन्य, तकनीकी और रणनीतिक जानकारियां हासिल करने के प्रयास में लगा है। संभव है कि आर्थिक तंगी, शारीरिक सुख, दबाव या दिखावा भरी जिंदगी के लालच ने इन लोगों को गलत राह पर धकेला हो लेकिन यह स्थिति हमारे समाज और मनुष्य की अंतर्निहित कमियों की ओर इशारा तो करती ही है। इन संदिग्धों पर शिकंजा कसने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ होनी चाहिए लेकिन यह केवल शुरुआत है। हमें यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट ने जहां आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं इस तरह की आशंकाओं को और बढ़ाया है कि खतरा सिर्फ पकड़े गए लोगों से नहीं बल्कि जाने ऐसे कितने लोगों से है। सुरक्षा एजेंसियां तो अपनी मुस्तैदी दिखाकर ऐसे भेदियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगी ही नागरिकों से लेकर समाज का भी कर्तव्य है कि वे अपने आसपास के लोगों पर नजर रखें और उनकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी सुरक्षा बलों को दें। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता इसलिए ऐसे लोगों को उनके गुनाहों की सख्त सजा दिलवाने के साथ-साथ आईएसआई समर्थित जासूसी नेटवर्क को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। सुरक्षा व्यवस्था की पुनर्समीक्षा के साथ-साथ जन-जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि हम इसकी जड़ में जाएं तो देश के साथ गद्दारी के ये आरोपी कहीं न कहीं हमारी व्यवस्था के मारे हुए हैं। भारत के सादा जीवन उच्च विचार को पूरी तरह ध्वस्त कर बनावटी और दिखावटी समाज आज की फ़िल्में और टीवी चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया बना रहा है जो सेल्फी, महंगे बाइक, महंगी गाड़ियों, पार्टी और दिखावा भरी जिंदगी को बढ़ावा दे रहीं हैं। इसकी शिकार फिल्म इंडस्ट्री खुद सबसे पहले हुई और पतन या कलंक की कई कथाएं प्रकाश में आईं। आज भारत के अधिकांश लोग साइकिल, रिक्शा, या ऑटोरिक्शा पर चलने वाले ईमानदार लोगों को वो सम्मान नहीं देते जो दिखावटी शान-ओ-शौकत वाले लोगों को देते हैं भले ही उसने किसी भी उल्टे-सीधे तरीके से पैसे कमाए हों। इसी का परिणाम है लोग जाने अनजाने देश तक बेचने को तैयार हो रहे हैं इनकी गद्दारी साबित हो तो ऐसी सजा मिले कि लोग याद करें और वो कारण भी दूर हों जिसके कुचक्र में फंसकर देश के साथ गद्दारी भी सही लगने लगे।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# राज्य में इस वर्ष समय से पूर्व दस्तक दे सकता है मॉनसून

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में इस बार मॉनसून समय से पूर्व आ सकता है। इस बार मॉनसून के झारखंड में आने की संभावना 10 से 12 जून है, जबकि हर वर्ष मॉनसून 15 जून के बाद आता है। इसका कारण है कि इस वर्ष केरल में मॉनसून समय से पहले 25-27 मई तक पहुंच सकता है। वहां मॉनसून आने को लेकर सारी परिस्थितियां बन गई हैं। हालांकि, केरल में मॉनसून आने की सामान्य तिथि 01 जून है। ज्ञात हो कि झारखंड में पिछले वर्ष मॉनसून 21 जून को पहुंचा था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि इस बार केरल में मॉनसून के दस्तक देने की परिस्थितियां पॉजिटिव बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केरल में इस बार मॉनसून 25-27 मई तक पहुंचने की सम्भावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, इस बार झारखंड सहित कई मध्यवर्ती राज्यों में प्री मॉनसून की बारिश भी समय से पूर्व हो रही है। मॉनसून के समय से पहले आने की सभी परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्री मॉनसून की अच्छी बारिश हुई। रांची में 29.2 मिमी बारिश हुई। राज्य में सबसे अधिक बारिश देवघर के सिकटिया में 53.6 मिमी रिकॉर्ड किया गया।



- प्री मॉनसून की बारिश भी समय से पहले हो रही है

शेष पेज 11 पर

## दुर्गा सोरेन को सीएम ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता एवं पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पर सीएम हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन पहुंची। वहीं स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों और असहायों की माता थीं : अन्नपूर्णा देवी

- सनातन मान बिंदुओं का कराया पुनरुद्धार
- महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुधारों के लिए किए अनेक कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती भाजपा रांची ग्रामीण जिला द्वारा नगड़ी में आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों,असहायों की माता थीं। उन्होंने जीवन पर्यंत एक शासक के रूप में नहीं बल्कि भगवान शिव की प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा की। वे अपने हस्ताक्षर भी भी भगवान शिव के निर्देशानुसार लिखती थीं। कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली रानी अहिल्याबाई होलकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा के कारण राज परिवार में ब्याही गईं। अपने जीवन काल में विषम परिस्थितियों का उन्होंने सामना किया और राजकाज भी संभाला। कहा कि 30 वर्षों के शासन में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए जो स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कहा कि उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए,बिना संतान की विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त कर लेने की नीति समाप्त की,विधवाओं को गोद लेने की स्वतंत्रता दी,विधवा पुनर्विवाह का नैतिक समर्थन किया, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया, महिलाओं बच्चों केलिए विशेष सुरक्षा कानून बनाए,महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया।

अन्नपूर्णा ने कहा कि आज भारत को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा नेतृत्व मिला है जो रानी अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर आगे बढ़ते हुए गांव गरीब किसान, दलित वंचित समाज की सेवा कर रहा साथ ही भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करने केलिए कार्य कर रहा। कहा कि जनधन खाता हो या उज्जवला योजना के गैस सिलिंडर,किसान सम्मान निधि हो या गरीब कल्याण अन्न योजना। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर आयुष्मान योजना सभी गरीबों बीके कल्याण को समर्पित हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति बन चुकी है। राम मंदिर का निर्माण हो या बाबा विश्वनाथ ,उज्जैन महाकाल मंदिर कोरिडोर सभी भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करते हैं। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री मनोज महतो वाजपेयी, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण भगत, पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम सहित अन्य मौजूद थे।

### फर्जी बिक्री पट्टा पर बैंक से 5.61 करोड़ की ठगी

## 2 बैंक अफसर समेत 7 पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फर्जी बिक्री पट्टा पर बैंक से 5.61 करोड़ ठगी, 2 बैंक अफसर समेत 7 पर कोर्ट ने लिया संज्ञान रांची, संवाददाता। फर्जी बिक्री पट्टा पर जमशेदपुर स्थित इंडियन बैंक की मुख्य शाखा से 5.61 करोड़ रुपए ऋण लेने से जुड़े मामले में दो बैंक अधिकारी समेत सात के खिलाफ मुकदमा चलेगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने मामले में अभियोजन स्वीकृति आदेश मिलने के बाद संज्ञान लिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया गया है। मामले में तत्कालीन इलाहाबाद बैंक सह वर्तमान में इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक साकेत कुमार, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक अजय कुमार गुप्ता, राजेश्वरी आयरन स्टील कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तथा इसके निदेशक लालपुर निवासी सुमित कुमार केजरीवाल, आशा केजरीवाल, अमित कुमार केजरीवाल और अभित कुमार सिंह के खिलाफ संज्ञान लिया है। सुनवाई की अगली तारीख 26 जून निर्धारित की गई है। इन लोगों के खिलाफ कोर्ट ने भादवि की धारा 120बी के साथ-साथ 420, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13 1डी के तहत कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

## नए आपराधिक कानून पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। यह बैठक एडीजी आधुनिकरण की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। इस उच्च-स्तरीय बैठक में रांची जोन के आईजी (महानिरीक्षक), सभी रेंज के डीआईजी (उप महानिरीक्षक), सभी जिलों के एसपी (पुलिस अधीक्षक), आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के एसपी और रेल एसपी शामिल हुए।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का बड़ा एक्शन, कहा

# नकली दवा बेचने वाले दोषियों को मिलेगी सजा

- राज्य में जल्द खुलेंगे फूड और मेडिसिन टेस्टिंग लैब : डॉ इरफान अंसारी
- क्यूआर कोड के बिना नहीं बिकेगी दवा
- बिना रजिस्ट्रेशन की दवा मिली तो दुकान सील

**नवीन मेल संवाददाता**

### कफ सिरप का दुरुपयोग युवा पीढ़ी को कर रहा है नष्ट



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बाजार में बिक रहे कई कफ सिरप में पाया जाने वाला कोडीन और अल्कोहल युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा है। यह कफ सिरप दवा के नाम पर ज़हर बन चुका है, जो ब्रेन और लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मंत्री ने कहा कि कफ सिरप का दुरुपयोग कर युवा पीढ़ी को नष्ट किया जा रहा है, जिसे हर हाल में रोका जाएगा। सभी मेडिकल दुकानों को निर्देश दिया गया है कि बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के यह सिरप बेचना अपराध होगा, और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड में नकली दवाइयों के कारोबार पर अब कड़ा एक्शन लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कर दिया है जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो दवा माफिया हो या भ्रष्ट अधिकारी।

डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अब क्यूआर कोड ही नकली और असली दवा के बीच की दीवार बनेगा।सरकार ने बड़ी पहल करते हुए 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया है। अब पेनकिलर, बुखार की दवा, प्लेटलेट बढ़ाने वाली दवाएं, शुगर व थायरॉयड की दवाएं, गर्भनिरोधक व विटामिन सप्लीमेंट्स जैसी प्रमुख दवाएं क्यूआर कोड के बिना बाजार में नहीं बिकेंगी। यह कोड हर दवा की असली पहचान, निर्माता, बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी तारीख की जानकारी देगा – जिससे नकली दवा की पहचान तुरंत हो सके।

सभी मेडिकल दुकानों को साफ निर्देश दिया गया है अगर बिना रजिस्ट्रेशन वाली कोई दवा पाई गई, तो दुकान का लाइसेंस तुरंत रद्द होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी बड़े मॉल, होटल और रेस्टोरेंट में बिक रहे फूड प्रोडक्ट्स की जांच होगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट, एक्सपायरी और गुणवत्ता की अनदेखी करने वालों पर तत्काल छापेमारी और कानूनी कार्रवाई होगी।

### ड्रग इंस्पेक्टर हों सतर्क

राज्य के सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जांच करें। नकली दवा बरामद होने पर सीधी कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो अधिकारी एक ही जगह पर वर्षों से जमे हैं, वे व्यवस्था को सड़ा रहे हैं। अब उनका तबादला होगा। मिलीभगत और भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं। जल्द ही दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में अत्याधुनिक फूड एवं मेडिसिन टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएंगे। अब दवाओं और खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट राज्य में ही उपलब्ध होगी - बिना देरी के, बिना गड़बड़ी के।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया में

## आतंकवाद पर मलेशिया से मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लीमा 2025 के पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया के रक्षा मंत्री याब दातो सेरी मोहम्मद खालिद बिन नॉर्डिन से मुलाकात की। उन्होंने चल रहे रक्षा सहयोग और हमारे देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। आरआरएम ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति को दोहराया और मलेशिया का समर्थन मांगा। मलेशिया ने सभी मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

वहीं लीमा 2025 में इंडियन नेवी के जहाज कवरत्ती पर मलेशिया के उप रक्षा मंत्री वाईबी अदली बिन ज़हारी का स्वागत किया। कवरत्ती पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं के नेतृत्व में स्वदेशी निर्माण, कौशल और रक्षा उद्योग की बढ़ती क्षमताओं का प्रतिबिंब है। रक्षा सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के अवसरों पर और बेहतर कार्य और शोध करने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## राज्य के सभी विश्वविद्यालय में प्रो-वीसी नियुक्त करें राज्यपाल : डॉ सूरज मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मांग की है कि झारखंड के प्रत्येक विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति की अविलंब नियुक्ती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से प्रत्येक विश्वविद्यालय में न केवल प्रशासन एवं प्रबंधन दुरुस्त होगा बल्कि कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी और पठन-पाठन बेहतर होगा. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात के दौरान डॉ. मंडल ने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा की बेहतर स्थिति न केवल छात्र-छात्राओं या संपूर्ण शैक्षणिक जगत के हित में है बल्कि कुल मिलाकर झारखंड के सभी लोगों के तीव्र गति से सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी यह आवश्यक है. डॉ. मंडल ने कहा कि इतिहास में इस बात के प्रमाण भरे पड़े हैं कि जहां भी उच्च शिक्षा की स्थिति कमजोर हुई है वहां उसका खामियाजा न केवल पूरे समाज या प्रदेश को भुगतना पड़ा है बल्कि आर्थिक विकास भी धीमा हो गया। डॉ. मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार उच्च शिक्षा के मामले में पूरी तरीके से उदासीन है और उसका नकारात्मक और निराशाजनक रवैया पूरी तरह स्पष्ट है। हर एक मामले पर राज्य सरकार, राजभवन के साथ टकराव का रवैया अख्तियार कर रही है।

## झारखंड के कई विभागों में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं : विजय शंकर नायक



**रांची।** आईएएस विनय कुमार चौबे व गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी हेमंत सोरेन व पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करती है। उक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई विभागों में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। डॉ प्रदीप कुमार, पूजा सिंघल, छवि रंजन जैसे अन्य आईएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी इसकी गंभीरता को दर्शाती है। श्री नायक ने कहा कि 2022 की उत्पाद नीति के तहत नकली होलोग्राम और अवैध शराब उत्पादन से राज्य को 38 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सात प्लेसमेंट एजेंसियों को मनमाने ढंग से ठेके दिए गए। हेमंत सरकार की चुप्पी सवाल उठाती है तो भाजपा सरकार के मुख्य मंत्री रघुवर दास की भूमिका भी संदेहास्पद लगता है। उन्होंने कहा कि हेमंत और रघुवर की सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर जनता के साथ विश्वासघात किया है। आज उत्पाद, ग्रामीण विकास, भवन,पेयजल, स्वास्थ्य, भूमि जैसे विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार होने के कारण जनता के जन सुविधाओं को प्रभावित किया है।

### झारखंड शराब घोटाले पर बाबूलाल मरांडी ने कहा

## झारखंड में दिल्ली से भी बड़ा शराब घोटाला हुआ

- मुख्यमंत्री सीबीआई जांच की अनुशंसा करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री मरांडी बुधवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि शराब घोटाले की परत जिस प्रकार से रोज खुल रही है उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि झारखंड में दिल्ली से भी बड़ा शराब घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आगाह किए जाने के बावजूद कार्रवाई से बचते रहे। उससे यह स्पष्ट हो रहा कि यह घोटाला हुआ नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से कराया गया है जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं शामिल हैं । उन्होंने कहा क झारखंड में दिल्ली से भी बड़ा शराब घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को पत्र लिखने के बावजूद सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। उन्हें पता था गड़बड़ हो रहा लेकिन गड़बड़ी रोकने के बजाय उसमें साथ दिया और उससे होने वाले उपार्जन का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जिन कंपनियों का नाम पत्र में लिखा था उन्हें निविदा मंजूर की गई,काम मिला। श्री मरांडी ने कहा कि 2022 में पत्र लिखकर आगाह करने के बाद भी 2025 तक मुख्यमंत्री ने क्यों लूट होने दी,क्यों कार्रवाई नहीं की। कहा कि मुख्यमंत्री की नींद तब खुली जब 27 सितंबर 2024 को अखबार में खबर छपी कि शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ में झारखंड के आईएएस अधिकारी विनय चौबे और मुकदमा दर्ज हुआ है। तब झारखंड सरकार में बैठे लोगों के कान खड़े हुए।जांच का भय सताने लगा ।इसलिए आनन फानन में अक्टूबर 2024 में प्राइमरी इन्क्वायरी सेटअप की गई। लेकिन इस समय भी एफआइआर दर्ज नहीं हुआ। इससे स्पष्ट है कि घोटाले पर पर्दा डालने और बड़ी मछलियों को बचाने केलिए छत्तीसगढ़ सरकार की कार्रवाई के बाद हड़बड़ी ने जांच प्रारंभ हुई जो पूरी तरह से सोची समझी साजिश है। यह ध्यान देने वाली बात है कि कल ही एसीबी ने विनय चौबे पर एफआईआर दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया।

श्री मरांडी ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो रहा कि अवैध तरीके से क्यों डीजीपी को रखा गया है। कहा कि संवैधानिक रूप में विगत 21 दिनों से झारखंड डीजीपी विहीन है। लेकिन एक योजना के तहत अवैध डीजीपी से अवैध काम लिया जा रहा है। कहा कि इस घोटाले के पहले भी राज्य के दो अंचलाधिकारी मनोज कुमार और शैलेश एक घोटाले में ईडी के गवाह हैं। एसीबी ने मुकदमा दर्ज किया छापेमारी की ताकि मामले को लटकाया जा सके ।और अब गवाहों को धमकी दी जा रही कि गवाही से मुकर जाओ नहीं तो कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक जमीन से जुड़ा बड़ा मामला है जिसमें तीन लोग उमेश टोप्पो, राज लकड़ा, प्रवीण जायसवाल प्रमुख गवाह हैं।

## बेदाग हैं हेमंत तो घोटाले की जांच सीबीआई से कराएं : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती दी है कि अगर उनकी सरकार शराब घोटाले में शामिल नहीं है तो घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करें। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में प्राथमिकी दर्ज कर और अफसरों को गिरफ्तार कर एसीबी ने इतिहास रच दिया। श्री महतो ने कहा कि इस बात पर विश्वास करना असंभव है कि मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की सहमति के बगैर ही अफसरों ने नीतिगत बदलाव कर लिया ताकि घोटाला किया जा सके। स्पष्ट है कि सीबीआई जांच होगी तो मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री भी लपेटे में आएंगे। इसी कारण आईएएस विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को बलि का बकरा बनाया गया है ताकि मुख्यमंत्री और मंत्री को बचाया जा सके। श्री महतो ने कहा कि इस सरकार की असलियत अब जनता के सामने आनी शुरू हो गई है और इसका हाल भी दिल्ली की केजरीवाल सरकार की तरह ही होने वाला है। श्री महतो ने कहा कि विपक्ष द्वारा लगातार इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा कि अधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अप्रैल 2022 में निकाली गई निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर छत्तीसगढ़ की कंपनी को काम दिया गया ताकि झारखंड और छत्तीसगढ़ के संगठित सिंडिकेट को अवैध कारोबार का मौका दिया जा सके। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष सितंबर 2024 में छत्तीसगढ़ में विनय चौबे पर मुकदमा दर्ज होने के बाद झारखंड में हड़बड़ी में प्राइमरी इंक्वायरी गठित की गई, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई।

### मादक पदार्थों को रोकने के लिए मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का दूसरा दिन, बोले राहुल पुरवार

# युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकालना है बाहर

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच "नशामुक्त झारखंड हो अपना"

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड को नशामुक्त करना है और इस दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर ये प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि कैसे वे अपने - अपने जिले में जाकर समन्वय स्थापित करते हुए लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि नशा के दुष्प्रभाव क्या-क्या हैं। हमें झारखंड के युवाओं को नशा के गिरफ्त से उन्हें बाहर निकालना होगा। उक्त बातें राहुल पुरवार ने डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में चल रहे निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को ड्रग एब्यूज अवेयरनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं। दूसरे दिन उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल के विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पुलिस विभाग के भी अधिकारी मौजूद रहे।

22 मई को संथाल परगना और 23 मई को कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

### युवाओं को ड्रग्स के दुष्प्रभाव से करना होगा जागरुक

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंटेलिजेंस ऑफिसर कुमार मनोहर मंजुल ने कहा कि यूथ अफीम, कोकीन, हेरोइन, गांजा, कफ सिरप ,व्हाइटनर ,डेंड्राइट आदि अन्य मादक पदार्थों के सेवन से वे अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं। हमें अपने रोल को समझना होगा। युवाओं में ड्रग्स के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में उन्हें जागरूक करना होगा। न्यू ट्रेंड ऑफ ड्रग्स को समझना होगा कि आख़िर युवा किन माध्यमों और विभिन्न दवाओं के मिश्रण कर उसे ड्रग्स (नशा) के रूप में उपयोग में लाते हैं और उन्हें उनके इस्तेमाल से होने वाले नुक़सान के बारे में बताना होगा।

### रिनपास में मुफ्त में किया जाता नशा के आदी का इलाज

रिनपास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सजल आशीष नाग ने बताया कि कैसे और किन कारणों से युवा ड्रग्स की शुरुआत करते हैं। माहौल और गलत संगत के कारण ड्रग्स के आदी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि नशा लेने के कारण उनके व्यवहार में बदलाव आ जाता है। पढ़ाई में मन नहीं लगता है ,एकांतप्रिय हो जाते हैं। सुसाइडल टेंडेंसी आ जाती है। फ्रेंड्स सर्किल चेंज हो जाते है। उन्होंने नशा से बचने के उपायों के बारे में भी जानकारी दी । उन्होंने कहा कि रिनपास में नशा के आदी लोगों का इलाज कर नशा छुड़ाने में मदद की जाती है । रिनपास में इसका मुफ्त इलाज किया जाता है ।

### कलेक्टिव सपोर्ट से निकल कर आते हैं बेहतर परिणामा

यूनिसेफ के मृत्युंजय नायक ने नशे की रोकथाम में संचार और समुदायगत सक्रियता की भूमिका के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे कलेक्टिव सपोर्ट से बेहतर परिणाम निकल कर आ सकता है।

### जागरुकता कार्यक्रम का प्लान

सिनी के सुभादीप अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे सत्र में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरुकता कार्यक्रम को कैसे सफल बनाएं इसके आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

### चुनाव आयोग से भाजपा की मांग

## रद्द हो विधायक श्वेता सिंह की सदस्यता

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा ने बोकारो की विधायक श्वेता सिंह की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उन पर जान-बूझकर कई तथ्यों को छुपाने का आरोप है। झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की अगुवाई में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। शिकायत के समर्थन में कई दस्तावेज भी सौंपे हैं। इसके आधार पर श्वेता सिंह के खिलाफ दिए गए सबूतों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। साथ ही अपील की गई है कि केंद्र सरकार को निर्वाचन आयोग पूरी पारदर्शिता से चुनाव कराने का निर्देश देता है, उसके दिशा-निर्देशों और अन्य कानूनों का पालन करते हुए श्वेता सिंह के खिलाफ समुचित कार्यवाही कर उनकी सदस्यता (विधानसभा) समाप्त की जाए।

### श्वेता सिंह पर गैरकानूनी काम करने का आरोप

झारखंड भाजपा ने श्वेता सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने गैर-कानूनी काम किए हैं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के समय सूचना को छुपाया है। बीएसएल के द्वारा श्वेता सिंह को आवंटित क्वार्टर का नो ड्यूज सर्टिफिकेट संलग्न नहीं करके शपथ पत्र के साथ गलत जानकारी दी है। श्वेता सिंह पर आरोप है कि उनके नाम से 4 मतदाता पहचान पत्र हैं। उनके नाम से 2 पैन कार्ड भी हैं। भाजपा ने कहा है कि ये गंभीर अपराध हैं।

भाजपा ने कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आधार कार्ड में भी जरूर छेड़छाड़ हुआ होगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि आधार कार्ड भी झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश से बनवाया गया है। ऐसे प्रकरण में श्वेता सिंह के खिलाफ ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला बनता है। उपरोक्त अनुच्छेद 191/192 के तहत श्वेता सिंह की सदस्यता (विधानसभा) को तत्काल रद्द किया जा सकता है।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## झारखंड के 3 अमृत स्टेशन




राजमहल



शंकर पुर



गोविन्दपुर रोड

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल , झारखंड

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री , झारखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें

www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें /RailMinIndia

# डोरंडा कॉलेज के छात्र कुलपति से मिले



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में अमानत कोर्स सत्र 2024 - 25 के छात्रों ने कुलपति से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। वहीं कहा कि लगभग 8 महीने बीत जाने के बाद मात्र 5 क्लास हुई है। इस कोर्स के लिए शिक्षक भी उपलब्ध नहीं है। मिड सेमेस्टर हो या इंड सेमेस्टर कुछ पता नहीं है। इन सभी विषयों को कुलपति को अवगत कराया । कुलपित ने प्रिंसिपल से मामले की जानकारी ली और अविलंब शिक्षक की कमियों को दूर कर क्लास शुरू कर कोर्स को पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं परीक्षा नियंत्रक को भी कोर्स पूरी होने के बाद तुरंत अमानत की एग्जाम लेने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, अनिकेत कुमार, रोशन नायक,सक्षम झा,पवन सिंह, सौरभ शर्मा,राजेश सिंह,रवि रोशन,राज कुमार, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## टेस्ट ड्राइव का झांसा देकर अपराधी गाड़ी लेकर फरार

**रांची।** कडरू हज हाउस के पास दुकानदार मो शमीम से टेस्ट ड्राइव का झांसा देकर उनकी बुलेट बाइक लेकर अपराधी फरार हो गया। घटना 16 मई की है। इस संबंध में हिंदपीढ़ी निवासी मो शमीम ने शिवम कुमार नामक अपराधी के विरूद्ध अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शमीम ने पुलिस को बताया कि 16 मई को शिवम अपने एक साथी के साथ उनकी दुकान में पहुंचा। बुलेट बाइक खरीदने की इच्छा जताई। टेस्ट ड्राइव के लिए दोपहर डेढ़ बजे बुलेट लिया और लेकर फरार हो गया। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो खोजबीन की गई। मगर, उसका कुछ पता नहीं चला।

# जब एक नारी शिक्षित होती है तो पूरा समाज शिक्षित होता है: राज्यपाल

- जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे राज्यपाल, राज्य भर से 387 आचार्यों की रही उपस्थिति

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय चिंतन, संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा को जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आपके कार्यों के बारे में पहले भी सुना था और समझता था, लेकिन आज प्रत्यक्ष रूप से देखकर बहुत खुशी हुई। राज्यपाल बुधवार को विद्या विकास समिति की ओर से आयोजित आचार्य प्रशिक्षण केंद्र में जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे। रांची के नगड़ी स्थित कुदलुंग में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 387 आचार्यों की उपस्थिति रही।

राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और महिला आचार्याओं की उपस्थिति को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज शिक्षित होता है और यहां का दृश्य जनजातीय समाज में शिक्षा की गहरी जड़ें और महिलाओं की अग्रणी भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्या विकास समिति के अंतर्गत झारखंड में 213 औपचारिक विद्यालय और 209 सरस्वती संस्कार केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा सुलभ कराया जा रहा है, नगर की उपेक्षित बस्तियों में संस्कार युक्त निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जा रही है, यह अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने इसे सशक्त सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समाज के शिक्षित युवक-युवतियां अपने गांव और समाज के बच्चों को न केवल अक्षर और अंक ज्ञान, बल्कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण संस्कारों की शिक्षा दे रहे हैं। राज्य के 264 प्रखंडों से आए आचार्यों की सहभागिता को उन्होंने राष्ट्रीय चेतना के जागरण के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री का जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना में झारखंड को प्रमुखता दी जा रही है।

राज्यपाल ने 'विद्या भारती' की उस संकल्पना की सराहना की, जिसमें यह स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी मूल्यपरक शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने आचार्यों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में केवल शिक्षक नहीं, बल्कि संस्कारों के संवाहक बनें।

उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, परंतु जो दूसरों के लिए जीते हैं, वही वास्तव में जीते हैं। समाज ऐसे लोगों को सदैव स्मरण रखता है, जो अपने जीवन को समाज के उत्थान के लिए समर्पित करते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### यूपीएससी परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 25 मई को आयोजित की गई है। यह परीक्षा रांची जिला के विभिन्न 48 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली में 09:30 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे पूर्वाह्न तथा द्वितीय पाली में 02:30 बजे अपराह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए मिला कराटे का प्रशिक्षण



**रांची।** कांके स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बालिकाओं को आत्मरक्षा के लए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कराटे प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित कराटे प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय की 350 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को द्वितीय स्तर का प्रशिक्षणोपरान्त ऑरेन्ज बेल्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सुरभि सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय की वार्डेन, शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक 25 को

**रांची।** अपने अस्तित्व और पहचान के लिए पूरे झारखंड के लोहार एक मंच पर आएंगे। विदित हो झारखंड राज्य के कोने-कोने मे पूरे क्षेत्र के लोहार जाति अपनी पुस्तैनी लोहे का काम करते हुए अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान समय में अपने आप को विश्वकर्मा के वंशज मानते हुए लोहे को विभिन्न प्रकार के आकार देकर घरेलू उपयोग में आने वाले सामग्री का निर्माण करते हैं। लोहार जाति भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजाति में दर्ज है लेकिन झारखंड सरकार लोहार जाति को लोहार और लोहारा में बांटकर लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सुविधा से वंचित कर रखा है। इन सभी मुद्दों को लेकर झारखंड के लोहार भाई 25 मई को झारखंड विधानसभा के पुराने सभागार में विश्वकर्मा लोहार समाज झारखंड प्रदेश के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है।

### उज्ज्वला योजना के सिलेंडर रिफिल नहीं कराने वालों की होगी पहचान

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को उज्ज्वला योजना से जुड़ी जिला स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में यह बात सामने आई कि जिले में कई लोगों ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन उसके बाद कभी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया। ऐसे लाभार्थियों की अब पहचान की जाएगी और उनका केवाईसी कराया जाएगा, ताकि योजना का सही लाभ मिल सके। साथ ही जिन लोगों की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है, उन्हें जल्द जारी करने का भी निर्देश दिया गया।

### एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रांची महानगर का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति से मिला। छात्र संबंधी विषयों व परिसर में एबीवीपी की आगामी गतिविधियों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे महानगर मंत्री तुषार दुबे ने रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) में नए सत्र की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने और सभी कॉलेजों में नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 पर संगोष्ठी आयोजित करने के मांग की। डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से एनईपी के संबध में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का असमंजस दूर करने के लिए संगोष्ठी कराने, खिलाड़ियों के लिए खेल के उचित अवसर व सामग्री प्रदान करने आदि विषयों पर चर्चा की। साथ ही, दोनों विश्वविद्यालयों में पशु-पक्षियों के लिए जल की व्यस्था के लिए सकोरा लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में रोशनी मुंडा, संजना राज, साक्षी भगत, गोपाल चौहान, गौतम कुमार, सुनील कुमार व अन्य शामिल थे।

### गाड़ी खरीदने का झांसा देकर आठ लाख की ठगी, मामला दर्ज

**रांची।** कडरू स्थित श्रीराम फाइनांस लिमिटेड कंपनी से गाड़ी खरीदने का झांसा देकर करीब आठ लाख रुपए की ठगी की गई है। इस संबंध में कंपनी के शाखा प्रबंधक गौरव कुमार ने अमित श्रीवास्तव और गारेंटर सागर कुमार के विरूद्ध अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शाखा प्रबंधक ने आवेदन में कहा कि अमित श्रीवास्तव ने उनकी कंपनी से 4.70 लाख की गाड़ी खरीदने के लिए लोन लिया, जिसका ब्याज 3.12 लाख से अधिक है। राशि लेने के बाद अमित ने न तो गाड़ी खरीदी और न ही पैसे ही कंपनी को लौटाए। कई बार नोटिस के बाद भी आरोपियों ने कंपनी को कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुट गई है।

### रांची से जायरीनों का जत्था मुंबई गया

**रांची।** रांची से बुधवार को सात जायरीनों का जत्था हज यात्रा के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना हुआ। मुंबई से इनका विमान 23 को जेद्दा के लिए उड़ान भरेगा। जत्था में सर्जन डॉ एम सिबगतुल्लाह, उनकी पत्नी उजमा इब्राहिम, इकबाल, सलमा खातून, रहमती परवीन, जुल्फिकार, रेशमा खातून, काशिफ शामिल हैं। इन्हें एयरपोर्ट में विदाई देने वालों में सालेहा खातून, डॉ हम्जा, शबाना परवीन, जैनुल आब्दीन, कुतुबुद्दीन, मौलाना हामिद कासमी, कौसर परवीन, डॉ कौसर, नाजिया, शाहिद सहित अन्य शामिल थे। उधर, बीती रात लोक सेवा समिति के अध्यक्ष हाजी नौशाद खान अपनी पत्नी के साथ हज यात्रा के लिए रवाना हुए। उन्हें विदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन में परिवार के लोग पहुंचे थे।

# अभामामस रांची शाखा ने दो स्थानों पर लगाई स्थाई प्याऊ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस) रांची शाखा ने दो स्थानों पर ठंडे पानी की मशीन की व्यवस्था की गई। प्याऊ लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गर्मी में राहत मिल सके एवं उन्हें शुद्ध स्वच्छ एवं ठंडा पानी मिल सके। पहला प्याऊ एलईबीबी हाई स्कूल में लगाया गया जिसका उद्घाटन उषा अग्रवाल ने किया। वहीं दूसरा प्याऊ हिंदपीढ़ी के फर्स्ट स्ट्रीट स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में लगाया गया, जिसका उद्घाटन सुनीता सरावगी एवं सुनील सरावगी ने किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भजन एवं गाना गाकर एवं शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ को और सुनीता सरावगी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस नेक कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थाई प्याऊ लगने से सभी को शुद्ध जल हमेशा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अंशु नेवटिया, नैना मोर, प्रांतीय उपाध्यक्ष अलका सरावगी, उर्मिला पाड़िया, वीणा मोदी, कुसुम पटवारी, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, मंजू तुलस्यान, रीना सुरेखा, नूपुर सरावगी के अलावे अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

## डोरंडा में दो पक्षों में विवाद मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** डोरंडा थाने की पुलिस ने पत्थर रोड में दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में बुधवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। आरोपियों में मो आजाद, शाहनवाज उर्फ रिंकू और मो आफताब शामिल हैं। सभी आरोपी डोरंडा के ही रहने वाले हैं। हालांकि, डोरंडा पुलिस ने दूसरे पक्ष से एक भी लोगों को गिरफ्तार नहीं की है। इसे लेकर लोग आक्रोशित हैं। बीते मंगलवार को डोरंडा पत्थर रोड में गाड़ी से दीवार क्षतिग्रस्त होने के बाद विवाद हो गया था। सैफ नामक युवक को लोगों ने पीटकर सिर फोड़ दिया था। इसके विरोध में सैफ और उसके परिजनों ने खटाल संचालक के घर पर हमला किया। महिला समेत मौजूद लोगों की जमकर धुनाई की थी।

# डॉ अरुण ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक से की भेंट

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत कॉलेज ऑफ़ हॉर्टिकल्चर, खूंटपानी के डीन डा. अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में नवनियुक्त सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डा. मांगी लाल जाट से औपचारिक भेंट की। डॉ अरुण कुमार सिंह रांची स्थित कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र रांची के प्रधान पद पर कार्यरत रहे हैं। इस केंद्र पर उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक अपनी सेवा प्रदान की।

अपने कार्यकाल के दौरान डा. सिंह ने लगभग 125 शोध पत्र, 4 पुस्तकें, 101 प्रसार पुस्तिकाएं और बुलेटिन लिखे हैं।

उन्होंने सब्जियों की 28 किस्में विकसित की हैं जिनमें टमाटर, बैंगन और मिर्च की उन्नत किस्में किसानों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्हें अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से विभूषित किया गया है जिनमें फखरुद्दीन अली अहमद पुरस्कार, विश्वजीत चौधरी पुरस्कार, क्रॉप रिसर्च पुरस्कार, विद्वत अलंकरण सम्मान आदि प्रमुख हैं।

# जेलों में रह रहे 26 कैदी एचआईवी और 37 टीबी पॉजिटिव मिले

**रांची।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति (जेसैक्स) के परियोजना निदेशक अबु इमरान ने जेसैक्स द्वारा राज्य की जेलों में संचालित कार्यक्रमों की बुधवार को समीक्षा की। इसमें एचआईवी, टीबी आदि बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए गठित स्टेट ओवरसाइट कमेटी की बैठक में जेलों में चलाए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के जेलों में कुल 37,702 बंदियों कि एचआईवी जांच की गयी। इसमें 26 बंदी एचआईवी संक्रमित मिले। इन सभी को निकटवर्ती एआरटी केंद्र से लिंक कर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

# शराब घोटाले में दूसरे दिन भी एसीबी की कार्रवाई, दो अफसर सहित तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने देर शाम झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन के पूर्व जीएम सुधीर कुमार और वर्तमान जीएम सुधीर कुमार दास के अलावा शराब दुकानों के लिए मैनपावर सप्लायर कंपनी 'विजन' के एक स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है।

इसके पहले एसीबी ने मंगलवार को सीनियर आईएएस अधिकारी और एक्साइज विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे एवं संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को करीब साढ़े छह घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। एसीबी की टीम ने बुधवार को एक्साइज विभाग के राज्य कार्यालय में दबिश दी और वहां कई फाइलें खंगालीं। इस दौरान झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन के पूर्व जीएम सुधीर कुमार और वर्तमान जीएम सुधीर कुमार दास से पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक की जांच में राज्य में करीब 100 करोड़ रुपए के शराब घोटाले की बात सामने आई है। इस सिलसिले में राज्य सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की अनुमति से मंगलवार को एसीबी ने एफआईआर दर्ज की है।

इससे पहले, इस मामले में ब्यूरो ने प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी (पीई) दर्ज करते हुए प्रारंभिक जांच की थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में शराब घोटाले की शुरुआत वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने के साथ ही हो गई थी। इस पॉलिसी को धरातल पर उतारने के लिए बतौर कंसल्टेंट छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार किया गया था।

## चौकीदार शारीरिक परीक्षा खेलगांव में 24 से

**रांची।** रांची जिले में चौकीदार भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच और दौड़ परीक्षा बिरसा मुंडा एथेलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में होगी। यह परीक्षा 24, 25 और 26 मई की सुबह 5.30 बजे से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को सुबह पांच बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी। रजिस्ट्रेशन का समय 5:15 बजे निर्धारित किया गया है। समय सारणी और एडमिट कार्ड जारी परीक्षा के लिए क्रमांकवार समय सारणी और योग्य अभ्यर्थियों की सूची रांची जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# गोविंदपुर रोड स्टेशन का पीएम आज करेंगे उद्घाटन

- 6.65 करोड़ से हुआ पुनर्विकास
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया पुनर्विकास
- गोविंदपुर रोड स्टेशन हटिया-राउरकेला लाइन पर स्थित है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** वर्ष 1960 में बने गोविंदपुर रोड स्टेशन का पुनर्विकास 6.65 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के विभिन्न स्टेशनों का पुनर्विकास कर आधुनिक रूप से सुसज्जित किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा एक हजार से अधिक स्टेशनों की आधारशिला 26 फरवरी 2024 को रखी थी। प्रधानमंत्री आज गुरुवार को 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसमें दक्षिण-पूर्व रेलवे का गोविंदपुर रोड स्टेशन भी शामिल है।

पुनर्विकास कार्य रिकॉर्ड समय में पूर्ण किया गया है। यह स्टेशन हटिया-राउरकेला लाइन पर स्थित है। यह रांची, खूंटी और राउरकेला जैसे बड़े शहरों से जुड़ाव सुनिश्चित करता है। इस स्टेशन से वर्तमान में तीन एक्सप्रेस ट्रेन (जम्मूतवी-संबलपुर, एलेप्पी-धनबाद और तपस्विनी एक्सप्रेस) और दो पैसेंजर (हटिया-राउरकेला व हटिया झारसुगुड़ा) ट्रेन चलती है। इस स्टेशन में चार लाइन है।

**• गोविंदपुर स्टेशन में क्या-क्या हुआ बदलाव**

गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन को आधुनिक तकनीकों और यात्री केंद्रित सोच के साथ विकसित किया गया है। ताकि, यात्रियों को अधिक सुविधा व सुरक्षा मिल सके। यात्रियों के आराम के लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है, जहां बैठने की पर्याप्त सुविधा है। कंप्यूटरीकृत टिकट बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए हाई लेवल प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, जिससे ट्रेनों में चढ़ना-उतरना आसान हो गया है।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी को सजा के साथ 57.78 लाख का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े दो अलग-अलग शिकायतवाद की सुनवाई करते हुए दोनों मामलों के आरोपी शशि भूषण सिंह को न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने दोषी करार कर दोनों मामले में एक-एक साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को 57 लाख 78 हजार 500 रुपए का मुआवजा भुगतान करने का भी आदेश दिया है। आरोपी शशि भूषण सिंह हिनू स्थित संध्या सौरव कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। आरोपी शशि भूषण सिंह ने गुरदीप सिंह सलूजा से वर्ष 2019 में 45.50 लाख रुपए का कर्ज लिया था। उक्त कर्ज को चुकता करने के क्रम में शशि भूषण सिंह ने गुरदीप सिंह सलूजा को उक्त राशि का दो चेक दिया था, जो बाउंस कर गया। इसके बाद गुरदीप सिंह सलूजा ने वर्ष 2022 में शशि भूषण सिंह और उसकी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ दोनों चेक को लेकर दो अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया था।

# राज्यपाल से गंगा दशहरा में आने का किया अनुरोध

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वयंसेवी संस्था युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर बोकारो में गंगा दशहरा पर प्रस्तावित 'देवनद दामोदर महोत्सव 2025 में आने का अनुरोध किया। यह आयोजन युगांतर भारती, दामोदर बताओ आंदोलन, नेचर फाउंडेशन आदि की ओर से हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी है। शरण ने राज्यपाल को अवगत किया कि दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय 2006 से 'देवनद दामोदर महोत्सव का आयोजन करते आ रहे हैं। शरण ने राज्यपाल को जानकारी दी कि इस वर्ष झारखंड के कुल 45 स्थलों पर 'देवनद दामोदर महोत्सव 2025 पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने राज्यपाल को नेचर फाउंडेशन के बैनर तले हर माह प्रकाशित होने वाली पत्रिका युगांतर प्रकृति की कुछ प्रतियां भेंट की जिसे राज्यपाल ने बेहद पसंद किया।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम : निजी स्कूलों में नामांकन के लिए लॉटरी

- 120 विद्यालयों में 1217 सीटों के लिए 1057 वैध आवेदनों की हुई लॉटरी
- लॉटरी के माध्यम से 92 विद्यालयों के लिए कुल 672 छात्रों का चयन

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रारंभिक कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें गरीबी रेखा के नीचे वाले परिवार के छात्रों के लिए आरक्षित होती है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के दिशा निर्देश पर नामांकन के लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त करते हुए, बुधवार को नामांकन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से सुनिश्चित किया गया। कुल 120 विद्यालयों में 1217 सीटों के लिए 1057 वैध आवेदनों के लिए लॉटरी समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, रांची सदर द्वारा की गई। लॉटरी में कुल 672 छात्रों का चयन 92 विद्यालयों के लिए किया गया। चयनित छात्रों की सूची विद्यालय के लॉगिन में नामांकन प्रक्रिया हेतु प्रेषित कर दी गई है एवं नामांकन की प्रक्रिया 10 दिनों में पूरी करनी है। लॉटरी की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अभिभावकों, विद्यालय के प्रतिनिधियों एवं मीडिया के सम्मुख की गई।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

### दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त ने विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की, कहा

# किसी भी नागरिक को बेवजह परेशान न करें

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड सभागार में सरकार के सभी सरकारी विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित कर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने आवश्यक जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ सभी आवश्यक कदम उठाएं ताकि हम लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी जनता को बेवजह परेशान न करें। समीक्षा बैठक के दौरान बैठक में अपर समाहर्ता हरिवंश पंडित, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, बीपीओ इम्तियाज खलील, लीलावती तिर्की, सांख्यिकी, कृषि, बाल विकास परियोजना, कनीय विद्युत अभियंता , बीटीएम, बीपीएम जे एस एल पी एस , 15 वां वित आयोग, पीएम आवास, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों सहित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के अलावे अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## क्वार्टर का छज्जा टूटकर गिरा, बाल-बाल बचे सीसीएल कर्मचारी और परिजन

**पिपरवार।** पिपरवार- कोयलांचल क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी के क्वाटर नंबर एमक्यू 152 का छज्जा बुधवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे अचानक टूटकर गिर गया। छज्जा टूटकर गिरने से नीचे के क्वार्टर में रहने वाले सूर्य किशोर राम, अशोका परियोजना के सिक्युरिटी इंस्पेक्टर के आवास पर गिरा, जिसका क्वाटर नंबर 148 है। क्वार्टर का छज्जा टूटकर गिर जाने से क्वाटर की चारदीवारी में रखा कुर्सी, बर्तन और अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में सूर्य किशोर राम और उनके परिजन बाल- बाल बच गए। सीसीएल कर्मचारी के परिजनों ने बताया कि अचानक छज्जा गिरने से एस्बेस्टस सीट भी पूरी तरह से टूट गया है। उन्होंने बताया कि छज्जा के जर्जर होने और उसकी मरम्मत कराने को लेकर अशोका परियोजना प्रबंधन को 24 अक्टूबर 2024 को सी आवेदन दिया था, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण छज्जा की मरम्मत नहीं होने से यह घटना घटी है, जिस क्वार्टर का छज्जा गिरा है, वह जनार्दन चौधरी मैकेनिकल फीटर का है जो पिपरवार बसंत विहार कॉलोनी क्वार्टर नंबर 152 में रहते हैं, वे लकवा पेशेंट हैं।

## आरटीआई से मांगी जानकारी उपलब्ध नहीं कराना दुखद : रंजीत



**धनबाद।** सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ससमय में सूचना उपलब्ध करवाना संबंधित विभागीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। लेकिन धनबाद जिले के अंतर्गत निबंधित कंपनी प्रबंधक अपने को नियम कानून से ऊपर मानते चले आ रहें हैं जिससे सीएसआर फंड से होने वाले सामाजिक कार्य भी भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ जाता है। उक्त बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा। झारखंडी भाषा ख़तियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष बीरु कुमार महतो के द्वारा एससीसी सिंदरी कंपनी और कुसमाटांड़ गांव में पत्थर खनन से जुड़े मामले को लेकर सूचना के अधिकार नियम के तहत सूचना उपलब्ध करवाने के लिए लिखित आवेदन दिया था। कई महीने बीत जाने के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं रंजीत कुमार महतो ने कहा कि सूचना नहीं उपलब्ध करवाना सीएसआर फंड से किए गए कार्य में भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है।

### ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

## 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ

**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ और आर्ट ऑफ गिविंग की झारखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। रांची विश्वविद्यालय वॉलीबॉल कोर्ट में आयोजित शिविर का उद्देश्य जिले के प्रतिभावाना वॉलीबॉल खिलाड़ियों को तकनीकी, बुनियादी और रणनीतिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारा जा सके। शिविर का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्रीगुरु चरण साहू, सीसीडीसी प्रकाश झा, अजय प्रकाश, नवीन चंचल, डॉ राजेश गुप्ता, चंचल भट्टाचार्य, भोला प्रताप सिंह, उत्तम राज समेत अन्य उपस्थित थे. प्रशिक्षक संजय कुमार और संजय ठाकुर ने खिलाड़ियों को बेसिक स्किल्स, खेल की रणनीतियां, टीम भावना, फिटनेस तकनीक और मानसिक दृढ़ता का प्रशिक्षण देंगे। मौके पर मुख्य अतिथि अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल जीवन निर्माण का सशक्त माध्यम है।

### खलारी के बीओसी में निर्माण स्थल पर नकाबपोश अपराधियों का धावा

# कंपनी के कर्मी को बट से मारा, की हवाई फायरिंग

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीओसी कालोनी में अस्थाई क्वार्टर निर्माण साइट पर दो हथियारबंद नकाबपोश ने धावा बोल दिया। जानकारी के अनुसार सीसीएल की आउटसोर्सिंग कंपनी जाय माइनिंग के अधिनस्त कंपनी एमएसडी द्वारा बीओसी में अस्थाई क्वार्टर का निर्माण किया जा रहा है।

सोमवार रात करीब आठ बजे दो नकाबपोश हथियारबंद निर्माण स्थल पर पहुंचे और मजदूरों से पूछताछ करने लगे। मजदूरों से साइट इंचार्ज के बारे में पूछकर निकट में ही उसके साइड स्थित घर पर गए। कंपनी का एक व्यक्ति अमानतुल्लाह जैसे ही घर के बाहर निकला अपराधियों ने पहले उस पर हथियार तान दिया फिर पूछताछ करते हुए हथियार के बट से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने काम बंद करने कहा तथा काम शुरू करने से पहले 'ऋषिकेश जी' से बात करने का हिदायत दिया।

इसके बाद अपराधी हवाई फायर करते हुए चलते बने। इस घटना से साइड पर काम में लगे मजदूरों में दहशत का माहौल बन गया। डरे सहमे मजदूरों ने रात साढ़े दस बजे खलारी थाना पुलिस को सूचना दी। रात करीब 11 बजे पुलिस वहां पहुंची।

### हवाई फायरिंग की सूचना है: थाना प्रभारी

खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने कहा है कि बीओसी में अज्ञात द्वारा हवाई फायरिंग की सूचना मिली है। घटना स्थल पर फायरिंग किया गया एक खोखा मिला है। निर्माण कंपनी द्वारा अभी तक लिखित शिकायत नहीं दी गई है। घटना स्थल से न तो कोई पर्चा मिला है न ही कोई नक्सली या अपराधिक संगठन ने जिम्मेवारी ली है। कंपनी के लोगों ने भी किसी के नाम से धमकी दिए जाने की बात नहीं बताई है। फिर भी पुलिस घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए अपराधियों के धर पकड़ में जुट गई है। थाना प्रभारी ने कहा है कि क्षेत्र में किसी भी कंपनी, संवेदक, कोयला व्यवसायी अथवा अन्य कारोबारी को डरने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी प्रकार की धमकी, सूचना या अपराधिक जानकारी मिले तो उन्हें अवश्य बताएं। इससे खलारी में भयमुक्त वातावरण बनाने में पुलिस की मदद कर सकेंगे। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## सुपरओवर में सनराइजर्स अरगोड़ा की खिताबी जीत



**रांची।** अरगोड़ा क्रिकेट क्लब और द आइकन मॉल की ओर से हरमू मैदान में आयोजित अरगोड़ा प्रीमियर लीग का खिताब सनराइजर्स अरगोड़ा ने जीत लिया। बुधवार को खेले गए फाइनल मैच में अरगोड़ा चैलेंजर्स और सनराइजर्स अरगोड़ा के बीच मैच बराबरी पर खत्म हुआ। इसके बाद सुपरओवर में सनराइजर्स अरगोड़ा ने खिताबी मैच जीत लिया। सनराइजर्स अरगोड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन बनाए थे। तीन विकेट लेनेवाले निकुंज मैन ऑफ द मैच बने। विशु फाइटर ऑफ द मैच बने, जिन्होंने 31 रन बनाए और एक विकेट लिया। समापन समारोह में आरडीसीए सचिव शैलेंद्र सिंह, एसपी गौतम, प्रकाश उपाध्याय, प्रणव सोनी, अभिजीत सोनी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड के विजेता



**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साथ ही पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर पदक जीतने पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। 20 मई को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में आयोजित राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड में रांची जिला से बालक वर्ग में कक्षा 6 से 8 कोटि में कुल 04 एवं वर्ग 9 से 10 कोटि में कुल 03 प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कक्षा 9 से 10 कोटि में कुल 04 बालिकाएं पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। पूरे प्रतियोगिता में कुल 1800 से अधिक अंक प्राप्त कर रांची जिला ओवरऑल चैंपियन बना। स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों से मिलकर उन्हें उनकी सफलता हेतु बधाई दी एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विजयी होने हेतु आवश्यक सुझाव के साथ-साथ शुभकामनाएं भी दीं।

## उपायुक्त ने वीसी के माध्यम से की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बुधवार को आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, । सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी उठाव प्रभारी, FCI, सभी डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का खाद्यान्न अग्रिम उठाव एवं वितरण, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये मृल लाभुकों के डाटा को DELETION तथा e-KYC का सत्यापन आदि बिंदुओं की बारी-बारी समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का खाद्यान्न अग्रिम उठाव एवं वितरण संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा स-समय खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर खाद्यान्न का उठाव और लाभुकों के बीच इसका वितरण सुनिश्चित कराएं, साथ इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिन लोगों अभी तक e-KYC का सत्यापन नहीं कराया है।

### मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की बैठक

# पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें : हक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

**मांडर।** प्रखण्ड में कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को बैठक किया। इसमें "संगठन सृजन-2025" एवं सरना धर्मकोड की मांग को लेकर 26 मई को राजभवन के समक्ष होनेवाले कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की शुरुआत युवा नेतृत्व और सूचना क्रांति के जरिए भारत को नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें 'संगठन सृजन-2025' अभियान के तहत पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावों के लिए रणनीति तय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर बोलते हुए वरिष्ट कांग्रेसी नेता मुदस्सिर हक ने कहा राज्यभर में कांग्रेस पार्टी को एक नयी ऊर्जा के साथ खड़ा करना है। पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को मजबूत बनाएं। 26 मई को राजभवन के समक्ष पार्टी पेसा कानून और अलग सरना धर्म कोड के लिए धरना प्रदर्शन करेगी फिर राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

## अड़की में झूल रहा है 11 हजार वोल्ट का खतरनाक तार



**अड़की।** अड़की मध्य विद्यालय के पीछे दो पोल के बीच 11 हजार वोल्ट का बिजली तार झूल रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में विभाग को कई बार सूचित किया है, लेकिन विभाग के पदाधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।विभाग की लापरवाही खुंटी बिजली एसडीओ को तीन बार इस संबंध में सूचित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक तार को ठीक नहीं किया गया है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है वहीं, बिजली विभाग द्वारा बुधवार को कोरवा, बिरबांकी, अड़की और जरंगा में विभाग की ओर से अवैध बिजली जलाने की शिकायत पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 लोगों को अवैध बिजली जलाते हुए पकड़ा गया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया।अभियान में खुंटी बिजली एसडीओ अभियंता क्षेत्रीय कर्मी स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द झूलते हुए बिजली तार को ठीक किया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



**सिल्ली।** 21मई को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में भारत रत्न, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने राजीव गाँधी जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, लालू कोइरी, पिनाकी बनर्जी, श्रीप्रसाद बड़ाईक, लखिन्द्र बड़ाईक, शमसेर आलम, मोहताब अंसारी, मो जाकिर हुसैन, सोशल मिडिया के देवाशीष दत्ता, युवा कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### खलारी में तेज वर्षा और आंधी से नदियों में बाढ़

# 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित जनजीवन अस्त-व्यस्त

**खलारी।** मंगलवार को खलारी क्षेत्र में आई तेज वर्षा और आंधी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। लोग मंगलवार की बारिश और आंधी से हुई परेशानी से उबर भी नहीं पाए थे कि बुधवार अपराह्न एक बार फिर तेज हवा के साथ वर्षा शुरू हो गई। मौसम का यह अचानक बदला मिजाज जहां एक ओर गर्मी से राहत लेकर आया, वहीं दूसरी ओर कई नई समस्याएं भी खड़ी कर गया। गर्मी के इस मौसम में हुई मूसलधार बारिश के कारण स्थानीय नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिससे कई निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इस अचानक आई आपदा के लिए लोग तैयार नहीं थे।



### आंधी-बारिश से 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप

तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया है। कई स्थानों पर विद्युत ट्रांसमिशन लाइनों पर पेड़ और भारी टहनियां गिर पड़ीं, जिससे तार टूट गए और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। विशेष रूप से बचरा सबस्टेशन से खलारी क्षेत्र में आने वाली बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। खलारी और आसपास के क्षेत्रों में पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, तेज हवाओं से कई स्थानों पर खंभे उखड़ गए हैं और लाइनें टूट गई हैं। मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन भारी क्षति के कारण आपूर्ति बहाल करने में समय लग सकता है।

## सिल्ली प्रखंड में जनता दरबार कल



सिल्ली । सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस दरबार में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में आम जनता की समस्याएं सुनी जाएंगी और मौके पर ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। जनता दरबार में प्रखंड, अंचल, पंचायत और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। लोग अपनी भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, मनरेगा भुगतान जैसी तमाम समस्याओं के साथ-साथ "मंईयां समान योजना" से जुड़ी समस्याएं और लाभ संबंधी आवेदन भी लेकर आ सकते हैं। मईयां समान योजना के तहत पात्र महिलाओं को दिए जाने वाले लाभ, पंजीकरण, लंबित भुगतान या किसी भी प्रकार की शिकायतों का समाधान भी इस दरबार में किया जाएगा।जनता दरबार का उद्देश्य है – समाधान आपके द्वार। यह एक सुनहरा अवसर है जब आम जनता सीधे अपने प्रतिनिधि व अधिकारियों से संवाद कर सकते हैं और बताया गया कि सभी सम्मानित ग्रामीण भाई-बहन समय पर उपस्थित होकर अपने मुद्दों को रख सकते हैं और इसका लाभ भी ले सकते हैं। बैठक में यह भी कहा गया की जनता की समस्या का हल करना हमारी पूर्ण जिम्मेदारी है एवं कोई भी महिला"मैया सम्मान योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### वुडबाल चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को मिली

**रांची।** झारखंड राज्य वुडबाल संघ द्वारा 31 मई और 1 जून को दो दिनी पूर्वी क्षेत्र वुडबाल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सचिव दीपक वर्मा और आशुतोष ने कहा कि इस चैंपियनशिप में झारखंड सहित बंगाल, उड़ीसा, बिहार, छत्तीसगढ़ और असम की टीमें भाग लेंगी।

# सीएसआईआर-एनएमएल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ने ई-कचरा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संस्थान ने पिछले 15 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट टेक्नालजी का हस्तांतरण किया है, जो पर्यावरण अनुकूल है और इसके सही निष्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा। बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचड़ा उठाव एवं निष्पादन इस प्लांट के द्वारा कर सकेंगे।

उभरतें बाजारों में निजी क्षेत्र पर केंद्रित विकास वित्त संस्थान अन्तराष्ट्रीय वित्त निगम ने अनुमान जाहिर किया है कि वर्ष 2030 तक ई-वेस्ट के क्षेत्र में भारत में लगभग 5 लाख नौकरियों का सृजन हो सकता है। आईएफ़सी के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक कचड़ा क्षेत्र में सम्पूर्ण श्रृंखला-संग्रह, एकत्रीकरण, निराकरण और रिसाइक्लिंग में 2030 तक 45,0000 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। इसके अलावा हजारों की संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होगा। साथ ही परिवहन और विनिर्मान जैसे सम्बंध क्षेत्र में भी 18,0000 नौकरियाँ पैदा होने की सम्भावना है। डॉ मनीष कुमार झा, मुख्य वैज्ञानिक, ई-वेस्ट रिसाइकलिंग प्रोजेक्ट का पिछले 15 साल से नेतृत्व कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रिय स्तर पर एनएमएल की पहचान ई-वेस्ट प्रोसेसिंग टेक्नालजी ट्रान्सफर के लिए हो गई हैं। भारत के अंदर अभी तक एनएमएल के मार्गदर्शन में 13 कम्पनियां वाणिज्यिक स्तर पर ई-वेस्ट का रिसाइकलिंग कर रही हैं।

## बहुजन एकता मंच का सम्मेलन 25 मई को

**गांडेय,गिरिडीह**




गांडेय प्रखंड के ओझाडीह गांव में बहुजन एकता मंच के सदस्य के निजी आवास पर बुधवार को की गई जिसकी अध्यक्षता बहुजन एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत यादव ने की बैठक में उपस्थित सदस्यों के साथ आगामी 25 मई को प्रखंड के बाकीकला पंचायत में अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन होना है ।

जिसकी तैयारी को लेकर सदस्यों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सदस्यों को जिम्मेवारी दी गई अल्पसंख्यक सम्मेलन में गांडेय प्रखंड के अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों लोग भाग लेंगे मौके पर उपस्थित सचिव जंग बहादुर जैसवरा उपाध्यक्ष भागीरथ दास आशिक मलिक महादेव मिंया लक्ष्मन भुंईया मो तोसिक रजा सबीर अहमद वाहिद अहमद मोहम्मद शाहिद पुसन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ओरमांझी में ट्रक ने कार चालक को मारी टक्कर, गंभीर

**ओरमांझी।** एनएच-33 पर टोल प्लाजा के समीप बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें लोहरदगा इस्लामनगर निवासी कार चालक मुमताज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वे अपनी बलेनो कार को सड़क किनारे लघु शंका के लिए रोक कर उतरे थे। लघु शंका के बाद लौटने के दौरान रामगढ़ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक भागने की कोशिश में था, लेकिन ट्रक ने आगे खड़ी बलेनो कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और कार में सवार अमर प्रसाद ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को रोका और पुलिस को सूचना दी। घायल मुमताज को पहले रामगढ़ सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे प्रांतीय खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में चल रहे प्रांतीय कबड्डी एवं खो -खो प्रतियोगिता में विभिन्न इवेंट का परिणाम घोषित किया गया। अंडर 19 तरुण वर्ग भैया कबड्डी प्रथम : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग द्वितीय : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9D बोकारो , अंडर 19 तरुण वर्ग बहन कबड्डी प्रथम : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग द्वितीय : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा धनबाद इस प्रतियोगिता में कुल भैया 544, बहन 399, संरक्षक आचार्य 76, निर्णायक गण 36 रही। बहनों की कुल टीम 30 एवं भैया की 57 है। खो खो में कुल 43 मैच एवं कबड्डी में कुल 33 मैच खेले जाएंगे । दोपहर भोजन तक कुल 25 लीग मैच हो चुका है इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित निर्णायकों कीमहत्वपूर्ण भूमिका रही संदीप कुमार,आनंद कुमार मिश्रा ,नवीन कुमार सिंह, कुमार अमित रंजन, संजय कुमार राजेश रंजन ,जोधन सिंह ,सतीश चंद्रा, गौरी शंकर मदन मोहन राय, विनय कुमार एवं निर्णायक गण। मौके पर क्षेत्र स्तर एवं प्रांत स्तर के अधिकारी गण साथ ही हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक, ओमप्रकाश सिन्हा, सह विभाग निरीक्षक एवं प्रवासी कार्यकर्ता, ब्रजेश कुमार सिंह विद्या विकास समिति के पूर्णकालिक सुरेश मंडल,अखिलेश कुमार एवं अन्य पूर्णकालिक गण, स्थानीय विद्यालय के समिति गण एवं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू की उपस्थिति रही।

# गोला में बीएमएल प्लांट का गेट दूसरे दिन भी रहा जाम

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बरियातू पंचायत के कामता स्थित ब्रह्मपुत्रा मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों व रैयत ग्रामीण विस्थापितों ने मंगलवार को दूसरे दिन प्लांट का गेट जाम किया। इस दौरान आन्दोलनकारियों ने प्लांट के अधिकारियों व कर्मियों को अंदर जाने नहीं दिया गया। आंदोलन के कारण प्लांट का समस्त काम बाधित रहा। आन्दोलनकारियों का कहना है कि बीएमएल प्लांट के के मालिक अर्स साहू ने प्लांट को गुपचूप ढंग से बेच दिया है। प्लांट के नए मालिक ने पूर्व के मालिक के किसी भी समझौते को मानने से इंकार कर दिया है। जिससे विस्थापित रैयतों व मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है।इधर प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री गेट को दूसरे दिन भी पूरी तरह से जाम रखा। जिससे फैक्ट्री के अंदर आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। इस बीच फैक्ट्री के प्रबंधक अंजनी सिंह व अन्य कई अधिकारी-कर्मी तय समय 10 बजे प्लांट पहुंचे। आन्दोलनकारियों ने किसी को अंदर घुसने नहीं दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर की बालिकाओं को लाठी व तलवार का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हजारीबाग।** प्राचीन भारत में आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाने की परंपरा केवल युद्ध तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह हमारी समृद्ध संस्कृति, शिक्षा और अनुशासन का अभिन्न हिस्सा रही है। आज आवश्यकता है कि हम इस गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करें और नई पीढ़ी को इसके मूल्यों से जोड़ें। इसी उद्देश्य से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता ने वचन के अनुसार शहर के कोर्रा बाबूगांव चौक के समीप स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बालिकाओं को लाठी एवं तलवार चलाने का प्रशिक्षण देने के लिए संकल्पबद्ध है। यह प्रशिक्षण गुरुकुल के आचार्य के मार्गदर्शन व सान्निध्य में संपन्न होगा। प्रशिक्षण के लिए बालिकाओं का पंजीकरण उनके विद्यालय के माध्यम से किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें गुरुकुल में आत्मरक्षा की इस पारंपरिक कला का विधिवत अभ्यास कराया जाएगा। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाना नहीं, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक बल का विकास भी करना है। आइए, मिलकर हमारी बेटियों को सशक्त बनाएं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएं।

### बरकट्ठा पुलिस ने चोर को पकड़कर भेजा जेल



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पप्पू कुमार पिता रोहन रजक ,ग्राम गंगपांचों निवासी को मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि महेश चोधारी पिता छोटेलाल चौधरी ग्राम गंगपांचों निवासी ने बरकट्ठा थाना में 8 मई को आवेदन देकर कांड संख्या 51/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला को खुलासा करते हुए कहा कि आरोपी पप्पू को गिरफ्तार करते समय उनके पास से 1हजार छह सौ रुपए बरामद की है।

### मुखिया व प्रधानाध्यापिका ने स्कूली बच्चों के बीच किया 278 बैग का वितरण




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहारा कला में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के कुल 278 छात्र- छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त स्कूली बैग का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार की शिक्षा के प्रति सजग है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बच्चों का बेहतर भविष्य के लिए सरकार सराहनीय प्रयास कर रही है। इस योजना का लाभ तभी सार्थक होगा जब बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने देश का नाम रौशन करेंगे। मौके पर प्रधानाध्यापिका चंपा देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश यादव, ईश्वर यादव, भगीया देवी, इदरीस अंसारी, फातिमा खातून, जहिमा खातून, शिक्षिका सरीता देवी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### विनोद बिहारी महतो एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे : जयराम महतो'

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बुधवार को बताया की विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय परिसर में झारखण्ड पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा अनावरण समारोह में अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो उपस्थित हुए। संयोग से जयराम महतो उसी विश्वविद्यालय का पीएचड छात्र भी हैं। संभवतः झारखण्ड के इतिहास मे ऐसा पहली बार हुआ होगा की वर्तमान में पढ़ रहा एक छात्र उसी विश्वविद्यालय मे अतिथि बनकर कार्यक्रम में शामिल हो। झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री की गरिमामय उपस्थिति में अनावरण समारोह संपन्न हुआ। जयराम महतो ने कहा कि प्रतिमा किसी सोच और विचारधारा को जीवंत रखने का कार्य करती हैं।ये प्रतिमा छात्रों को बिनोद बाबू की विचारधारा "पढ़ो और लड़ो" की याद दिलाती रहेगी। बिनोद बाबू एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। ये मेरे राजनीतिक जीवन का एक ऐतिहासिक, अद्भुत और गौरवशाली पलो में से एक है। जयराम महतो ने कहा कि यह मेरे लिए भी गर्व की बात है कि भरे मंच में जहां धनबाद ,बोकारो के सभी विधायक मौजूद थे। राज्यपाल द्वारा नाम लेना मेरे लिए पुरस्कार, गौरव और सम्मान की बात है। आज निसंदेह हमें लगता है कि सरकार को इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है ।

# ग्रामीणों ने बेलाटांड़ में खदान न खोलने को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिलाडीह के बेलाटांड़ में पत्थर खदान नहीं खुलवाने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि मौजा शिलाडीह के बेलाटांड़ में खाता न.59 प्लॉट नं30,28 और खाता न.44 प्लॉट न. 37 समेत अन्य प्लॉटों पर पत्थर उत्खनन कार्य का प्रक्रिया किया जा रहा है। हम ग्राम वासी को लीज धारी के द्वारा जानकारी दिया जा रहा है कि हम लीज लिए हैं। बहुत जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। जबकि पत्थर उत्खनन के स्थान से कुछ ही दूरी पर घर हैं। साथ ही पत्थर ब्लास्ट होने से ग्रामीणों के जानमाल का खतरा हमेशा बना रहेगा। पत्थर उत्खनन स्थल से 100मीटर दूर स्थित गांव और स्कूल हैं। समेत कई अन्य समस्यों से अवगत कराया है। आवेदन की प्रतिलिपि जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी बरकट्ठा, थाना प्रभारी गोरहर को दिया हैं। आवेदन देने में समीम अंसारी, रैयत कामेश्वर साव, रैयत लालजीत कुमार, रूबी देवी, सीमा देवी, दिलीप कुमार, मुरली ठाकुर, पिंकी देवी, सिकंदर कुमार, गिरधारी नायक समेत दर्जनों अन्य लोग शामिल हैं।

## पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने राज्यपाल से की मुलाकात

# विश्वविद्यालयों में आ रही समस्याओं पर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को अंगवस्त्र और श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान यदुनाथ पांडे ने राज्य के विश्वविद्यालयों में उत्पन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और कोल्हान विश्वविद्यालय में चल रही समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणामों में देरी और डिग्री वितरण में अनियमितता से छात्र परेशान हैं। रांची विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जबकि कोल्हान विश्वविद्यालय में तकनीकी स्टाफ और डिजिटल संसाधनों का घोर अभाव है। यदुनाथ पांडे ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों में परीक्षा और परिणाम की प्रक्रिया समय पर हो, शिक्षकों और स्टाफ की नियुक्ति जल्द की जाए और प्रशासन में पारदर्शिता लाई जाए। उन्होंने डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने, शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने और छात्रहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## माइंस रेस्क्यू भवन में डाक चौपाल का भव्य शुभारंभ

# डाक विभाग की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



रामगढ़ कैंट स्थित माइंस रेस्क्यू भवन में डाक विभाग द्वारा डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम डाक चौपाल का भव्य शुभारंभ 21 मई को डाक निदेशक झारखंड सर्किल राम विलास चौधरी ने करते हुए कहा कि आज डाक विभाग घर घर जाकर अपनी सभी सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहा है। डाक चौपाल में शामिल डाक निदेशक झारखंड सर्किल,को सम्मानित किया गया।डाक चौपाल में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को कहा गया कि डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक डाक विभाग परिवार को गौरवान्वित करने का काम कर रहे हैं । ग्रामीण डाक सेवकों ने अपने ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक जीवन बीमा योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास कर सभी को लाभान्वित कर रहे हैं। कहा कि डाक जीवन बीमा योजना में कम प्रीमियम जमा कर अधिक बोनस प्राप्त किया जा सकता है। देश की सबसे पुरानी बीमा योजना में डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना है। उन्होंने हजारीबाग डिवीजन के सभी डाक विभाग कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग डिवीजन बीमा क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर झारखंड में अव्वल स्थान पर रहा है। उन्होंने सभी सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। डीडीएम पीएलआइ अमित कुमार ने कहा डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग ज्यादा ले रहे हैं । जिसका सारा श्रेय ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को जाता है। कार्यक्रम को डाक अधीक्षक हजारीबाग आशुतोष कुमार सिन्हा, सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

### गिद्दी सीपीओ और संयोजक मंडली के बीच हुई वार्ता

**गिद्दी।** गिद्दी सी पीओ और संयोजक मंडली के बीच बुधवार को वार्ता हुई। जिसमें मजदूरों का बकाया पैसा दिलाने के लिए लिफ्टरों से बात कर पैसा का भुगतान कराने, गिद्दी सी लोकल सेल के डीओ का ऑफर भेजने और मैनुअल लोडिंग किए जाने पर वार्ता हुई। बैठक में उपस्थित संयोजक मंडली के लोगों ने बताया कि पीओ के साथ वार्ता के बाद 22 मई को कोलियरी बंदी को वापस ले लिया गया है। वार्ता में गिद्दी सी पीओ शकील अख्तर, डाड़ी पंचायत के मुखिया लखनलाल महतो, नेमन यादव, रतीलाल मरांडी, गणेश महतो, राजेश महतो, पप्पू सिंह, श्रीनाथ महतो, किनू मियां, राजू महतो, इंतियाज अंसारी, रुपालाल चौधरी, कुमेश्वर महतो, तुलसी महतो, रति महतो आदि उपस्थित थे।

### गिद्दी में मंडा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**गिद्दी।** गिद्दी बस्ती मंडा टांड़ में बुधवार को मंडा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में 15 जून को गिद्दी बस्ती मंडा टांड़ में प्रत्येक साल की तरह मंडा पूजा धूमधाम से मनाने, मंडा पूजा के अवसर पर मेला लगाने और नागपुरी आरकेस्ट्रा किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद इसे लेकर पूजा समिति के लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता महादेव महली ने की। बैठक में गिद्दी पंचायत के मुखिया हीरालाल गंझू, चंदन महली, सुखदेव गंझू, अजय महली आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपन शिविर आयोजित

# रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों के बीच दिए यंत्र चालित कृत्रिम हाथ




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवं शांतिधारा फाउंडेशन द्वारा बुधवार को शहर के रोटरी हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवम शांतिधारा फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से नि:शुल्क यंत्र चालित कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपन शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेश प्रसाद अग्रवाल ने बताया अमेरिका की संस्था एलएन 4 द्वारा प्रोसथेटिक हैंड रोटरी क्लब को दिया जाता है। एलएन 4 हाथ उच्च क्वालिटी, मेंटेनेंस फ्री, रेडी टू फिट, लाइट वेइट और लॉन्ग लास्टिंग है जो जरूरतमंदों के लिए उपयोगी होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि इस हाथ से लोग खेती, साइक्लिंग, कुकिंग,ड्राइविंग भी कर सकते हैं। एलेन मीडोज फाउंडेशन के सहयोग से अनेक व्यक्ति को हाथ रोटरी क्लब द्वारा मुहैया कराया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश प्रसाद अग्रवाल, निलांजन दत्ता,विजय कुमार,राहुल जैन आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले के राज्य सचिव ने गिद्दी में पार्टी नेताओं साथ बैठक की

**गिद्दी।** भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भगत ने पार्टी नेताओं के साथ मंगलवार को गिद्दी में बैठक की। बैठक में वे पार्टी के नेताओं के साथ 9 जुलाई के हड़ताल और राज्य सममेलन को लेकर चर्चा की। साथ ही इसे सफल बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। राज्य सचिव मनोज भगत रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में मंगलवार को गिद्दी में पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की। साथ ही राज्य सम्मेलन को लेकर 10-11 जून को बैठक में शामिल होने के लिए, राज्य सम्मेलन के सफल बनाने के लिए और 9 जुलाई को हड़ताल पर चर्चा किया। राज्य सचिव ने केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीति की आलोचना करते हुए इसके विरोध में 9 जुलाई के हड़ताल को सफल बनाने की अपील किया।

### जून में होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला, कमेटी गठित

**बरही।** हज़रत सैयदना महमूद शाह गजनी व हज़रत सैयदना याकुब शाह के आस्ताने पर उर्स पर कोनरा दरगाह मुहल्ला स्थित मजार शरीफ़ पर अगले माह शानदार कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित किया जायेगा. जिसे सफल बनाने के मजार शरीफ़ के प्रांगण में बैठक कर उर्स कमिटी गठित किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से भगवान केशरी को अध्यक्ष, रिज़वान अली को सचिव, मो इमरान को महासचिव, मो जियाउद्दीन अंसारी व मो सगीर को कोषाध्यक्ष, मो इज़हार व मो ताबिश को उपाध्यक्ष, जियाउल हक व मो महताब उर्फ़ डब्लू को उपसचिव और मो शोएब अख्तर व मो उस्मान को मीडिया प्रभारी मनोनित किया गया. इसके साथ ही जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, 20सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रजा, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया विजय यादव, यास्मीन तबस्सुम, शमशेर आलम, कोनरा पंसस मो यूसुफ आदि सहित समाजसेवी रमेश ठाकुर,अब्दुल मनान वारसी, गणेश यादव, विनोद विश्वकर्मा, गुरुदेव गुप्ता, मो ताजुद्दीन, छोटन ठाकुर, मो कयूम अंसारी, मो सगीर, तौकीर रज़ा, कपिल केशरी, छठू गोप आदि सहित दो दर्जन से अधिक लोगों को संरक्षक बनाया गया.

## राज्य पोषण मिशन के समर कार्यक्रम में रामगढ़ शामिल

# कुपोषित बच्चों के लिए 12 जिले में आंगनबाड़ी के माध्यम से संचालित है पोषण प्रबंधन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

महानिदेशक, झारखंड राज्य पोषण मिशन एवं निदेशक, समाज कल्याण के निर्देशानुसार 19 मई को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि समर/सीएमएएम एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत पोषण ट्रैकर में चिन्हित गंभीर कुपोषित (एसएएम /एमएएम )बच्चों का प्रबंधन विभिन्न चरणों के माध्यम से समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2022-23 से समर कार्यक्रम 12 जिलों में क्रियान्वित है अब शेष जिले जिसमें रामगढ़ भी है उनमें यह कार्यक्रम चलाया जाना है।

**0-5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों का 11 चरणों में समुदाय स्तर पर पहचान एवं प्रबंधन निम्न रूप में किया जायेगा :** सामुदायिक सहभागिता, विकास की निगरानी और जांच, अति गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए भूख का परीक्षण, चिकित्सीय आकलन, देखभाल के लिए निर्णय लेना, पोषण प्रबंधन, चिकित्सीय प्रबंधन, पोषण स्वास्थ्य ,साफ सफाई की शिक्षा और अभ्यास, आंगनवाड़ी पर फोलो अप और सेविका द्वारा गृह भ्रमण, कार्यक्रम से डिस्चार्ज-ठीक होने पर या चार माह पूर्ण होने पर, डिस्चार्ज के बाद वीएचएसएनडी पर मासिक फोलो अप। प्रशिक्षण में सभी सीडीपीओ ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीगण एवं महिला परवेक्षिकाएं उपस्थित थीं, प्रशिक्षण अनिमा नीलम भेंगरा, सीडीपीओ ,रेणुका कुमारी, ज्योति कुमारी, विजयलक्ष्मी,आशुतोश कुमार झारखंड राज्य पोषण मिशन के प्रतिनिधि के द्वारा दिया गया।

**गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए कार्यक्रम**

1. 06 माह से 59 माह के अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन।
2. जन्म से 06 माह के बच्चों में कुपोषण होने के खतरे की पहचान
3. जन्म से 59 माह के मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान ।
4. समर कार्यक्रम अन्तर्गत अनुश्रव्ण एवं मूल्यांकन।
5. समुदाय आधारित कार्यक्रम अन्तर्गत बिना चिकित्सीय जटिलता वाले अति गंभीर कुपोषित बच्चों का समुदाय स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से प्रबंधन किया जायेगा। चिकित्सीय जटिलता या भूख की कमी वाले अति गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र रेफर किया जायेगा।

### शहर का फेज -2 सात वर्ष बाद भी पूर्ण रुप से नहीं हुआ चालू

**रामगढ़।** छावनी परिषद रामगढ़ क्षेत्र में जलसंकट गहरा गया है। इसे लेकर निवर्तमान उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रामगढ़ कार्यपालक अभियंता से मिले। इस दौरान जलसंकट की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि छावनी परिषद रामगढ़ कैंट फेज -2 योजना से वार्ड 1, 2 और 7 को पेयजलापूर्ति होना था। इसका शिलान्यास 2015 में हुआ, जिसे 27 माह बाद 2018 में पूर्ण रुप से चालू होना था। सात साल विलंब होने के बावजूद पूर्ण रुप से चालू नहीं हो पाया है। इसका खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है। इसे लेकर हमलोगों ने पेयजल विभाग कार्यालय के समक्ष जून माह 2022 में एक सप्ताह तक धरना दिए थे। इस दौरान दो महीना के अंदर योजना पूर्ण रुप से चालू करने का आश्वासन मिला था। इसके बावजूद अब तक पूर्ण रुप से योजना चालू नहीं हो पाई है।

## स्कूल ने टॉपर्स सहित अभिभावकों को भी किया सम्मानित

# स्कूल का शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रयास : रणजीत

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में टॉपर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसका शुभारंभ भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी व प्रबंधक विकास सिंह ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र - छात्राएं सहित विभिन्न क्षेत्रों के टॉपर्स व अभिभावक मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रबंधक श्री सिंह ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि रखते हुए उसकी महत्ता बताई. उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय का हर एक बच्चा अनमोल रत्न है. उनका प्रयास सिर्फ पढ़ाई ही नहीं अपितु अभी से ही सिविल व राज्य सर्विसेज के लिए तैयार करना है. इसी लक्ष्य के आधार पर विद्यार्थियों की शिक्षण व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही प्रबंधन ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुआयामी बनाने के लिए प्रयास रत है. भाजपा नेता श्री चंद्रवंशी ने विद्यालय प्रबंधन की तारीफ करते हुए विद्यार्थियों के लिए किए जाने वाले प्रयास को अनुकरणीय बताया. उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक सरोकार का सही संतुलन देखने को मिलता है. पाठ्यक्रम में लॉ और बिजनेस जैसे आधुनिक विषयों का समावेश कर विद्यार्थियों को चौमुखी विकास की ओर ले जाने का काम किया है. जो वाकई इस क्षेत्र के लिए अतुलनीय है. उन्होंने प्रबंधन सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियो की सराहना किया. कार्यक्रम के अंत में टॉपर्स छात्रों को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया.
इस अवसर पर उनके माता-पिता को उनकी कड़ी मेहनत और विश्वास के लिए सम्मान दिया गया.

# प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गांडेय प्रखंड के धर्मपुर गांव में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री बाबा धर्मनाथ महादेव सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ को लेकर विगत मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरुआत जिप अध्यक्ष मुनिया देवी व गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक ने संयुक्त रूप से बजरंग ध्वज दिखाते हुए जयकारा लगाकर किया। यह कलश यात्रा धर्मपुर शिव मंदिर होते हुए आदिम जाति मोड़ होते हुए कुसुम्भा स्थित बाबा भिखारी नाथ महादेव मंदिर पहुंची। वहां पूजा अर्चना कर पुनः वापस धर्मपुर गांव स्थित नदी तट के पास पहुंची। वहां यज्ञाचार्य डा बिनोद कुमार उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से जल को पवित्र कर कलश पूजन कराया। पुनः मुख्य यजमान बहादुर पांडेय व रत्ना देवी ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके साथ ही कलश यात्रा में शामिल 261 कन्याओं ने भी कलश में जल भरा। वहां के बाद सभी ने मंदिर परिसर में बने यज्ञशाला में जल से भरे कलश को रखा। यज्ञाचार्य ने मुख्य यजमान को मंडप प्रवेश कराया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचांग पूजन व पुण्या वाचन कराया। यज्ञ में श्रद्धालुओं की सेवा को लेकर कुसुम्भा व धर्मपुर मंदिर परिसर में शर्बत व फलाहार का वितरण किया गया बता दें कि धर्मपुर गांव में देवों के देव महादेव, माता पार्वती व हनुमान जी का भव्य मंदिर बनाया गया है। नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य पंडित विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि 20, 21 व 22 को प्रतिदिन वैदिक पूजन व रात्रि में बनारस से आये कथावाचक अमर चैतन्य जी महाराज व कुमकुम पांडेय की ओर से शिव कथा पर प्रवचन किया जाएगा। कलश यात्रा में कमेटी के अध्यक्ष केदार राय, पूर्व मुखिया रानी कुमारी, पूर्व मुखिया प्रकाश यादव, विकास राम, बालेश्वर राय, बालगोविंद पांडेय, अर्जुन पांडेय, बीरेंद्र पांडेय, सिध्देश्वर पांडेय, मजेस्टर राय, कृष्णदेव राय, बालमुकुंद पांडेय, जंग बहादुर राय, मुनिलाल राय, बिलटु राय, राजेश राय, महेंद्र मंडल, अनिरुद्ध तिवारी, मनोज सिंह, मुनिलाल राय, सतीश राय समेत डहुआटांड, धर्मपुर, कोयरीडीह, गिरिडीह, कुसुम्भा, तेलझारी, महेशमुंडा समेत आसपास के गांवों के श्रद्धालु उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**गावां गिरिडीह।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमडार परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर अजय सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की। संबोधन के दौरान श्री सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, छात्रवृत्ति योजना आदि झारखंड सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। आप छात्र इन सब योजनाओं का लाभ उठा सकते है। इस मौके पर संतोष मरांडी, अभय चतुर्वेदी, अमर मोदी सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएचसी के तत्वावधान में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के तत्वावधान में बरकट्ठाडीह के साहू टोला में मुखिया प्रमीला देवी की अध्यक्षता में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि फायलेरिया रोग विलोपन कार्यक्रम एमडीए-आईडीए होने के लिए नाईट ब्लड सर्वे संग्रह कार्यक्रम एक अहम भूमिका निभाती है। यही कार्यक्रम तय करता है कि हमारे क्षेत्र में एमडीए-आईडीए होगा या नहीं होगा। इसके लिए सेंटिनल गांव बरकट्ठा के साव टोला के साथ साथ चलकुशा प्रखंड के एक रेंडम गांव मनैया का चयन किया गया है। नाइट ब्लड सर्वे साव टोला बरकट्ठा में 27 मई एवं ग्राम मनैया में 30 मई के रात्रि में तीन सौ लोगों का खून का सैंपल लेकर जांच किया जाएगा। अगर एक परसेंट से ऊपर पॉजिटिव केस आता है तो बरकट्ठा प्रखंड में एमडीए-आईडीए कार्यक्रम होगा। बैठक में बरकट्ठा उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया बसंत साव, बीटीटी प्रकाश पंडित, एमपीडब्ल्यू किशन राम, वीरेंद्र कुमार, जस्टिन बिन्हा, अनिल कुमार, सहिया सुमित्रा देवी, खुशबू देवी, पार्वती देवी समेत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### भारतीय सेना के सम्मान में आज निकलने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील




**बरही।** पाकिस्तान की आतंकी ठिकानों को उसके घर में ही घुसकर शेर की तरह तहत नहस करने वाली भारतीय सेना के सम्मान में आज गुरुवार को स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव की अगुवाई में बरही में तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा. उक्त जानकारी भाजपा पश्चिमी व पूर्वी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी व विजय यादव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दिया है. तिरंगा यात्रा पूर्वाह्न 4:00 बजे से धनबाद रोड भगवती मंदिर के पीछे स्थित भाजपा कार्यालय से निकाला जाएगा. ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम देने वाले भारतीय सेना के सम्मान में निकलने वाले इस तिरंगा यात्रा में लोगों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है.

### पाकुड़ के मजदूरों से हिमाचल प्रदेश में काम करा बिचौलिए ने हड़प ली मजदूरी



**दुमका।** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के 18 युवकों को हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण में मजदूरी करवा कर उनका पैसा मेठ के द्वारा हड़पने का मामला सामने आया है. हिमाचल प्रदेश से किसी तरह सभी युवक दुमका पहुंचे और डीआईजी के नाम आवेदन देकर मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है. दरअसल, पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के 18 युवक नवंबर 2024 में दो बिचौलिए (मेठ) के माध्यम से मजदूरी करने हिमाचल प्रदेश गए थे. हिमाचल में उन्हें सड़क निर्माण कार्य में लगाया गया था. युवकों ने पांच महीने तक वहां काम किया. प्रत्येक युवक को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मजदूरी देने की बात हुई थी. मजदूरों से कहना है कि इस पांच माह के दौरान सिर्फ भोजन दिया गया. पांच महीने में उन्हें एक रुपया नहीं दिया गया और इनका एटीएम कार्ड भी दोनों बिचौलियों ने अपने पास रख लिया. युवकों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जब काम समाप्त हो गया और जब उन्होंने अपनी मजदूरी की मांग की तो सीधे तौर पर उन्होंने रुपये देने से इनकार कर दिया. यहां तक कि उनके पास इतने रुपये भी नहीं थे कि हिमाचल प्रदेश से ये अपने घर पहुंच सकें. किसी तरह रुपये इंतजाम कर बुधवार को ये सभी 18 मजदूर दुमका पहुंचे और यहां उन्होंने संथाल परगना के डीआईजी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए मजदूरी दिलाने की मांग की है. इस संबंध में मजदूर बबलू पहाड़िया और धर्मेंद्र पहाड़िया ने बताया कि हम सब हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण करने गए थे. 17 हजार रुपये मजदूरी प्रतिमाह पर बात तय हुई थी, लेकिन हमें ले जाने वाले मेठों ने हमारी मजदूरी हड़प ली. उनका कहना है कि हम लोग जैसे-तैसे दुमका तो पहुंच गए हैं, लेकिन हमारे पास उतना पैसा भी नहीं है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सिमडेगा में कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष जोनसन मिंज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय प्रिंस चौक, सिमडेगा में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव पुष्पा कुल्लू ने कहा, राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। कंप्यूटर, संचार और पंचायती राज जैसी योजनाएं उनके योगदान की मिसाल हैं। युवाओं और ग्राम स्वराज की दिशा में उनका योगदान आज भी मार्गदर्शक है।सभा में नॉमिता बा, प्रदीप केशरी, रावेल लकड़ा, अनूप लकड़ा, सुनील मिंज, अमित डुंगडुंग, तिलका रमण, वारिस रजा एवं जेम्स पी केरकेट्टा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने राजीव गांधी के सपनों के भारत को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराई और उनके योगदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

## राशन वितरण में सहयोग करें जनप्रतिनिधि

**गांडेय,गिरिडीह।** 21 मई को गांडेय प्रखंड परिसर के सभाकक्ष में प्रमुख राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नीलेश कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आगामी 3 महीना क्रमशः जून जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ वितरण होने के विषय में जानकारी दिया ।एमओ ने कहा कि प्रखंड के एफसीआई गोदाम से जून और जुलाई का राशन 31 मई तक और अगस्त माह का राशन 1 जून से 15 जून के बीच डीलर के पास पहुंचेगा ।जिसके बाद सभी डीलर अपने कार्डधारियों के बीच राशन का वितरण करेंगे ।

### आठवीं बोर्ड के टॉपर को किया गया सम्मानित

# कठिन परिश्रम करने वाले छात्रों को ही शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है : ज्योति किरण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू आठवीं बोर्ड की टॉपर खुशी कुमारी और विद्यालय के बाल संसद के प्रधानमंत्री और अध्यक्ष सिमरन कुमारी को बुधवार को बैंक ऑफ़ इंडिया मांडू ब्रांच की ज्योति कुमारी और विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने पुरस्कार देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने अतिथियों का स्वागत किया और सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी । डॉ कश्यप ने कहा कि कठिन परिश्रम करने से ही उसका फल मीठा होता है । छात्र जीवन में किसी भी छात्र को मेहनत करने से संकोच नही करना चाहिए। कहा कि परिश्रम के बदौलत ही अपने मुकाम तक आप लोग पहुंच सकते हैं आठवां बोर्ड पढ़ाई का प्रथम सीढ़ी होता है इसलिए कठिन परिश्रम से कोई समझौता न करें । छात्र कठिन परिश्रम ही करें तो उन्हें निश्चित सफलता प्राप्त होगी और मनवांछित फल प्राप्त होगी। बैंक आफ इंडिया मांडू की ज्योति किरण ने छात्र-छात्राओं को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जो बच्चे आज आठवीं बोर्ड में अच्छे अंक लाए हैं इसी तरह का आप परिश्रम करते रहें तो आने वाले परीक्षाओं में भी इसी तरह का सफलता प्राप्त होगा और जो छात्र अच्छे अंक नहीं ला पाए हैं वह भी परिश्रम करें तो एक दिन आप भी अच्छा कर सकते हैं । इस अवसर पर बैंक ऑफ़ इंडिया के सौरव कुमार ,सीआरपी सत्येंद्र कुमार ,विद्यालय के सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता ,जेठालाल मांझी आदि उपस्थित थे।

## पशु तस्करी के आरोप में फरार चल रहे आरोपी हसाम अंसारी गिरफ्तार



**बानो।** थाना क्षेत्र के महाबुआंग मोड़ के समीप बीते वर्ष 21 अगस्त 2024 को तत्कालीन थाना प्रभारी विकास कुमार और स0अ0नि0 सत्यनारायण कुमार,स0अ0नि0 मनीष कुमार और पुलिस जवानों के द्वारा पशु तस्करी कर रहे वाहन को जप्त किया गया तथा बानो थाना में कांड संख्या 39/24 दिनांक- 21.08.24 धारा- 303(2)/317(5)/61(2)/3(5) बी0एन0एस0 2023 एवं 12(i)(ii) झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रति0 अधि0 2005 तथा 11(i)(a)(b) पशुओं के प्रति क्रूरता अधि0 1960 के तहत मामला दर्ज करते हुए दो तस्करों की भी गिरफ्तारी की गई थी।तथा इस कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हसाम अंसारी,पिता-शहाबुद्दीन अंसारी,गांव खैरपुर बस्ती सीतापुर थाना कोतरा रोड रायगढ़ छत्तीसगढ़ फरार चल रहा था जिसको 21 मई दिन बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनू कुमार,एएसआई सत्यानारायण सिंह के अलावा पुलिस जवानों ने सूझबूझ से भागीदारी निभाई।

# बांस के पौधे बचाएंगे गजराज से इलाके में ग्रामीणों को भी मिलेगी सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



### हाथियों का झुंड पहुंचा ग्रामीण इलाके में

इसके पीछे की भी वजह है कि एक तो हाथी करंट की चपेट में नहीं आए, दूसरी बात है कि हाथी को खदेड़ने के लिए लोहे के पाइप से बनाई गई मशाल भी बिजली की तार से नहीं सटे. जब बिजली गुल हो जाती है तो ग्रामीणों को यह पता नहीं चल पाता है कि हाथी किस तरफ है. ऐसे में विभागीय मंत्री के निर्देश पर सोलर लाइट बांटने का काम शुरू किया गया है.

जिले में हाथियों का आगमन और विचरण सालों भर होता रहता है. पलामू से दुमका तक गिरिडीह के मार्ग से हाथी आते-जाते रहते हैं. इस विचरण के दौरान भोजन की तलाश में हाथी गांव में घुस जाते हैं और काफी नुकसान पहुंचाते हैं. अभी भी सरिया-बगोदर अनुमंडल क्षेत्र में हाथियों ने कई घरों के साथ-साथ फसलों को नुकसान पहुंचाया है. लगातारा हो रहे नुकसान पर अब सवाल उठता है कि हाथियों के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर किस तरह की योजना वन विभाग ने बनायी है. अधिकारियों से बातचीत में यह साफ हुआ कि सबसे पहले हाथियों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है. वहीं हाथियों से बचने के लिए ग्रामीणों को भी विशेष सुविधा दी जा रही है. मीडिया ने पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ से बात की. फोन पर हुई बातचीत में डीएफओ मनीष तिवारी ने काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी. डीएफओ मनीष ने बताया कि चूंकि हाथियों का पसंदीदा भोजन केला के साथ बांस है. , जिस इलाके से हाथी गुजरते हैं. डीएफओ ने बताया कि लगभग 12 सौ हेक्टेयर में बांस लगाने की योजना है.डीएफओ मनीष ने बताया कि जिस मार्ग से हाथी आना-जाना करते हैं और जिन गांव में हाथी ज्यादा जाते हैं, वहां सोलर लाइट लगाने का काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कई गांवों में सोलर लाइट लगाया गया है. इसके पीछे की बड़ी वजह है कि जब हाथी का प्रवेश किसी गांव में हो जाता है, तो सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है.

## झारखंड सरकार शराब नीति बनाने में मस्त : पवन तिग्गा

**लोहरदगा।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा के युवा नेता पवन तिग्गा लोहरदगा जिला के हेसल पंचायत के ग्राम कुजरा मोड से पॉलिटेक्निक कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय, हाई स्कूल कुजरा एकलव्य विद्यालय, कुजरा आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य सरकारी प्रस्थान स्थापित किया गया है।और इसी सड़क से होते हुए किस्को प्रखंड कार्यालय को जोड़ती है। और होन्दगा फटय टोली नीनी दरगाह टोली के जनता को जिला मुख्यालय आने के लिए बहुत नजदीक होता है। होन्दगा नदी का पुल टूट गया है। जिसके चलते चार चक्का गाड़ी का आवागमन बाधित होता है। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है।लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है जिससे जनता में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। झारखंड के गठबंधन सरकार विकास का लकीर पीटने में अमाउंट का बंदर बांट कर रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में खराब भोजन खाने से बच्चे हुए बीमार, बीडीओ ने लिया संज्ञान




**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 226 में खराब भोजन खाने से कई बच्चे बीमार हो गए हैं. मंगलवार को जब बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से वापस अपने घर पहुंचे तो देर शाम वे बीमार पड़ने लगे. कुछ के पेट में दर्द होने लगा तो कुछ को उल्टी होने लगी. जिसके बाद बच्चों के परिजन अगले दिन यानि बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे. बुधवार को आंगनबाड़ी में बच्चों के परिजनों ने पाया कि वहां दो दिन पूर्व बनी हुई खिचड़ी और लगभग 1 महीने पहले का लाया हुआ अंडा रखा हुआ है. जिसके बाद वे लोग हंगामा करने लगे. परिजनों के हंगामे की आवाज सुन आसपास के लोग इकठ्ठा होने लगे. मामले को लेकर एक परिजन ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी द्वारा बच्चों को खराब खाना खिलाने से उनका बच्चा बीमार हो गया है. मामले की जानकारी मिलते ही कोडरमा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और मामले की छानबीन की.

## भंडरा में सतर्कता समिति की बैठक का हुआ समापन

**भंडरा।** प्रखंड स्तरीय सतर्कता समिति की एक अहम बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा योजनाओं का के व्यक्ति तक पहुँचाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि सतर्कता समिति का मुख्य उद्देश्य जन वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को समय पर और उचित मात्रा में राशन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समिति की जिम्मेदारी है कि वह खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की नियमित निगरानी करे। जिसमे खाद्यान्न, मध्याह्न भोजन योजना, पूरक पोषाहार योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना व जननी सुरक्षा योजना शामिल हैं।

### दुर्गा माता व पंचमुखी हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का तीसरा दिन

# देवपूजन व घृताधिवास, हवन की दिव्यता से गूंजा सारा वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



शहर के मुनका बगीचा स्थित श्री शिव परिवार, माँ दुर्गा एवं पंचमुखी हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। तीसरा दिन देवपूजन एवं घृताधिवास के बाद हवन किया गया, जो संपूर्ण वैदिक विधि-विधान के अनुसार संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना में शामिल होने पहुंचे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मंदिर की सजावट, मंत्रोच्चारण की ध्वनि एवं श्रद्धालुओं की आस्था ने माहौल को दिव्यता से भर दिया। इस नवनिर्मितमंदिर का निर्माण पुत्र मुरारी लाल मूनका एवं पुत्रवधू सरोज देवी ने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय मोहनलाल मूनका एवं माता मेवा देवी की पुण्य स्मृति में बनवाया। महोत्सव के मुख्य आचार्य पं. रविकान्त शास्त्री की अगुवाई में दिनभर के पूजन कार्य संपन्न हुए। उनके कुशल निर्देशन में देवपूजन, षोडशोपचार पूजा, घृताधिवास एवं विशेष हवन का आयोजन किया गया। वैदिक परंपराओं के अनुरूप सभी अनुष्ठान बारीकी से संपन्न हुए। इस अवसर पर मथुरा एवं काशी जैसे तीर्थ क्षेत्रों से पधारे अनेक विद्वान आचार्य शामिल हुए। जिनमें आचार्य बिपिन गौड़, कृष्ण गोपाल भारद्वाज, दीपक गौतम, नरेंद्र गौतम, संजय पांडे, मनोज पांडे, अजय पांडे एवं विक्रमादित्य शर्मा प्रमुख हैं। इन सभी विद्वानों की उपस्थिति एवं उनके मंत्रोच्चारण से अनुष्ठान में विशिष्ट आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है. दिनभर श्रद्धालु दर्शन, पूजन एवं भजन-कीर्तन में लीन रहे। कई भक्तों ने व्रत रखकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विशेष रूप से भाग लिया और मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुसज्जित बनाए रखा। महोत्सव समिति के सदस्यों के अनुसार, यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक चेतना का प्रतीक बनता जा रहा है। श्रद्धालु प्रातःकाल से देर रात्रि तक पूरे मनोयोग से सहभागी हो रहे हैं। बच्चे, युवा, महिलाएं और वृद्ध सभी में उत्साह देखने योग्य है। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत कर रहा है, बल्कि सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। 24 तारीख को संध्या 4:30 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण किया जाएगा.


झारखण्ड सरकार

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**

E-mail- ranchidamo@gmail.com

**पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन सं०– 01/जिला आयुष

राष्ट्रीय आयुष मिशन, राँची जिलान्तर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 22.05.2025 से 31.05.2025 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डॉक के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.05.2025 निर्धारित है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र०सं० | पद का नाम | पदों की सं० | टावष्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01. | योग प्रषिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष– 18 पद<br>महिला– 18 पद<br>कुल– 36 पद | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट का होना या सर्टिफिकेट बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में पुरूष योग प्रशिक्षक द्वारा 32 सत्र एवं महिला योग प्रशिक्षक द्वारा 20 सत्र कराया जाना है, प्रत्येक सत्र एक घंटे की होगी एवं प्रति सत्र योग प्रशिक्षक को रु 250/- देय होगा। |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश–

1. आवेदन प्रपत्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की सूची कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, डोरण्डा, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के 3–5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले पुरूष एवं महिला योग प्रशिक्षकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति के साथ स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति की दो प्रति एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि साक्षात्कार के पश्चात् उम्मीदवारों के समान अंक होने पर उनके योग के विशय पर डिग्री/डिप्लोमा के प्राप्तांक के आधार पर चयनित किया जाएगा।
6. भर्ती के किसी चरण में यदि उम्मीदवार निर्धारित पात्रता/अर्हता को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
7. उम्मीदवारों द्वारा "जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, राँची, जिला संयुक्त औशधालय, सेंट जेवियर्स स्कूल के पास, डोरण्डा, राँची, पिन– 834002" पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना आवेदन प्रपत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति भेजनी होगी।
8. प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को दिनांक 03.06.2025 प्रातः 11 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, राँची के सभागार में आयोजित साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में भाग लेना होगा।
9. स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की सूचना उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नं./ई–मेल के माध्यम से दी जाएगी।

**जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, जिला स्तरीय चयन समिति, राँची**

PR 353145 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति, राँची**

सुप्रभात

विचार प्रवाह

ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण के अतिरिक्त उनके प्रेम को पाने का और कोई तरीका नहीं है। अपने मन के स्वामी बनिए ताकि आप उसे ईश्वर को अर्पित कर सकें। – **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### सात देशों का वर्चस्व सारी दुनिया पर

दुनिया की सात सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी-7, जो वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली पर हावी है, वैश्विक नीति समन्वय के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, लेकिन लोग आंतरिक मतभेदों और जी 20 जैसे वैकल्पिक अधिक प्रतिनिधि संस्थानों के उदय के कारण इस समूह की प्रासंगिकता पर तेजी से सवाल उठा रहे हैं। जी-7 का अब भी अस्तित्व में बने रहना एक निश्चित जड़ मानसिकता को दर्शाता है कि सात अमीर देश बाकी 200 देशों के भाग्य का निर्धारण कर सकते हैं। इसकी घड़ी 1960 के दशक में ही अटकी हुई है। इसके आंतरिक विभाजन के अलावा, बाहरी गतिशीलता ने जी-7 के वैश्विक प्रभाव को कम कर दिया है। मौजूदा स्वरूप में जी-7 के अस्तित्व में बने रहने का कोई कारण नहीं रह गया है। हाल ही में, दुनिया के उन्नीस सबसे बड़े देशों और यूरोपीय संघ के समूह (जी-20) की शक्ति और प्रतिष्ठा, जी-7 से आगे निकल गई है। जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 फीसदी और दुनिया की करीब 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने भारी लाभ कमाया है, जिससे जी-7 की प्रासंगिकता और विश्व अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने में इसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, जो कम अमीर देशों के विकास पर तेजी से निर्भर हो रही है। ब्राजील, चीन, भारत, मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका सहित उभरती शक्तियां, जिनकी जी-7 में अनुपस्थिति अक्सर देखी जाती थी, वे सभी जी-20 में शामिल हैं। इसके अलावा ब्रिक्स नए सदस्यों को शामिल कर रहा है, जबकि जी-7 एक बंद क्लब है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कोई भी उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन नहीं हुआ, जो इस बात का संकेत है कि संयुक्त राष्ट्र का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वर्ष 2025 पागलपन का साल है। यूक्रेन और उसका विनाश, इस साल का प्रमुख मुद्दा है, जैसा कि इस्राइल और गाजा का है। कश्मीर में हुए भीषण आतंकवादी हमले से उपजे भारत-पाकिस्तान तनाव ने कुछ समय के लिए अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरीं। फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हास्यास्पद दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान, दोनों को पीछे हटने या व्यापार प्रतिबंधों का सामना करने के लिए धमकाकर तृतीय विश्वयुद्ध को रोका है। पाकिस्तान और उसके द्वारा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को जन्म देने को आसानी से भुला दिया गया। मई 2025 के मध्य में राष्ट्रपति ट्रंप सऊदी अरब गए, जो उनके दूसरे कार्यकाल में उनकी पहली विदेश यात्रा थी, और सऊदी क्राउन प्रिंस की मौजूदगी में उन्होंने सीरिया के स्वयंभू आतंकवादी राष्ट्रपति को गले लगाया, जिसके सिर पर एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम था। वह ट्रंप का सबसे नया 'सुंदर' पसंदीदा बन गया। वह यूएई और कतर भी गए और उनके साथ अरबों डॉलर के रक्षा सौदे किए।

*जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 फीसदी और दुनिया की करीब 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।*

# विचार की वीणा पर व्यंग्य के स्वर
# नीत्शे की पेशी और अन्य नाटक

पुस्तक समीक्षा

नीत्शे की पेशी और अन्य नाटक सोमदत्त शर्मा का पहला नाट्य संग्रह है, जिसमें उनके अनुभव, वैचारिक परिपक्वता और व्यंग्यात्मक शैली अत्यंत प्रभावपूर्ण है। इससे पूर्व लेखक ने विभिन्न विधाओं में अपनी लेखनी चलायी है, लेकिन यह संग्रह उन्हें एक विचारशील और प्रयोगशील नाटककार के रूप में स्थापित करता है। इस संग्रह में कुल तीन नाटक हैं जिनमे से पहले दो नाटक 'नीत्शे की पेशी' और 'भगवान के चक्कर में' मंच पर प्रस्तुत किए जाने हेतु रचे गए हैं, जबकि तीसरा नाटक 'डील पक्की महाराज' विशेष रूप से रेडियो प्रसारण के लिए उपयुक्त है, जिसमें दो भाग हैं। इसका पहला भाग अपने आप में एक स्वतंत्र नाटक की तरह मंचित भी किया जा सकता है। तीनों नाटकों का मूल स्वर व्यंग्य है तथा लेखक ने पौराणिक पात्रों और प्रतीकों के माध्यम से समकालीन यथार्थ को उजागर करने का अभिनव प्रयास किया है। उनके नाटकों में देवता, दार्शनिक और आम मनुष्य एक ही मंच पर उपस्थित होकर वर्तमान सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक विसंगतियों पर तीखी टिप्पणी करते हैं। इस क्रम में लेखक ने न केवल धर्म, दर्शन और मिथकों की पुनर्रचना की है, बल्कि उनके माध्यम से आज के समाज का प्रतिबिंब भी प्रस्तुत किया है। धर्म के नाम पर पाखंड, विचार के नाम पर अराजकता और संस्कृति के नाम पर विकृति इन सभी पहलुओं को लेखक ने तीव्र व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इन नाटकों की विशेषता यह है कि ये दर्शकों को केवल हँसाते नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए भी विवश करते हैं। काल, स्थान तथा कार्य (संकलन-त्रय), पात्रों की योजना और भाषा की सहजता इन्हें अत्यंत प्रभावशाली बनाती है। यह संग्रह पौराणिकता और आधुनिकता के बीच एक सशक्त वैचारिक सेतु का निर्माण करता है, जो समकालीन हिंदी नाटक को एक नई दिशा प्रदान करेगा। संग्रह का प्रथम नाटक 'नीत्शे की पेशी' एक असामान्य दार्शनिक अदालत का दृश्य प्रस्तुत करता है, जहाँ पश्चिमी विचारक फ्रेडरिक नीत्शे को उसके विचारों के लिए कठघरे में खड़ा किया जाता है। परंतु यह नाटक केवल एक दार्शनिक की सुनवाई भर नहीं, बल्कि विचारों, आस्था, परंपरा, मनुष्यता और नियति पर एक व्यापक संवाद है। यदि हम इस नाटक की कल्पना को भारतीय पौराणिक प्रतीकों और देवी-देवताओं के माध्यम से देखें, तो यह एक अत्यंत रोचक और गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। कल्पना कीजिए कि नाटक में विष्णु मुख्य न्यायाधीश की भूमिका में हैं; सृष्टि की रक्षा और धर्म की स्थापना का भार जिन पर है। नारद इस प्रक्रिया के प्रमुख संवादवाहक हैं, जो देवताओं और जीवों के बीच संवाद रचते हैं और कहीं न कहीं व्यंग्य और कटाक्ष के माध्यम से नीत्शे के विचारों की परीक्षा कराते हैं। लक्ष्मी जी इस व्यवस्था में मनुष्य की 'कामनाओं' और 'मूल्य-बोध' की प्रतीक हैं, जो नीत्शे के मूल्य-परिवर्तन के विचार से टकराती हैं। ब्रह्मा और सरस्वती देवी विचार और ज्ञान के प्रतीक रूप में उपस्थित हैं ब्रह्मा सृष्टि के कर्ता हैं और सरस्वती देवी 'वाणी', 'विवेक' और 'शब्द' की अधिष्ठात्री। यह दोनों पात्र नीत्शे के तर्कों का साक्षात्कार करते हैं और यह प्रश्न उठाते हैं कि क्या ईश्वर की मृत्यु का विचार सृष्टि के मूल को नकारने के समान है? शिव इस नाटक में संहारक नहीं बल्कि विवेचक रूप में हैं, वे नीत्शे की 'अतिमानव' की संकल्पना को अपने 'वैराग्य' और 'तांडव' के माध्यम से परखते हैं। वहीं यमराज और चित्रगुप्त जीवन के कर्म और उसके परिणामों का लेखा-जोखा रखते हुए यह निर्णय करते हैं कि नीत्शे का दर्शन कर्महीनता की ओर ले जाता है या आत्मोन्नति की ओर। भाग्यविधात्री देवी और सरस्वती जैसे स्त्री पात्र यहाँ निर्णायक भूमिका निभाते हैं नाटक में उपस्थित पहला जीव, दूसरा जीव, तीसरा जीव, चौथा जीव और पाँचवाँ जीव आम जनमानस के प्रतिनिधि हैं, जो अपनी व्यथा, द्वंद्व, शंका और जिज्ञासाओं के माध्यम से नीत्शे के विचारों की धरातल पर पड़ने वाले प्रभावों को सामने लाते हैं। उनके संवाद वास्तविक जीवन की चिंताओं को दर्शाते हैं यथा क्या विचारों की स्वतंत्रता अराजकता को जन्म देती है या आत्मनिर्माण की ओर ले जाती है? इस प्रकार, नाटक केवल दर्शनशास्त्र की बहस नहीं, बल्कि कर्म, धर्म, नियति और विचार स्वतंत्रता के बीच का गूढ़ संघर्ष है। 'नीत्शे की पेशी' भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों के आलोक में एक ऐसा मंच बन जाता है जहाँ पश्चिमी विचार और भारतीय परंपरा आमने-सामने बैठकर आत्मावलोकन करते हैं।

कह सकते हैं कि यह नाटक एक दार्शनिक विमर्श को पौराणिक मंच में बदल देता है, जहाँ हर पात्र न केवल नीत्शे का न्याय करता है, बल्कि स्वयं के विचारों और भूमिका पर भी प्रश्न उठाता है। श्रोताओं को न केवल हँसाता है, बल्कि भीतर तक झकझोरते हुए गंभीर सामाजिक प्रश्नों से भी साक्षात्कार कराता है। यही इस नाटक की सबसे बड़ी सफलता और विशेषता है।


संग्रह का दूसरा नाटक 'भगवान के चक्कर में' मंदिर व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पाखंड और धार्मिक राजनीति की सच्चाइयों को प्रभावशाली ढंग से उजागर करता है। लेखक ने इस नाटक के माध्यम से यह दिखाने का प्रयास किया है कि कैसे आज का धर्म व्यवस्थागत छल, लोभ और बाजारवाद में फँसकर अपनी मूल आत्मा से दूर हो चुका है। पौराणिक पात्रों जैसे शंकर भगवान, विष्णु, लक्ष्मी, नारद और पंडितजी के माध्यम से यह नाटक आज की धार्मिक विडंबनाओं का आईना बन जाता है। नाटक की केंद्रीय कहानी एक मंदिर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पंडित जी मुख्य भूमिका निभाते हैं। वे मंदिर के व्यवस्थापक होने के साथ-साथ एक व्यापारी भी बन जाते हैं, जो धर्म को अपने लाभ के लिए प्रयोग करता है। भगवान स्वयं इस मंदिर में आने का निर्णय करते हैं ताकि देखें कि उनके नाम पर क्या हो रहा है, लेकिन जब वे वहाँ पहुँचते हैं तो पाते हैं कि उनकी स्थिति किसी आम आदमी जैसी हो गई है; न पहचान, न सम्मान और न ही कोई सुनवाई। नारद मुनि हमेशा की तरह देव-लोक और पृथ्वी के बीच संवाद सेतु बनते हैं, किंतु इस बार वे देवताओं के लिए चिंता लेकर आते हैं क्योंकि पृथ्वी पर मंदिरों में भगवानों की स्थिति विचारणीय है। विष्णु और शंकर जैसे हमारे आराध्य, जो त्रिलोकपाल माने जाते हैं, वे भी व्यवस्था के आगे असहाय दिखते हैं। इस दृश्य में लेखक ने अत्यंत प्रभावी रूप से यह दिखाया है कि यदि ईश्वर भी इस व्यवस्था में कुछ नहीं कर सकते, तो सामान्य भक्त की क्या बिसात है?

कमेटी के अध्यक्ष, मंत्री और अन्य पात्र धर्म के व्यवसायीकरण को दर्शाते हैं। मंदिर अब भक्ति का स्थान नहीं, लाभ और राजनीति का केंद्र बन चुका है। कमेटी, जो भगवान की सेवा हेतु बनी है, अब केवल दिखावा और निर्णय थोपने का माध्यम बन जाती है। नाटक में लक्ष्मीजी भी आती हैं पर वे अब भक्ति की नहीं, धन की देवी बनकर प्रस्तुत होती हैं। यह दृश्य न केवल व्यंग्य रचता है, बल्कि एक तीव्र आलोचना भी करता है कि कैसे 'धर्म' अब 'धन' से नियंत्रित होता है। लेखक का यह संदेश अत्यंत स्पष्ट है कि जब धर्म; राजनीति और पूंजीवाद की जकड़ में आ जाए, तो ईश्वर भी निरीह हो जाते हैं। मंदिर अब उस पवित्र स्थल की जगह ले चुका है जहाँ भ्रष्टाचार, अहंकार और स्वार्थ का बोलबाला है। इस विडंबना को प्रस्तुत करने के लिए पौराणिक पात्रों का समकालीन संदर्भ में उपयोग, नाटक को प्रभावी बनाता है।

'भगवान के चक्कर में' एक गंभीर सामाजिक व्यंग्य है, जो हास्य के आवरण में एक गहरी पीड़ा और चिंता प्रकट करता है। यह नाटक हमें धर्म की वास्तविकता पर सोचने के लिए विवश करता है। क्या हम सचमुच भगवान की भक्ति कर रहे हैं, या केवल उनके नाम का व्यापार? इस नाटक में भी प्रथम नाटक 'नीत्शे की पेशी' का प्रभाव शेष है। तभी तो नारद जी कहते हैं- "एक दुनिया वो है प्रभु जिसने घोषणा कर दी है कि भाषा, धर्म, इतिहास, कविता, परिवार, विचार, संगीत सब का अंत हो चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**सोमदत्त शर्मा की कृति**






**डॉ. सीमा शर्मा**
सह आचार्य (हिंदी)

### अपने मुंह मियां मिट्ठू

राजन नामक प्राणी एक छोटे से नगर में जन्मा, लेकिन महापुरुष बनने की महत्त्वाकांक्षा लेकर बड़ा हुआ। वैसे तो वह सरकारी दफ्तर में तीसरे दर्जे का क्लर्क था, लेकिन आत्मा में वह एक प्रधानमंत्री, मस्तिष्क में एक नोबेल पुरस्कार विजेता, और दिल में एक बॉलीवुड हीरो था। समस्या बस इतनी थी कि उसे कोई और ऐसा नहीं मानता था – तो उसने खुद ही मानना शुरू कर दिया। राजन को "मुंह मियां मिट्ठू" बनने की कला में पीएचडी प्राप्त थी। वह खुद को ऐसा प्रचारित करता जैसे चुनावी पोस्टर पर मुस्कुराता हुआ नेता – "विकास का दूसरा नाम – राजन!" वह जब भी किसी से मिलता, उसकी बातचीत की शुरुआत होती, "आपको शायद पता नहीं, मैं पहले भी कई बार न्यूयॉर्क जा चुका हूँ..." फिर चाहे वह न्यूयॉर्क पास की मिठाई की दुकान क्यों न हो। राजन का संवाद-संग्रह एकतरफा था – सामने वाला सुनता और राजन अपने महान कार्यों की बुलेट ट्रेन चलाता। "मैं कॉलेज में टॉपर था," वह कहता, जबकि हकीकत में उसने गणित के पेपर में सवाल को 'कविता' समझकर लिखा था – "घटाना है जीवन, जोड़ना है अनुभव।" एक दिन राजन ने ठान लिया कि छोटा शहर उसकी प्रतिभा के लिए छोटा पड़ रहा है। जैसे एक मोर को पिंजरे में बंद कर दिया गया हो। उसने एक बड़े शहर की ओर प्रस्थान किया, जहां उसे एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी मिल गई। पहले ही दिन ऑफिस में घुसते ही उसने घोषणा कर दी – "मैं तो यहाँ सीएसआर हेड बनने आया हूँ।" जबकि नौकरी की प्रोफ़ाइल थी – "डाटा एंट्री ऑपरेटर।" राजन ने अपने सहकर्मियों को बताना शुरू किया कि वह एक प्रसिद्ध लेखक हैं। "मेरी कहानियाँ पढ़कर लोग रो पड़ते हैं।" जब किसी ने पूछा, "कहाँ छपी हैं?" तो बोले-"एक विदेशी जर्नल में, नाम याद नहीं आ रहा, कुछ फ्रेंच में था – शायद 'द वायर' या 'द विडर'।" फिर बोले, "छपने से पहले ही बेस्टसेलर घोषित हो गई थीं।" उसने दावा किया कि वह एक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर रह चुके हैं। जब पूछा गया, "किस टीम से खेले?" तो राजन बोले – "दिल्ली डॉल्फ़िन्स एक सीक्रेट टीम थी, बीसीसीआई को बताना भी मना था।" जब सबने हंसते हुए उसकी तरफ देखा तो उसने विषय बदल दिया – "मेरी मां एक अंतरराष्ट्रीय पेंटर थीं, जिनकी पेंटिंग्स आज भी पेरिस की गलियों में बिकती हैं – हाँ, गूगल पर नहीं मिलेंगी, वो underground artist थीं।" ऑफिस के लोग पहले तो उसकी बातों पर हँसते रहे, फिर ध्यान देना छोड़ दिया। अब जब भी राजन बोलता, तो कान बंद कर लिए जाते थे। ऑफिस में उसे 'फील-गुड चैनल' कहा जाने लगा – फ्री में मूड ठीक करने वाली झूठी बातें सुननी हो तो राजन के पास चले जाओ। लेकिन एक दिन आफ़त आ गई – दफ़्तर में नया बॉस आया। वह तेज, सख्त और ईमानदार था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# हाशिए से बुकर तक : बानू मुश्ताक की कलम की ताकत

बुकर तक पहुँची वो आवाज़, जिसे कभी सुना नहीं गया

बानू मुश्ताक़ का नाम आज एक ऐसी शख्सियत के रूप में उभरकर सामने आया है, जो न केवल कन्नड़ साहित्य की दुनिया में एक चमकता सितारा है, बल्कि उन तमाम औरतों की आवाज़ है, जिन्हें समाज ने लंबे समय तक हाशिए पर रखा। 2025 में जब उनकी लघु कथा संग्रह 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, तो यह क्षण न केवल उनके लिए, बल्कि भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं और उनमें रची जा रही साहित्यिक कतियों के लिए एक ऐतिहासिक जीत बन गया। यह पुरस्कार एक संदेश है—दुनिया अब उन कहानियों को सुनने को तैयार है, जो रसोईघरों की चहारदीवारी, बुर्कों की ओट और सामाजिक बंधनों की ज़ंजीरों से निकलकर सामने आ रही हैं। बानू की कहानियां सिर्फ़ साहित्य नहीं, बल्कि एक ख़ामोश क्रांति हैं, जो पितृसत्ता, धार्मिक कट्टरता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ़ चुपचाप लेकिन दृढ़ता से खड़ी होती हैं। उनकी लेखनी उस दीपक की तरह है, जो न केवल रोशनी देता है, बल्कि उस अंधेरे को भी उजागर करता है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। बानू मुश्ताक़ का जीवन स्वयं एक कहानी है—संघर्ष, विद्रोह और आत्म-खोज की कहानी। कर्नाटक के एक छोटे से मुस्लिम मोहल्ले में जन्मीं बानू का बचपन उन गलियों में बीता, जहां रूढ़ियां और परंपराएं हर कदम पर साये की तरह साथ चलती थीं। उनके पिता की प्रगतिशील सोच ने उन्हें कन्नड़ माध्यम के स्कूल में पढ़ने का अवसर दिया, जो उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उर्दू में क़ुरान की तालीम से शुरू हुआ उनका सफ़र कन्नड़ साहित्य की दुनिया तक पहुंचा, और यहीं से उनके भीतर की कहानीकार ने जन्म लिया। स्कूली दिनों में ही उन्होंने लिखना शुरू कर दिया था, लेकिन विवाह और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने उनके लेखन को कुछ समय के लिए थाम लिया। जीवन के सबसे कठिन दौर में, जब वे अवसाद और घरेलू बोझ से जूझ रही थीं, उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश की। लेकिन यह वही पल था, जब उनके भीतर की आग ने नया रूप लिया। इस दर्द ने उनकी लेखनी को एक नई गहराई दी, और 'हार्ट लैंप' की कहानियां इसी आग की लपटों से रची गईं। 'हार्ट लैंप' की कहानियां साधारण औरतों की असाधारण कहानियां हैं। ये औरतें चीखती-चिल्लाती नहीं, न ही नारे लगाती हैं। इनका विद्रोह ख़ामोश है, लेकिन इतना गहरा कि वह पाठक के मन को झकझोर देता है। बानू की कहानियों में घरेलू स्त्रियां हैं—माएं, बहनें, पत्नियां—जो रोज़मर्रा की जिंदगी में पितृसत्ता और सामाजिक दबावों से जूझती हैं। उनकी कहानियां सवाल उठाती हैं—नारी की आज़ादी क्या है? क्या यह सिर्फ़ बाहरी बंधनों से मुक्ति है, या फिर अपने भीतर की उस आवाज़ को सुनने की हिम्मत, जो समाज के शोर में दब जाती है? 'हार्ट लैंप' उन अनकहे विकल्पों की कहानी है, जिन्हें साहित्य अक्सर अनदेखा कर देता है। यह किताब सिर्फ़ कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज़ है। बानू की लेखनी की ताक़त यही है कि वह सामान्य को असामान्य बना देती है, और हाशिए पर मौजूद लोगों की कहानियों को मुख्यधारा में लाती है। बानू की साहित्यिक यात्रा केवल लेखन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने पत्रकारिता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। 'बांदाया आंदोलन' से जुड़कर उन्होंने साहित्य को सामाजिक बदलाव का हथियार बनाया। उनकी लेखनी में पत्रकारिता का यथार्थ और एक्टिविज़्म का जज़्बा साफ़ झलकता है। जब उन्होंने मस्जिदों में महिलाओं के नमाज़ पढ़ने के अधिकार पर खुलकर लिखा, तो उन्हें धमकियां मिलीं, फ़तवे जारी हुए, और यहाँ तक कि उनकी जान पर हमला भी हुआ। लेकिन बानू ने हार नहीं मानी। उन्होंने लिखा, और लिखती रहीं—स्पष्ट, निडर और ईमानदार। उनकी यह हिम्मत उनकी कहानियों में भी दिखती है, जहां पात्र छोटे-छोटे विद्रोहों के ज़रिए अपनी जगह बनाते हैं। बानू मुश्ताक़ की लेखनी का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को उस रूढ़िगत छवि से बाहर निकाला, जिसमें उन्हें अक्सर कैद कर दिया जाता है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा उन धार्मिक व्याख्याओं को चुनौती दी है, जो अंधविश्वास पर टिकी हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

नया रथी, रथ भी नया, उत्साहित जज़्बात।
चले खूब, फिर भी वहीं, खड़े, जहाँ थे रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# तमस से ज्योति की ओर एक सुधारवादी यात्रा

राजा राममोहन राय जन्म जयंती

यह वह समय था जब हिन्दुस्तान एक तरफ विदेशी दासता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था वहीं दूसरी तरफ रूढ़िवाद, धार्मिक संकीर्णता, सामाजिक कुरीतियों और दमघोंटू प्रथाओं के बोझ तले दबा हुआ था। तभी एक मसीहा, समाज-सुधारक एवं क्रांतिकारी महामानव अवतरित हुआ जिसने तमाम बुराइयों को चुनौती दी और आखिरी सांस तक बदलाव के लिये क्रांतिकारी योद्धा की तरह लड़ा। ये मसीहा था राजा राममोहन राय। इन्हें देश एवं दुनिया आज भारत में सामाजिक सुधारों के अग्रदूत के तौर पर याद करती है। अपने दौर में वे 'भारतीय पुनर्जागरण के पितामह' बनकर सच्चे जीवन की लौ बनें और इस लौ का आह्वान था नये भारत का निर्माण। वे तमस से ज्योति की ओर एक बहुआयामी सुधारवादी यात्रा का उजाला थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी राय के द्वारा स्थापित 'ब्रह्म समाज', जो आधुनिक पश्चिमी विचारों से प्रभावित था, सबसे शुरुआती सुधार आंदोलन था। एक सुधारवादी विचारक के रूप में राय आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवीय गरिमा तथा सामाजिक समानता के सिद्धांतों में विश्वास करते थे। राय के प्रयासों से ही भारत में आधुनिक धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव पड़ी। राय के बाद, देवेंद्रनाथ ठाकुर और केशव चंद्र सेन जैसे सुधारकों ने ब्रह्म समाज के विचारों को आगे बढ़ाया और इसे एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाया। उन्नीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची, वे इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। वे साहित्यस्रष्टा के साथ-साथ धर्मक्रांति एवं समाजक्रांति के सूत्रधार विराट व्यक्तित्व थे। राजा राम मोहन राय का जन्म पश्चिम बंगाल स्थित हुगली जिले के राधानगर गांव में 22 मई 1772 को हुआ। पिता रमाकांत राय शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले थे, वहीं माता तारिणी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूरा परिवार कट्टर हिन्दु परंपराओं का हिमायती था लेकिन राममोहन राय को बिना तर्क किसी भी बात को स्वीकार नहीं करते थे, इसलिए जब केवल 15 साल के थे तो उन्होंने मूर्ति पूजा को लेकर सवाल खड़े कर दिये। साथ ही अन्य प्रथाओं की भी आलोचना करनी आरंभ कर दी। हिन्दू परंपराओं का विरोध करना शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले पिता रमाकांत को नागवार गुजरी। पिता-पुत्र में गहरा मतभेद हो गया। राय को पढ़ने के लिए पटना भेज दिया गया। यहां उन्होंने बांग्ला, पारसी, अरबी, संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया। यहां भी वो हिन्दू परंपराओं और प्रथाओं को तर्क की कसौटी पर परखते रहे और सवाल उठाते रहे। पढ़ाई पूरी करने के बाद राय ने ईस्ट इंडिया कंपनी के राजस्व विभाग में नौकरी कर ली, यहां वे कई अंग्रेजों के संपर्क में आये। उनकी सभ्यता, सोच और तौर-तरीकों को करीब से महसूस किया। उन्होंने समझ लिया कि पश्चिमी सभ्यता विकास की प्रक्रिया में काफी आगे निकल गयी है जबकि हिन्दुस्तान इसके मुकाबले सदियों पीछे जी रहा है। राय ने हिन्दू ग्रंथों के साथ इस्लाम एवं ईसाई धर्मों एवं ग्रंथों का भी गहराई से अध्ययन किया। उन्हें एक बात समझ आयी कि हिन्दू धर्म ग्रंथों में वो कतई नहीं लिखा है जो पोंगा पंडित, लोगों को बता रहे हैं। उन्होंने महसूस किया कि भारतीय जनमानस अपने ग्रंथों की मूलभावना से काफी अनजान है। ऐसा इसलिए था क्योंकि धर्मग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गये थे और लोगों की पहुंच से दूर थे। इसलिए उन्होंने धर्मग्रंथों का हिन्दी, बांग्ला, अरबी और फारसी भाषाओं में अनुवाद किया। उन्होंने अपने अखबारों 'संवाद कौमुदी' और 'मिरात-उल-अखबार' में लेखों के जरिये आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत का जनक माना जाता है। वे एक महान समाज सुधारक, विचारक एवं क्रांतिपुरुष थे, जिन्होंने 19वीं सदी में भारत में सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक सुधारों के लिए अनूठे एवं विलक्षण उपक्रम किये। उन्होंने व्यक्ति-क्रांति के साथ समाज-क्रांति करते हुए सती प्रथा, बाल विवाह और जाति व्यवस्था जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा दिया और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। राय का मानना था कि धार्मिक रूढ़िवादिताएं समाज की स्थिति को सुधारने के बजाय क्षति का कारण, परेशानी का स्रोत, सामाजिक जीवन के लिए हानिकारक और लोगों को भ्रमित करने वाली बन गई हैं। उनका यह भी मानना था कि बलिदान और अनुष्ठान लोगों के पापों की भरपाई नहीं कर सकते; यह आत्म-शुद्धि और पश्चाताप के माध्यम से किया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डीसी ने जलडेगा में विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए अहम निर्देश

- मनरेगा (महिला श्रमिकों को प्राथमिकता)
- अबुआ आवास योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने बुधवार को जलडेगा प्रखंड कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक की। प्रखंड सभागार बैठक में मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन, महिला श्रमिकों को रोजगार की उपलब्धता, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मास्टर रोल निर्गत करने तथा योजनाओं के जियो टैगिंग की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पंचायतों में योजनाओं का सतत संचालन सुनिश्चित हो और महिला मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हो। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी गई है और 150 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां नियमित भ्रमण कर लाभुकों से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। साथ ही उन्होंने लंबित आवासीय योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने और सभी स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुराने एवं अपूर्ण योजनाओं को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई, जिसमें उपायुक्त ने पारदर्शी एवं उपयोगी व्यय सुनिश्चित करने की बात कही।इसके पश्चात उपायुक्त ने लोम्बोई पंचायत का निरीक्षण किया, जहाँ मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन एवं बागवानी योजना की प्रगति का अवलोकन किया गया। विशेष रूप से नई बागवानी योजना के अंतर्गत गड्ढा खुदाई कार्य और उसका जियो टैगिंग एवं मास्टर रोल निर्गत करने पर बल दिया गया। पंचायत अंतर्गत ली गई योजना के तहत लाभुक समिति को सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप राशि की भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पंचायत अभिलेखों, विशेषकर 7 पंजियों की जांच की तथा मुखिया, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक को तिथि सहित हस्ताक्षर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मास्टर रोल में दर्ज श्रमिकों से ही कार्य कराया जाए, और नाम मात्र की उपस्थिति दिखाकर फर्जी भुगतान पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। हर योजना में महिला मेट की नियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने आयुष्मान आरोग्य शिविर का भी निरीक्षण कर लाभुकों को मिल रही सेवाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात् उन्होंने कोनमेरला पंचायत में दीदी बगिया योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुक को पौधों के आसपास की घास का नियमित रूप से साफ करने के निर्देश दिए। जिससे कि पौधा की गुणवत्ता बेहतर रहे। उन्होंने पास में बने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की भी समीक्षा की गई और इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके बाद आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। बागवानी में बहुत सारे फल हुए हैं।

## डीसी ने किया शहीद बस स्टैंड का औचक निरीक्षण, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने बुधवार को सिमडेगा मुख्यालय स्थित शहीद तेलंगा खड़िया बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय की स्थिति सहित यात्रियों को मिलने वाली अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।उपायुक्त ने मौके पर मौजूद नगर परिषद प्रशासक को निर्देश दिया कि यात्रियों की सुविधा हेतु शौचालय का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाए। साथ ही उन्होंने बस स्टैंड के विस्तार के लिए पास स्थित पानी टंकी के भूभाग का कुछ हिस्सा बस स्टैंड में शामिल करने की संभावनाओं पर विचार करने को कहा, ताकि यात्री सुविधा में और सुधार किया जा सके।इसके पश्चात उपायुक्त श्री सिंह ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए नगर परिषद को शहरी क्षेत्र में सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सभी प्रमुख स्थलों पर चिन्हित पार्किंग स्थलों का निर्माण और उपयोग आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने ऑटो स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड की भी समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ऑटो स्टैंड परिसर में आईटीडीए विभाग द्वारा निर्मित कियोस्क का भी जायजा लिया और उसके मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन कियोस्क का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर स्थानीय नागरिकों को बेहतर सेवा दी जा सकती है। उपायुक्त ने अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शहर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु ठोस कार्य योजना पर अमल करने की अपील की।

## विद्यालय परिसर में भूमि धंसाव पर उपायुक्त सख्त, शीघ्र मरम्मत के निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बुधवार को जलडेगा प्रखंड भ्रमण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में पढ़ रही बच्चियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छता, भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।उपायुक्त ने विद्यालय के रसोईघर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि रसोईघर की जमीन धंस गई है। जानकारी दी गई कि निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी की भराई की गई थी, लेकिन वह ठीक से दबाई नहीं गई थी। साथ ही भवन की ऊंचाई अधिक होने के कारण नीचे से मिट्टी का कटाव हो गया, जिससे भूमि धंसाव की स्थिति उत्पन्न हुई। उपायुक्त ने इस मामले में संबंधित एजेंसी से तकनीकी जांच कराकर शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया।इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा की गई व्यय राशि की जांच की। समिति द्वारा छात्राओं के कमरों में पंखा एवं लाइट लगाने के लिए राशि खर्च करने की बात कहीं। उपायुक्त ने पारदर्शिता और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने विद्यालय के समग्र विकास के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को विद्यालय को "गोद" लेने की बात कही, ताकि योजनाबद्ध रूप से आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत विद्यालय परिसर में शोक पीट एवं नाडेप निर्माण कराने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उपायुक्त ने विद्यालय को एक आदर्श संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए सभी को समर्पित होकर कार्य करने की अपील की। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने जलडेगा प्रखंड के लोम्बोई एवं कोनमेरला पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने बेनेदिक टेटे, पुष्पा देवी एवं श्रीमती सुखमनी देवी के नवनिर्मित घरों का फीता काटकर गृह प्रवेश कराया।उपायुक्त ने आवासों की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कार्य की जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से बेघर और ज़रूरतमंद लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने हेतु छत उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि सभी पात्र लाभुकों को समय पर आवास उपलब्ध हो सके।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, पंचायत के मुखिया, बीपीओ, रोजगार सेवक तथा अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस योजना के अंतर्गत मिल रहे लाभ के लिए सरकार का आभार प्रकट किया। वहीं उपायुक्त सहित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।उपायुक्त ने लाभुक परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सिर्फ घर नहीं, बल्कि एक नए जीवन की शुरुआत है।

## ऑपरेशन सिंदूर और पीएम के समर्थन में निकली तिरंगा यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा देवी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत बानो शिव मंदिर प्रांगण से हुई, जो मुख्य पथ, डाकघर, बिरसा चौक और स्टेशन रोड होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई।तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने "पाकिस्तान मुर्दाबाद", "हिंदुस्तान जिंदाबाद" और "ऑपरेशन सिंदूर जारी रहे" जैसे नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में जमकर जयकारे लगाए।इस अवसर पर सुषमा देवी ने कहा हम प्रधानमंत्री और सेना के कठोर निर्णय का स्वागत करते हैं। देश अब आतंकवाद के प्रति किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। पाकिस्तान जैसे आतंकी देश को जवाब देने की क्षमता सिर्फ पीएम मोदी में है।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, विश्वनाथ बड़ाईक, तिलकु चौरसिया, संतोष साहू, अमित सोनी, नरेश अग्रवाल, ललिता जोजो, कल्पना तमगढ़िया, ज्योति देवी, सीता देवी, अमृता देवी एवं उदय साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बानो थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया

**बानो।** बानो थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन सीओ रवि भूषण प्रसाद की उपस्थिति में किया गया। सीओ ने मामलों की सुनवाई के दौरान कहा कि थाना दिवस पर मामलों की सुनवाई से लोग काफी लाभान्वित हो रहे है ।थाना सुनवाई के दौरान कई वियावादित पुराने मामले ग्राम सभा के माध्यम से भी निपटारा नहीं हो पाया था इस तरह के भी जमीन सम्बन्धित मामले आ रहा है ।सभी मामलो की सुनवाई कर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलो का निष्पादन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी खुश है ।सीओ ने बताया कि थाना दिवस पर मामलों की सुनवाई के दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए अंचल कर्मी से स्पॉट की निरीक्षण कराकर मामलो का निष्पादन किया जा रहा है।थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि थाना दिवस पर मामलों की सुनवाई से लोग काफी खुश है ।

## प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश और डालसा के सचिव ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा और प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम ने बुधवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण कर जेल व्यवस्थाओं एवं बंदियों के हितार्थ संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान जेल किचन में भोजन व्यवस्था सहित खाने और बंदियों के उपयोग के लिए अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक,जेल अस्पताल,वीसी एवं कियोस्क कक्ष,मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण कर स्वच्छता व हाईजीन के बारे में जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों से संवाद कर समस्याएं भी पूछी तथा उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। बंदियों के जमानत और रिहाई की जानकारी लेकर प्राधिकार सचिव को बंदियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। प्रधान जिला जज ने मंडलकारा का निरीक्षण के दौरान बंदियों से बात चित करते हुए उन लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जेल में बंद कैदियों से उन्होंने जेल से मिलने वाले भोजन,स्वास्थ्य सुविधा,रख रखाव आदि के बारे जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अध्यक्ष और सचिव ने महिला बंदियों से भी मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे छोटे बच्चों को भी जेल मैन्युअल के मुताबिक आवश्यक सुविधा देने के निर्देश दिए। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों ने पाया कि इस समय जेल में कुल 206 कैदी बंद हैं,जिनमें 202 विचाराधीन और 4 सजायाफ्ता हैं। इस दौरान पीडीजे ने पाया कि दो बंदी बीमार हैं,जिन्हें बेहतर चिकित्सा की आवश्यकता है,इन दोनों बंदियों को पीडीजे ने तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्राधिकार के चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल,जेल अधीक्षक अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लीची तोड़ने में युवक पेड़ से गिरा,घायल

**बानो।** थाना क्षेत्र के बांकी पंचायत अंतर्गत सुमिनबेड़ा निवासी युवक लीची तोड़ने के क्रम में पेड़ से नीचे गिर कर घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल को प्राथमिक इलाज हेतु बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना और प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग बानो अस्पताल पहुंचे और घायल की स्थिति की जानकारी ली। डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने बताया की युवक के बाएं आंख में चोट आया है और नाक से काफी रक्तस्राव हो गया है।हालांकि घायल की स्थिति सामान्य है।डॉक्टर ने घायल युवक को सदर अस्पताल सिमडेगा में आई चेक अप कराने का सलाह दी।इस दौरान बानो अस्पताल में मौजूद सिविल सर्जन से जिला परिषद सदस्य और बानो प्रमुख मिले और बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने साथ ही स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने की बात कही

### 25 मई को होगी जैन सभा की बैठक, चुनावी प्रक्रिया कराई जाएगी संपन्न

**सिमडेगा।** जैन सभा की बैठक जैन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक जैन की। बैठक में सामाजिक कार्यों पर चर्चा करते हुए समिति के पुनर्गठन करने का निर्णय हुआ। बैठक में सर्वसम्मिति से 25 मई को नई समिति के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया संपन्न करने का निर्णय हुआ। 25 मई दिन रविवार को होने वाली बैठक में जैन सभा के सभी सदस्यों एवं मतदाताओं से उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराया जा सके। बैठक में जैन सभा के सदस्य योगेंद्र रोहिल्ला और मनोज जैन की पुत्री के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए समाज की ओर से बधाई दी गई। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में अशोक जैन मोहित, पवन जैन, विमल जैन, सुधीर जैन, अमित जैन, गुलाब जैन, प्रमोद जैन, सुशील जैन आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा पुलिस ने जुआ खेलते हुए 8 जुआरियों को किया गिरफ्तार ,भेजा जेल

**सिमडेगा।** जुआरियों के खिलाफ सिमडेगा को एक बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस ने 08 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बुधवार को प्रेस वार्ता कर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान ने बताया कि सिमडेगा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के हरीपुर में बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा है। एसपी के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी दल बल के साथ हरीपुर में छापामारी करते हुए 08 जुआरियों को धर दबोचे। गिरफ्तार जुआरियों में सूरज प्रसाद, नन्द किशोर सिंह, मो नसीर अंसारी, अनु बड़ाइक, गुलरेज मियां, अत्यंत मिंज, शीतल लकड़ा और विकास साव शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 63930 रुपए , 02 मोबाइल, दो बाइक और ताश की गड्डी मिली है। पुलिस ने कहा कि किसी भी सूरत में क्षेत्र में जुआ का कारोबार नहीं पनपने दिया जाएगा।

### कुरडेग में युवा हब युवा कम्पास का हुआ उदघाटन

**कुरडेग।** प्रखण्ड के झिरकामुण्डा गांव में बुधवार को युवा हब युवा कम्पास का उदधाटन मुख्य अतिथि बी डी ओ नैमन कुजूर के द्वारा दीप फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । उदघाटन में आए अतिथियों ने युवाओं के लिए इस नये केन्द्र के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि युवा हब का उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण , मार्गदर्शन, कैरियर काउंसेलिंग और स्टार्टअप सहयोग जैसे अवसर प्रदान करना है । वहीं मुख्य अतिथि बी डी ओ नैमन कुजूर ने कहा कि युथ हब न केवल युवाओं को आगे बढ़ने का माध्यम बनेगा बल्कि यह समाज को नई दिशा देने का कार्य भी करेगा । वहीं उदघाटन के अवसर पर रैली निकाला गया जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, सी ओ किरण डांग, टी आइ आर एफ के ब्लॉक कॉर्डीनेटर बलबीर कुमार , नितू सिंह , सुरेखा कुमारी , संध्या यादव , अरबिन्द एक्का , नसीमा , रेशमा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

### सिमडेगा में न्याय प्रशासन की अनूठी पहल राहगीरों को मिल रही शीतल जल सेवा

**सिमडेगा।** बढ़ती गर्मी में लोगों की मदद के लिए न्याय प्रशासन सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों का प्यास बुझाने की कोशिश कर रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा बुधवार को शिविर लगाकर लोगों के प्यास बुझाने के लिए पानी का वितरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने राहगीरों को शिविर लगाकर ठंडा पानी पिलाते हुए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम के नेतृत्व में कर्मियों ने शहर के महावीर चौक में राहगीरों और कड़ी धूप में अपनी ड्यूटी निभा रहे पुलिस जवानों के बीच भी ठंडा पानी,ओआरएस आदि पिलाया गया। मौके पर सचिव मरियम हेमरोम ने आने जाने वाले लोगों की पानी पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान करने की कोशिश की। सचिव ने कहा कि हिट वेब के कारण गर्मी से लोग परेशान हैं। शहर आने वाले लोगों को गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। इस मौके पर प्राधिकार द्वारा शहर के हृदयस्थली महावीर चौक में शिविर लगाकर लोगों के बीच पानी,ओआरएस आदि का वितरण कर लोगों को राहत देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राधिकार द्वारा महावीर चौक में घड़ा आदि की व्यवस्था की जाएगी जहां शीतल पेय उपलब्ध रहेगा। आने जाने वाले राहगीर पानी पीकर अपनी प्यास बुझा पाएंगे। मौके पर असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने भी राहगीरों के प्यास बुझाने की कोशिश की।

## नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिले सिमडेगा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधि मण्डल स्थानीय मुद्दा को लेकर बुधवार को नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीर बोदरा से मिले और अपनी बातों को रखते हुये नगर परिषद द्वारा नव निर्मित दुकानों के आवंटन में यह किया की सभी दुकान स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। प्रतिनिधि गणों ने झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं में आदिवासी मूलनिवासी के सहभागिता पर प्रकाश डालते हुये यह कहा की जिसकी जितनी आबादी है उसे उनका अधिकार मिलना ही चाहिए। साथ ही कांग्रेस पदाधिकारियों ने दुकान आवंटन सम्बंधित फार्म के साथ आरक्षण हेतु जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र जो जमीन के कागजात के साथ संगलन करते हुये फार्म जमा करने के लिए कहा। अगर अविलम्ब आरक्षण का रोस्टर फॉलो नहीं करने पर पार्टी धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा यह भी सुनिश्चित किया। इस मौक़े पर सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग,अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा,आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप लकड़ा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील मिंज,पूर्व नंप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव नोमीता बा,विधायक प्रतिनिधि सह दिशा सदस्य तिलका रमन, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव वारिस रज़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी जेम्स पी केरकेट्टा एवं कार्यकर्त्ता मो. अरमान उपस्थित हुये।

## सिमडेगा में ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर बस संचालकों पर कार्रवाई

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला के नेतृत्व में बुधवार को सिमडेगा शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। मधुकर नामक यात्री बस को शहर के विभिन्न स्थानों पर मनमाने ढंग से सवारी उठाते पाया गया, जो निर्धारित नियमों के विरुद्ध है। इस पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया।वहीं, अमित नामक नॉन-स्टॉप बस, जो सिमडेगा से रांची के बीच संचालित हो रही थी, का परमिट नहीं होने के कारण उसे जप्त कर सिमडेगा थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। डीटीओ बाखला ने बताया कि सभी बसों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित बस स्टॉप पर ही सवारी बैठाएं।

## महाबुवांग में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 230 मरीजों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखण्ड क्षेत्र के महाबुवांग गाँव में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार एवं थाना प्रभारी अमरनाथ सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर डॉ. मनोरंजन कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें और नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराएं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभ की जानकारी देते हुए कहा कि जिनके पास कार्ड नहीं है वे समय रहते बनवा लें, जिससे सरकारी अस्पतालों में कई गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज संभव हो सके।थाना प्रभारी अमरनाथ सोनी ने सुरक्षा और सामाजिक शांति पर बल देते हुए कहा, "महाबुवांग थाना क्षेत्र को शांतिपूर्ण बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।" उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, वैध कागजात रखने और साइबर अपराध से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों को शराब निर्माण से दूर रहने और बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया।शिविर में कुल 230 मरीजों की जांच की गई, जिसमें खून, शुगर, बीपी, मलेरिया आदि की जांच निःशुल्क की गई।

# पेसा की मूल भावना के साथ झारखंड सरकार कर रही है छेड़छाड़ : ग्लैडसन डुंगडुंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** समाज विकास केंद्र, सिमडेगा में आदिवासी सुरक्षा परिषद के तत्वावधान में आयोजित पेसा विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने झारखंड सरकार पर "पेसा कानून 1996" की मूल भावना से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया। परिषद के अध्यक्ष और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि पेसा का मूल उद्देश्य आदिवासियों की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को कानूनी मान्यता देना है, लेकिन राज्य सरकार इसके विपरीत कार्य कर रही है।ग्लैडसन ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार का पंचायती राज विभाग पिछले तीन वर्षों में पेसा नियमावली के तीन अलग-अलग ड्राफ्ट लाया, लेकिन ये सभी दस्तावेज पारंपरिक स्वशासन के स्थान पर पंचायत राज व्यवस्था थोपने की मंशा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, "हमारी स्वशासन व्यवस्था में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सभी मौजूद हैं, परंतु सरकार सिर्फ कार्यपालिका छीनकर एक नई व्यवस्था थोपना चाहती है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आदिवासी समाज को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने के लिए "सरना-ईसाई" और "खड़िया-मुंडा" जैसी पहचान की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्लैडसन ने चेताया कि अगर सरकार ने पेसा को सही रूप में लागू नहीं किया, तो आदिवासी समाज एक बार फिर उलगुलान की ओर बढ़ेगा।




### पंचायती राज व्यवस्था आदिवासी समाज के लिए अनुपयुक्तः अजय एक्का

कार्यक्रम में ठेठईटांगर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ने कहा कि पंचायत राज अधिनियम आदिवासी क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को लागू करने का वादा इंडिया गठबंधन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसे भुला दिया गया।कार्यक्रम में रेजिना टोप्पो, मेरी क्लाउडिया सोरेंग, सुष्मा बिरहुली, अनुप लकड़ा और बेनेदिक्त लकड़ा सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और सरकार से पारंपरिक आदिवासी शासन व्यवस्था को संरक्षित रखने की मांग की।

## डी.फार्म फाइनल परीक्षा में ठेठईटांगर की आफरीन रुकसार बनीं झारखंड की स्टेट टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य के डी.फार्म (फार्मेसी) सत्र 2022-25 का फाइनल परिणाम 19 मई को जारी किया गया। इसी के साथ 2021-23 सत्र का मार्कशीट भी हाल ही में प्रकाशित हुआ। इस बार सिमडेगा जिले के ठेठईटाँगर गाँव की रहने वाली आफरीन रूकसार ने झारखंड राज्य में टॉप कर इतिहास रच दिया। उन्होंने धन्वंतरि कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओरमांझी, रांची से पढ़ाई पूरी की और 1100 में से 811 अंक प्राप्त किए।आफरीन ने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ठेठईटाँगर तथा द्वितीयक शिक्षा उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, जामपानी से प्राप्त की। 2016 में मैट्रिक में विद्यालय की सेकंड टॉपर रहीं। इंटर की पढ़ाई सेंट मेरीज इंटर कॉलेज, सामटोली तथा स्नातक संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा से अंग्रेजी विषय में पूरी की।लेखिका के रूप में आफरीन ने अब तक 5 पुस्तकें और 500 से अधिक एंथोलॉजी प्रकाशित की हैं। इन्हें इंडियन नोबेल अवार्ड, बेस्ट राइटर अवार्ड (रांची यूनिवर्सिटी) समेत कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले हैं। वे गोल्डेन लेटर्स पब्लिकेशन की सीईओ व संस्थापक हैं।हाल ही में उन्होंने अपनी एक पुस्तक झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुल हसन को भेंट की। आफरीन की इस उपलब्धि ने सिमडेगा जिले को गौरवान्वित किया है और वह राज्य व देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं।



## अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी

# सुरक्षा में 900 अर्द्धसैनिक बल तैनात होंगे

**नई दिल्ली। एजेंसी**

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा की शुरुआत तीन जुलाई से होगी। अमरनाथ यात्रा भगवान शिव की एक प्राचीन और प्रसिद्ध तीर्थयात्रा है, जिसे हर वर्ष सावन के महीने में शुरू किया जाता है। इस बार अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी और सख्त होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए अर्धसैनिक बलों की 900 कंपनियों की तैनाती की गई है। इस संबंध में गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिलेगी। यात्रा के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 900 कंपनियां और सेना की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लिया गया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक शामिल थे। इस हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था। बता दें कि दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ पवित्र गुफा मंदिर है, जिसकी 38 दिवसीय तीर्थयात्रा की शुरुआत इस वर्ष तीन जुलाई से हो रही है। इस यात्रा को लेकर अधिकारी ने बताया कि "एक पूर्णतया सुरक्षित सुरक्षा तंत्र तैयार करने के लिए विचार-विमर्श चल रहा है।" हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र द्वारा सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और बीएसएफ जैसे विभिन्न अर्धसैनिक बलों की लगभग 900 कंपनियों को तैनात किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सेना संवेदनशील स्थानों की पहचान कर चुकी है। खासतौर से पहलगाम और बालटाल में दो बेस कैंप बनाए गए है। यहां से अमरनाथ की तीर्थयात्रा की शुरुआत होती है। अभी इन्हें बंद किया जाएगा। कमांडो की तैनाती भी की जाएगी ताकि गुफा मंदिर को भी सुरक्षित किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर एक खास रणनीति तैयार की जा रही है। यात्रा के लिए एक बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाएगा। बता दें कि अमरनाथ गुफा मंदिर समुद्र तल से लगभग 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह पहलगाम से लगभग 45 किमी और बालटाल से 14 किमी दूर है।

## आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया सबूत : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि आतंकवादियों ने खुद ही दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर के सबूत मुहैया कराए हैं और जिन लोगों को निशाना बनाया गया उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों और राजनेताओं ने ले जाया था।

मोरमुगाओ पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) द्वारा दक्षिण गोवा के वास्को में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक सैन्य हमलों ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा संदेश दिया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इससे वैश्विक संदेश गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि आतंकवाद को अब और नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने आतंकवादियों को दी गई सजा को अनुकरणीय बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय सीमा से परे के क्षेत्र में किया गया। हमारे सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, लक्ष्य केवल आतंकवादी थे। सभी के लिए यह कितनी संतुष्टि की बात है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की हर मां बेटी और बहन की जीत : ओम बिरला

**नई दिल्ली। एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि यह जीत भारत की प्रत्येक मां, बहन और बेटी की जीत थी। बूंदी में सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान के सम्मान में मंगलवार की शाम को राष्ट्रव्यापी पहल 'तिरंगा यात्रा' का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि हाल के दिनों में भारत के प्रत्येक नागरिक के दिल में देशभक्ति की लहर उमड़ी है। बिरला ने कहा, ''नारी शक्ति राष्ट्र की शक्ति बन गई है, जो हमारे सैनिकों को प्रेरित कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की गाथा सुनहरे अक्षरों में लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक सैन्य अभियान से आगे, उन सभी महिलाओं के 'सिंदूर' की रक्षा का संकल्प था जिनके पति तिरंगे की आन, बान और शान की रक्षा के लिए सीमाओं पर मुस्तैद हैं। राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी, बूंदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला प्रमुख रामेश्वर मीणा और हजारों अन्य लोगों की उपस्थिति में यह यात्रा आजाद पार्क से शुरू हुई और कोटा रोड, नगर-सरग कुंड, इंदिरा मार्केट, अहिंसा सर्किल, खोजा गेट और गायत्री नगर से होते हुए सिविल लाइंस रोड स्थित शहीद रामकल्याण स्मारक पर समाप्त हुई।



## खड़गे के बयान पर भड़की भाजपा, सुंधाशु त्रिवेदी बोले-

# ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' बताना सेना का अपमान है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर दिए बयान पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का भी अपमान है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को एक बयान में कहा, "कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों के साहस और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान भी है। इससे पहले, राहुल गांधी ने भी भारतीय विमानों और अन्य संबंधित मामलों पर अनुचित टिप्पणियां की थीं, जैसा कि वे पहले भी बार-बार करते रहे हैं।"उन्होंने आगे कहा, "राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों के बाद स्पष्ट हो गया है कि हाल के दिनों में 'इंडी गठबंधन' के नेताओं के बयान आकस्मिक नहीं, बल्कि एक सुविचारित, भारत-विरोधी और पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने वाली विचारधारा से प्रेरित हैं। खड़गे का बयान यह भी दर्शाता है कि 'इंडिया गठबंधन' नाम रख लेने से कोई दिल से इंडियन नहीं हो जाता। आज तथाकथित 'इंडिया गठबंधन' के नेताओं के बयान जिस तरीके से पाकिस्तान की मीडिया में, पाकिस्तान की संसद में, पाकिस्तान की डिफेंस फोर्सेज की ब्रीफिंग में, पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि 'इंडिया गठबंधन' का नाम इंडिया रखना मुखौटा है, अंदर से ऐसा दिखाई पड़ता है कि यह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ पाकिस्तान' होता चला जा रहा है।


> सुधांशु त्रिवेदी ने शहबाज शरीफ के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "मैं खड़गे को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का ऑन रिकॉर्ड एक बयान है। शाहबाज शरीफ ने कहा कि हमें रात को 2:30 बजे 9 और 10 मई की दरमियानी रात को जगाया और कहा कि हिंदुस्तान ने हमारे नूर खान एयरबेस के ऊपर मिसाइल गिरा दी है।

सुधांशु त्रिवेदी ने शहबाज शरीफ के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "मैं खड़गे को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का ऑन रिकॉर्ड एक बयान है। शाहबाज शरीफ ने कहा कि हमें रात को 2:30 बजे 9 और 10 मई की दरमियानी रात को जगाया और कहा कि हिंदुस्तान ने हमारे नूर खान एयरबेस के ऊपर मिसाइल गिरा दी है। अगर इसके बाद भी कांग्रेस, खड़गे और राहुल गांधी को छिटपुट घटना नजर आती है तो यह दर्शाता है कि उनकी सोच कितनी छोटी है। यह वही पार्टी है, जिसके नेता सिद्धू पाकिस्तान जाकर वहां के सेनाध्यक्ष को गले मिल चुके हैं। यही नहीं, उनके नेता मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान जाकर पीएम मोदी को हटाने की गुजारिश कर चुके हैं और उनकी सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी आतंकवादियों के लिए आंसू तक बहा चुकी हैं। इससे एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि कांग्रेस की सोच राष्ट्रवाद के लिए जितनी छोटी है, आतंकवाद के लिए उनकी खाल उतनी ही मोटी है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर कहा, "प्राप्त समाचारों के अनुसार मुर्शिदाबाद हिंसा पर एसआईटी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि हिंदुओं को लक्षित करके और सुनियोजित ढंग से हिंसा की गई। इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेता शामिल थे। पुलिस का रवैया हिंसा को रोकने की जगह तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के कार्यों को अनदेखी करता दिखाई पड़ा है। इससे एक बात साफ हो गई कि हिंदू समाज को टारगेट करके, उनके विरुद्ध हिंसा करने की श्रृंखला मुर्शिदाबाद से लेकर पहलगाम तक साफ दिखाई पड़ रही है।

## साक्ष्य के अभाव में तस्करी के आरोपी की मिली जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● तीन साल से अधिक से से जेल में था बंद

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत दे दी, क्योंकि पुलिस ने आरोपी से मादक पदार्थ बरामद किए थे, जबकि उसके पास स्वतंत्र सरकारी गवाह नहीं था और न ही उसकी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की गई थी। पुलिस ने कथित तौर पर उसके पास से नेपाल से लाया गया 12 किलोग्राम हैश (चरस) बरामद किया था और एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने आरोपी वाहिद अहमद को जमानत दे दी, क्योंकि मादक पदार्थ की बरामदगी स्वतंत्र सरकारी गवाह की अनुपस्थिति में और न ही उसकी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की गई थी।न्यायमूर्ति महाजन ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में तलाशी लेने या फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी न करने के स्पष्टीकरण के लिए किए गए प्रयास, यदि कोई हों, तो मुकदमे के दौरान परखे जाएंगे। न्यायमूर्ति महाजन ने 19 मई को पारित आदेश में कहा कि हालांकि, ऐसा न होना अभियोजन पक्ष के मामले के लिए घातक नहीं हो सकता है। इस स्तर पर, आरोपी को लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने मुकदमे में देरी पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि आवेदक 9 अगस्त, 2021 से हिरासत में है।

आवेदक के 3 साल और 9 महीने से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बावजूद, अब तक 14 अभियोजन पक्ष के गवाहों में से केवल 4 की ही जांच की गई है। आरोपी ने स्वतंत्र गवाहों के शामिल न होने और मुकदमे में देरी के आधार पर जमानत मांगी थी। यह तर्क दिया गया कि बरामदगी का समर्थन करने के लिए फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की कमी अभियोजन पक्ष के मामले पर संदेह पैदा करती है। आरोपी को जमानत देते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा, "निस्संदेह, वर्तमान मामले में बरामदगी शाम 5:30 बजे भीड़भाड़ वाले और व्यस्त इलाके में एक बाजार के पास की गई थी। गुप्त सूचना जाहिर तौर पर दोपहर 2:30 बजे के आसपास मिली थी। तैयारी के लिए पर्याप्त समय होने के बावजूद, अभियोजन पक्ष ने न तो इच्छित गवाहों को शामिल किया और न ही बरामदगी की पुष्टि करने के लिए कोई तस्वीर ली या कोई वीडियो शूट किया।

## मेरी शादी पाकिस्तान में करा दीजिए

# यूट्यूबर ज्योति की पाक एजेंट से खुफिया चैट वायरल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, जिस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है, ने कथित तौर पर एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी से बातचीत की थी और उनसे उसकी शादी तय करने के लिए कहा था। 'ट्रैवल विद जो' नामक यूट्यूब चैनल चलाने वाली मल्होत्रा को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था, जब पता चला कि वह एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी के संपर्क में थी और कथित तौर पर उसके साथ सूचनाएं साझा करती थी। बाद में उसने एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश नामक अधिकारी के संपर्क में होने की बात कबूल की। एनडीटीवी के अनुसार, व्हाट्सएप पर बातचीत में उसने कथित तौर पर पाकिस्तानी अधिकारी से कहा था कि मेरी शादी पाकिस्तान में करवा दो।

जांच के दौरान पुलिस को मल्होत्रा के चार बैंक खातों के बारे में भी जानकारी मिली, जिसमें दुबई से लेन-देन किए गए थे। पुलिस ने कहा कि यह रकम उनकी अनुमानित आय से ज्यादा थी और वे डेटा का विश्लेषण कर रहे थे। दानिश को भारत द्वारा अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था। उसने मल्होत्रा को अली अहवान से मिलवाया, जिसने उसके रहने की व्यवस्था की और पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों शाकिर और राणा शाहबाज़ के साथ आगे की बैठकों की व्यवस्था की। वह कथित तौर पर उसे एक संपत्ति के रूप में "विकसित" कर रहा था। ज्योति मल्होत्रा, जिनके इंस्टाग्राम पर एक लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं, दो बार पाकिस्तान जा चुकी हैं, जिस दौरान उनका संपर्क दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी से हुआ था।

## सरकार बनने पर महिलाओं को 2,500 महीना : कांग्रेस

**पटना (आईएएनएस)**




बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सभी दलों ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है और मतदाताओं को आकर्षित करने में जुट गए हैं। इस बीच, बिहार में अपनी खोई जमीन तलाशने में जुटी कांग्रेस ने महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रतिमाह बिहार की महिलाओं को 2,500 रुपये देने की घोषणा की है। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित एक प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर जरूरतमंद महिलाओं के लिए 'माई बहिन मान' योजना लागू की जाएगी और हर महीने 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह योजना कर्नाटक में शुरू की थी और आज यह काफी सही ढंग से चल रही है। उन्होंने इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया। कांग्रेस की ओर से योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए एक 'मिस्ड कॉल नंबर' भी जारी किया गया है। पोस्टर में लिखा है, "महागठबंधन सरकार बनने के बाद जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानित 2500 रुपये महीना।" उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि प्रत्येक महीने की पहली तारीख को 2,500 रुपये महिलाओं को दिए जाएंगे, हम इसकी गारंटी दे रहे हैं।

योजना के लाभ के लिए एक मिस्ड कॉल और कुछ डिटेल की जरूरत होगी और यह सब करने के बाद उनका निबंधन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व ने पहली गारंटी में महिलाओं को चुना है और इसके तहत जो महिलाएं गरीबी से जूझ रही हैं।

## भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया, बीएसएफ ने दबोचा

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार शाम को पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई है, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि भारत की यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने एक व्यक्ति की हरकत देखी, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाने लगा था। प्रवक्ता ने बताया, तत्परता से जवाब देते हुए जवानों ने उसे रुकने के लिए ललकारा और बाद में उसे पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को अमृतसर के करीमपुरा गांव से सटे सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया।

## महाराष्ट्र में कोविड

## स्वास्थ्य विभाग सतर्क, मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 10 के पार

**मुंबई (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र में कोविड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश की राजधानी मुंबई में ही मंगलवार को कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 15 बताई गई। स्वास्थ्य विभाग ने 20 मई को इसकी जानकारी दी साथ ही लोगों से अपील की कि वो किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं। इसके मुताबिक ऐहतियातन वर्तमान में महाराष्ट्र में कोविड के लिए आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) को लेकर सर्वे चल रहा है। टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए संक्रमितों का उपचार किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक फिलहाल मामले ज्यादा भयावह नहीं हैं, मरीजों में लक्षण बेहद सामान्य या हल्के हैं।

इसके साथ ही जनता से अपील की गई है कि वो डरे नहीं, घबराएं नहीं।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग़ की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# सुप्रीम कोर्ट से जस्टिस वर्मा पर एफआईआर की मांग खारिज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- इन-हाउस जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया, जिसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उनसे इस्तीफा मांगा।
- जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।
- मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इस मामले में पत्र लिखा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जज यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका दाखिल करने से पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के सामने इस संबंध में किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं किया, जिसे देखते हुए इस याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को पहले इस मामले को उचित प्राधिकरण के सामने उठाना चाहिए था। इसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। इस मामले की पहले ही इन-हाउस जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी जा चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि अगर आप 'रिट ऑफ मंडमस' चाहते हैं, तो पहले आपको उन अधिकारियों के समक्ष आवेदन देना होगा, जिनके समक्ष यह मामला विचाराधीन है। याचिकाकर्ता वकील नेदुमपारा ने कोर्ट को बताया कि नकदी की बरामदगी भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक संज्ञेय अपराध है। ऐसे में पुलिस को इस मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

इससे पहले भी याचिकाकर्ता वकील नेदुमपारा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन तब कोर्ट ने याचिका को समय से पहले बताते हुए खारिज कर दिया था। तब यह मामला जांच समिति के समक्ष विचाराधीन भी था, लेकिन अब इसकी जांच पूरी हो चुकी है, जिसे देखते हुए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहीं, इन-हाउस जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया था, जिसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कह दिया था। लेकिन, जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया था। इसके बाद इस मामले में नाम सामने आने के बाद जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। इसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। बता दें कि यशवंत वर्मा 14 मार्च को उस वक्त चर्चा में आए थे, जब उनके सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने के बाद भारी नकदी की बरामदगी की बात सामने आई थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

# एक वर्ष से जलमीनार खराब, बूंद - बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियात।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा रामदेव मोड़ के समीप बने जलमिनार पिछले एक वर्ष से ख़राब पड़ा हुआ है.जिससे पेयजल की समस्या से बूंद- बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे है. लाखो रूपये की लागत से बना जलमीनार को लोग बड़ी हसरत की नजर से देखे थे। यहाँ के ग्रामीण सरकारी घोषणाओं को वास्तविक जीवन से जोड़ कर देखने लगे थे कि चलो कुछ हो या ना हो सरकार ने पेयजल की समस्या से तो निजात मिलेगा।लेकिन पेयजल की समस्या से निजात नहीं मिला। यहां के लोगो के सपनों को चकनाचूर हो गया। ग्रामीण शशि लोहरा, सुरेन्द्र लोहरा,पिंटू लोहरा, देवा लोहरा, डब्लू लोहरा, कुलदीप लोहरा, लीलू लोहरा, सुजीत लोहरा, राजमनि देवी, गेंदिया देवी, रिंकी देवी, दौलतिया देवी, लालमुनी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की पीएचडी विभाग से बने यह जलमिनार पिछले एक वर्ष से ख़राब पड़ा हुआ है. जिसको लेकर हमलोग कई बार पंचायत सचिवालय में आवेदन जमा किए। साथ में प्रखण्ड कार्यालय बारियातू में विधायक के द्वारा लगाए गए जानता दरबार में विधयाक को आवेदन के माध्यम से अवगत करवाए. लेकिन अभी तक किसी प्रकार का कोई समाधान नहीं हो पाया. हमलोग यहाँ पर लगभग 40 घर में 80 परिवार निवास करते है. जलमिनार खराब रहने से हमलोगो को पेयजल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. अभी भीषण गरमी में पानी पीने के लिए दिक्कतों का सामना करते हुए एक दूसरे टोले से बाल्टी से पानी भरकर लाने को मजबुर हैं।

## एक ही दिन में छह जलमिनार व एक चापाकल किए गए दुरुस्त

**हैदरनगर।** प्रखंड जल स्वच्छता समिति हैदरनगर की सर्वे रिपोर्ट के बाद सर्वप्रथम हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत के मुखिया शहनाज परवीन ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि उनके पंचायत के छह स्थानों पर मृत पड़े जलमिनार व एक चापाकल को दुरुस्त कर दिया गया है। इससे संबधित क्षेत्र के लाभुकों में राहत भरी खुशी इस गर्मी में लौटी है। उन्होंने कहा कि फंड नहीं रहने के बावजूद इनकी मरम्मति कार्य 15 वें बित्त मद से कराई गई है। संबधित सप्लायर से समझौता और पैसा का भुगतान फंड आने के बाद किये जाने के एकरारनामा के साथ किय गया है। उन्होंने कहा कि भाई बिगहा में लाल बाबू व संतोषडीह में सरयू राम व शेखपुरा में इस्लाम अंसारी के घर के पास, ब्रह्मस्थान बिन्दू बिगहा, निकाह भवन भाई बिगहा, मुसहरवा टोला बुद्धि बिगहा में कई महीनों से पाइप, स्टार्टर, मोटर आदि की कमी से खराब पड़े थे। जिसे बुधवार को चालू कराया गया है। इसके अलावे स्कूली बच्चों को पेयजल से हो रही परेशानी को देखते हुए उर्दू कन्या मीडिल स्कूल भाई बिगहा परिसर में चापाकल की भी मरम्मति कराने के बाद बच्चों को पेयजल संकट दूर हो सका है।

## मगध संयुक्त मोर्चा ने 24 सूत्री मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस के रेस्ट शेल्टर कार्यालय परिसर में बुधवार को संयुक्त मोर्चा के द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया. मौके पर प्रदर्शन कार्यों ने बतलाया कि केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी चार लेबर कोड सहित 24 सूत्री मांगों को लेकर केंद्रीय श्रम संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के द्वारा मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना में आज बिरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के दौरान श्रमिक संगठन के नेताओं ने केंद्र सरकार के विरोध मे जमकर नारे लगाए तथा आगामी 9 जुलाई को होने वाले राष्ट्रब्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। बक्ताओं ने कहा कि मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को समाप्त करने की लड़ाई आसान नही है फिर भी हमारी लड़ाई अब आर पार की होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सभी यूनियनो AITUC, CITU, JMS, RCMU, RKMU के नेताओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी यूनियन से संबंधित दर्जनों प्रतिनिधि एवं सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## व्रजपात से एक भैंस की हुई मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत में अचानक व्रजपात से एक भैंस और एक भैंसा की मौत हो गयी। इस संबंध में पशुपालक रणवीर यादव पिता स्वर्गीय कुंज बिहारी यादव ने बताया कि घर के बाहर खेत में भैंस और भैंसा बंधे हुए थे वज्रपात ने भैंसे को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मौके पर मौजूद ओरसा पंचायत के मुखिया अमृता देवी ने बताया कि वज्रपात से पशुपालक रणवीर यादव के भैंस मृत्यु होने से लगभग 60000 का नुकसान हुआ है संबंधित विभाग के अधिकारियों से निवेदन है कि जल्द जांच कर उचित मुआवजा जल्द प्रदान करें

सीएसआर योजना की मगध में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

## विस्थापित क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चियों को प्रशिक्षण देना हमारा लक्ष्य : विभानाथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस परिसर में बुधवार को सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन अर्पिता महिला मंडल के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर श्रीमती विभानाथ में बतलाया कि यह (निगमित सामाजिक दायित्व) के अंतर्गत मगध संघमित्रा क्षेत्र अधीन, आरा, चमातु, फुलबसिया इत्यादि के महिलाओं एवं बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण देने हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है।प्रथम चरण में पांच सिलाई मशीनों के साथ इसके शुभारंभ की गई है। इसमें जो ट्रेनर के भूमिका में हैं वो सीसीएल, मगध संघमित्रा क्षेत्र की ही कर्मचारी हैं जिन्होंने अपने कार्य के साथ साथ ग्रामीण बच्चियों को भी सिलाई प्रशिक्षण देने के बीड़ा उठाया है।
सिलाई में दक्ष होने के पश्चात इन्हें सिलाई मशीन भी मगध संघमित्रा क्षेत्र के तरफ से दी जायेगी जिनसे ये अपना स्वरोजगार के तरफ आगे बढ़ सकें और खुद को समृद्ध बना सकें। मौके पर महिला मंडल से विभानाथ के साथ ममता सदाला, पम्मी देवी, निशा सिंह, संगीता रंजन, दीप्ति चट्टराज एवं रीना सिंह आदि मुख्य रूप से महजूद रहे।

## आईटीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत शिक्षकों का दस दिवसीय गैर आवासीय आईटीसी का प्रशिक्षण उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट में 21 मई को संपन्न हो गया. इसका उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्र-छात्राओं को मिले इसी को लेकर टेलेकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) के द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक नीरज कुमार साव एवं तबस्सुम प्रवीण के द्वारा सभी शिक्षकों को कंप्यूटर संचालन का उद्देश्य, स्मार्ट क्लास का संचालन, लैब का उपयोग, इंटरनेट की जानकारी और बच्चो को कंप्यूटर में कैसे दक्ष करे आदि की जानकारी दी गयी.इस दौरान प्रशिक्षुओं के बीच कंप्यूटर से संबंधित किताब भी प्रदान किया गया. प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं में उमा कुमारी, सुचिता मिंज, ज्ञान प्रभा मिंज, अतुल कुमार, मीना देवी, फ्लोरा मिंज, पूनम क्लित्ता कुजूर, मंजू शांति आइंद, पंकज कुमार, प्रकाश, पवन कुमार, पवन कुमार यादव, महाभारत भगत, विनोद कुमार सिंह, सुरेंद्र महतो, रोहिणी लाल रजक, धनंजय कुमार व देवेंद्र कुमार दुबे आदि का नाम शामिल है।

पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में निरंतर प्रयास जारी

## 331 चापानलों की मरम्मत का काम पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** कहीं भी पेयजल संकट उत्पन्न न हो और ग्रामीणों को इसका सामना नहीं करना पड़े, इसे लेकर विभागीय स्तर से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। चलंत टीम कहीं भी पहुंचकर समस्याग्रस्त चापानलों की मरम्मत करने का काम कर रही है। इसके लिए बस एक सूचना देने की जरूरत होती है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी सार्वजनिक कर दिया गया है। वहीं, विभागीय कनीय अभियंताओं की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए विभागीय स्तर पर कमी के मद्देनजर 15 वें वित्त आयोग के जेई को उनके कार्य के साथ ही अतिरिक्त प्रभार के तहत प्रखंड वार नामित कर दिया गया है। इसे लेकर इस संबंध में उपायुक्त ने आदेश देते हुए सूची भी जारी कर दिया है। इसमें संबंधित प्रखंडों में 15 वें वित्त आयोग के जेई को ही उसी प्रखंड में उनके विभागीय कार्यों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने का आदेश दिया गया है। इसमें उन्हें विभागीय सहायक अभियंता और बीडीओ के पास बंद, खराब, पेयजल केंद्र/चापानल की उपलब्ध सूची के आधार पर मरम्मत और जीर्णोद्धार कराने की जवाबदेही दी गई है। इसे लेकर उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्य में सहयोग प्रदान करना है। इसे लेकर स्थानीय प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित 15 वें वित्त आयोग के जेई प्रदीप कुमार के अलावा हैदरनगर के मो. रजा अंसारी और हुसैनाबाद के धर्मेंद्र कुमार यादव को संबंधित प्रखंडों में पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने को लेकर नामित किया गया है। हालांकि अभी विभागीय कनीय अभियंता महेंद्र राम ही पेयजल संबंधित समस्या के निराकरण की दिशा में काम कर रहे बताए जाते हैं।

## फायरिंग मामले में एक और उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना कांड संख्या 106/25 के अभियुक्त अनुज गंझु, पिता स्व. शर्मा गंझु को थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही गांव स्थित घर से गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के बाद लातेहार मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीते 4 अप्रैल को थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा स्थित संतोष कंस्ट्रक्शन के क्रशर में गोली बारी एवं सोना ब्रिक्स नामक ईंट भट्ठे में मुंशी को गोली मारने की घटना में अनुज की संलिप्तता थी। अनुज के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

## श्रीराम की कथा हमें सिखाती है न्याय और मानव मूल्यों की रक्षा करना : बैकुंठ स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहार विहरा गांव में शिवमंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार से दिवाकाल में पूजा-पाठ और संध्याकाल में 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक नियमित रूप से श्रीराम कथा की प्रस्तुतीकरण से भक्तिभावना की बयार बहने लगी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि भक्तों को श्रीराम कथा का श्रवण गोरखपुर (उतरप्रदेश) के रामकथा वाचक श्री बैकुण्ठ नाथ स्वामी के मुखारविंद से कराया जा रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। पहले दिन कथा वाचक ने श्रीराम की कथा को प्रस्तुत करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीराम की कथा एक ऐसा साहित्य है, जो उनके आदर्श, चरित्र और जीवन के मूल्यों से साक्षात्कार कराता है। इसका श्रवण करने से हमें प्रेम,समर्पण, कर्त्तव्य, न्याय और मानव मूल्यों की रक्षा करने की सीख मिलती है। गौरतलब है कि इस गांव में नवनिर्मित शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को जलयात्रा के बाद मंगलवार से दिवाकाल में पूजा-पाठ और संध्याकाल में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा। जबकि 23 मई को मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के प्श्चात 24 मई को भंडारा और भजन संध्या के साथ इसकी पूर्णाहूति होगी।

## आधार मोबाइल अपडेट कैंप आज से शुरु

**चंदवा।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों का आधार मोबाइल अपडेट नही होने के कारण उन्हें लाभ लेने में काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु गुरुवार 22 से 30 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विशेष रूप से आधार मोबाइल अपडेट कैंप आयोजित की गई है।
इस कड़ी में चंदवा प्रखण्ड के अलोदिया पंचायत में उक्त कैंप गुरुवार 22 से 30 मई,बनहरदी पंचायत में 22-23 मई,बारी पंचायत में 24-25 मई, बरवाटोली पंचायत में दिनांक 22 से 23 मई,बोदा व चकला पंचायत में दिनांक 22-25 मई, चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत में 22-30 मई,चेटर पंचायत में दिनांक 30 मई,डुमारो पंचायत में 26-27 मई,हुटाप पंचायत में 22-25 मई,जमीरा पंचायत में 28-29 मई,कामता पंचायत में 22-30 मई,लाधुप में 24-25 मई, मालहन में 26-28 मई, सासंग पंचायत में दिनांक 26-27 मई और सेरक पंचायत में 28-29 तक आयोजित की जाएगी। बीडीओ चंदन प्रसाद ने ग्रामीणों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## दो गुमटी में चोरों ने हाथ साफ किया

**चिनियां।** थाना क्षेत्र मंगलवार की रात चोरों ने नेत्रहीन सत्येंद्र प्रसाद की पान गुमटी में नकदी चोरी कर ली। चोरों ने गुमटी से 500 रुपए से ऊपर रुपये नकद चुरा लिए। बुधवार सुबह जब सत्येंद्र दुकान खोलने पहुंचे तब दुकान का ताला टूटा देखा। इसी रात थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली में राजू रंजन प्रजापति की गुमटी का ताला भी चोरों ने तोड़ कर 2 हजार रुपये नकद बक्सा सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। राजू ने बताया कि यह पैसे उनकी दो-तीन दिन की बिक्री की राशि थी।

केसीसी ऋण को लेकर उदासीनता का आलम

## 500 के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 124 आवेदन ही प्राप्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए 6,13 और 20 मई यानि चालू माह के प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड सभागार में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इनमें क्रमशः 60,42 और 22 कुल मिलाकर अबतक 124 किसानों से ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब 27 मई को अंतिम रूप से शिविर आयोजित किया जाना है। इसमें भी लक्ष्य प्राप्त हो पाता है, या नहीं,देखने वाली बात होगी। इस संबंध में कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पूरी कोशिश होगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर इस प्रखंड के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में साप्ताहिक रूप में प्रत्येक मंगलवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया। 27 मई को भी शिविर आयोजित किया जाएगा। अबतक प्राप्त आवेदन को निष्पादित करने को लेकर बैंकों को भेज दिया गया है।
स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों, बीटीएम प्रशांत कुमार तिवारी और किसान मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करना सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 500 किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगामी शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए अधिक से अधिक किसानों को उपस्थित होकर आवेदन जमा करने और इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया सवारी वाहन, एक की मौत, चार घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुईया- लोहरदगा मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद एक अनियंत्रित सवारी वाहन पेड़ से जा टकराया। इस दुर्घटना में वाहन पर एक यात्री की मौत हो गई। जबकि वाहन में सवार दर्जनों लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को चुरुवे, सेरेंदाग़ लोहरदगा से सवारी वाहन पर सवार लोग शादी समारोह में बारियातु प्रखंड के नचना टोली जा रहे थे इसी दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया लोहरदगा मार्ग पर डेढ़टंगवा घाटी में वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।
इस दुर्घटना में उक्त वाहन में सवार दर्जनों लोग घायल हो गये। घायलों को 108 एम्बुलेंस कि मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इलाज के क्रम में रामकेश्वर उरांव (45) की मौत हो गई। उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी वहीं गंभीर रूप से घायल सुखराम लोहरा,जीतू, शाहदेव महतो व बुधन देवी को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया। बताते चले कि उक्त घाटी में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

## गुरुगोष्ठी में अनुपस्थित शिक्षकों से शोकॉज

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र में 19 मई को संपन्न हुई गुरुगोष्ठी में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को बीईईओ कानन पात्रा ने शोकॉज किया है। शिक्षकों को पत्र प्रेषित करते हुए बीईईओ ने कहा है कि गुरुगोष्ठी की बैठक में सभी शिक्षकों को आवश्यक रूप से भाग लेने का निर्देश जारी किया गया था।
उसके बावजूद कई शिक्षकों ने बिना कोई कारण बताए बैठक में भाग नहीं लिया। यह वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना और अपने कार्यों के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोनहर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेंद्र गुप्ता, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन अमिता पांडेय, प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के सहायक अध्यापक मेघनाथ प्रजापति व नव प्राथमिक विद्यालय पंचफेड़ी ताली के सहायक अध्यापक राम कुमार राम को शोकॉज किया गया है। सभी से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक के शेष

### डेढ़ करोड़ के...

उन्होंने बताया कि देशभर में नक्सल संगठन के संचालन की जिम्मेदारी बसव राजू पर थी। नक्सलवाद और नक्सल मोर्चे पर जवानों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि डीआरजी के जवानों ने नक्सल मोर्चे पर इतिहास रचा है। नक्सली संगठन के जिस शीर्ष नेतृत्व को देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी, उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो सदस्य, माड़ डिवीजन के बड़े कैडर एवं पीएलजीए कैडर के मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव की डीआरजी टीमें अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थीं। विगत कई दिनों से लगातार जारी इस नक्सल विरोधी अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई बड़े कैडर के नक्सली या तो मारे गए हैं, अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गए हैं। ज्ञात हो कि 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार क्षेत्र में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर घात लगाकर भीषण हमला किया था। इस हमले में 76 सीआरपीएफ जवानों सहित छत्तीसगढ़ पुलिस का एक अधिकारी शहीद हुए थे। इसके बाद, 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने हमला किया, जिसमें पार्टी के कई शीर्ष नेताओं की मौत हो गई थी। इन दोनों जघन्य हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव की अहम भूमिका मानी जाती है।

### तीन दशकों में...

मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पबद्ध है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जारी है विजय का शंखनाद, खत्म हो रहा नक्सलवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। नारायणपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी यूनिट द्वारा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि अब तक 27 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें कुख्यात नक्सल लीडर नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू के खात्मे कभी पुष्टि हुई है।

### व्यापक रूप से...

स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल (धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्व हित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में ऑफ प्रकृति की खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती किए जाने संबंधित प्रस्ताव पर सहमति बनी। बैठक में झारखंड उत्पाद होटल, रेस्टोरेंट, बार एवं क्लब (अनुज्ञापन एवं संचालन) (संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधी संलेख एवं प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप की कंडिका-2 के नियम 21 पर सहमति दी गई। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि ऐसे स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल (धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्व हित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में उत्पाद प्रपत्र 8, 9 एवं 10/9 एवं 10/7 'क' में क्रमशः होटल, रेस्टोरेंट एवं बार/क्लब की अनुज्ञप्ति स्वीकृत करने पर सहमति बनी। जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की बैठक में सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले में खरकई नदी में प्रस्तावित ईचा बांध के निर्माण कार्य को पुनर्बहाल करने पर चर्चा हुई। झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ समिति के गहन विचार विमर्श के बाद ईचा खरकई बांध से विस्थापित हो रहे जनजाति समुदाय सहित अन्य व्यक्तियों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में प्रभावित ग्रामों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन करते हुए फोटो, वीडियो के साथ एक जांच प्रतिवेदन तैयार कर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने के लिए सहमति बनी। इस प्रतिवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री सह उपाध्यक्ष टीएसी चमरा लिंडा, विधायक सह सदस्य टीएसी प्रो स्टीफन मरांडी, लुईस मरांडी, सोनाराम सिंकू, दशरथ गागराई, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, जिगा सुसारन होरो, संजीव सरदार, आलोक कुमार सोरेन, सुदीप गुड़िया, जगत मांझी, राम सूर्या मुंडा, रामचंद्र सिंह तथा टीएसी के मनोनीत सदस्य नारायण उरांव एवं जोसाई मार्डी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों से...

हादसे की जानकारी पाकर घायल बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और बच्चों के परिजनों का कहना है कि पिकअप वाहन चालक नशे की हालत में था। लोगों ने संकरी सड़क के किनारे किसी भी प्रकार का गार्डवाल नहीं होने पर भी सवाल उठाया। इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक की भी मेडिकल जांच कराई जा रही है। गाड़ी के कागजात और चालक के लाइसेंस आदि की भी जांच की जा रही है। अगर चालक नशे में पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पानी को लेकर...

उन्होंने कहा, मैं घटना की निष्पक्ष जांच के आदेश दे रहा हूं। मंत्री ने कहा कि सरकार किसी को भी शांतिपूर्ण विरोध की आड़ में अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं देगी। मंत्री ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जनता को आश्वासन दिया कि स्थिति को कानूनी तरीकों से नियंत्रण में लाया जाएगा। पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच आगे बढ़ने के साथ ही आगे की प्रगति की उम्मीद है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पीएम शहबाज ने पिछले महीने घोषणा की थी कि संघीय सरकार ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ परामर्श के बाद, लंबित जल विवादों के काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स (सीसीआई) के माध्यम से हल होने तक किसी भी नई नहर का निर्माण न करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की और इस बात पर जोर दिया कि प्रांतीय आम सहमति के बिना नहर परियोजनाओं पर कोई एकतरफा निर्णय नहीं लिया जाएगा।
**फरवरी 2025 में की गई थी 6 नई नहरों के निर्माण योजना की घोषणा** : फरवरी 2025 में पाकिस्तान सरकार ने सिंधु नदी प्रणाली पर 6 नई नहरों के निर्माण योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पंजाब, बलूचिस्तान और सिंध में नहरों का निर्माण किया जाना है। लेकिन, आलोचकों का कहना है कि बांध के जरिए पाकिस्तान सरकार सिंध के पानी को पंजाब प्रांत में ट्रांसफर करना चाहती है, जिसका मकसद पंजाब के 1.9 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि में पानी ले जाना है। सिंध के निवासियों का मानना है कि यह प्रोजेक्ट उनके जल अधिकारों का उल्लंघन करती है और पहले से ही जल संकट झेल रहे क्षेत्र के लिए विनाशकारी हो सकती है।

### राज्य में इस...

वहीं, राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 40.6 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने गुरुवार (22 मई) को गर्जन, वज्रपात और 50-60 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 23 मई को उत्तर-पूर्वी भागों को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में तथा 24 मई को उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

## रणनीतिक गठजोड़

### चीन-पाकिस्तान-तालिबान एकजुट, बढ़ी वैश्विक चिंता



**नई दिल्ली ।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के दौरान चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए कूटनीतिक गतिविधियों और उपायों पर चर्चा की। विकास पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए, दोनों देशों ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर सहयोग बढ़ाने तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। डार तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत के साथ तनाव बढ़ने के बाद उनकी पहली उच्च स्तरीय बातचीत है।

## अयोध्या तैयार

### जून तक पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण कार्य



**नई दिल्ली ।** श्री राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के अनुसार, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 5 जून तक पूरा हो जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि 5 जून तक पूजा-अर्चना के साथ मुख्य मंदिर की स्थापना कर दी जाएगी। मंदिर की पहली मंजिल, दूसरी मंजिल और शिखर का निर्माण हो चुका है। पहली मंजिल पर राम दरबार स्थापित किया जाएगा, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। इनकी मूर्तियां जयपुर के कारीगरों ने राजस्थान की खानों में पाए जाने वाले बेहतरीन और बेहद प्रतिष्ठित मकराना संगमरमर का इस्तेमाल करके बनाई हैं। नृपेंद्र मिश्रा ने आगे बताया कि जयपुर से मूर्तियां भेजी जा चुकी हैं और 23 जून तक अयोध्या पहुंच जाएंगी। 5 जून तक राम मंदिर परिसर में 14 छोटे मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। एक मुख्य लंबित कार्य जो सितंबर में पूरा हो जाएगा, वह है प्राचीर के एक छोटे हिस्से का निर्माण।

# मुंबई की घातक बल्लेबाजी, नमन व सूर्या ने गेंदबाजी की उड़ाई धज्जियां



**मुंबई । एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 63वां मैच आज मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। ये मुकाबला प्लेऑफ के लिहाज से सबसे तगड़ा माना जा रहा है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। अक्षर इस मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं। बीमार होने की वजह से वो मैच में नहीं हैं। उनकी जगह फाफ डु प्लेसिस कप्तानी कर रहे हैं। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्या की 73 रनों की तूफानी पारी के दम पर दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा है।

**ऐसी रही मुंबई की बल्लेबाजी :** पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद शानदार रही। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी की। लेकिन तीसरे ही ओवर में मुंबई को पहला झटका लगा जब रोहित शर्मा 5 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद विल जैक्स और रिकेल्टन ने अच्छी साझेदारी की। 5 ओवर में टीम का स्कोर 46 पर पहुंचा दिया। लेकिन छठे ओवर में विल जैक्स अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स ने 21 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में रिकेल्टन को कुलदीप यादव ने चलता किया। रिकेल्टन के बल्ले से 25 रन निकले।

इसके साथ ही कुलदीप यादव ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। 10 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 80-3 था। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। लेकिन 15वें ओवर में मुंबई को चौथा झटका लगा जब तिलक वर्मा 27 रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार बने। इसके बाद हार्दिक पंड्या भी कुछ कमाल नहीं कर सके। लेकिन एक छोर पर सूर्या टिके रहे। उन्होंने शानदार फिफ्टी जड़ी। वहीं नमन धीर ने भी अच्छी पारी खेली। जिसके दम पर मुंबई ने दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा। सूर्या ने नाबाद 73 रनों की पारी खेली।

### जानें अंक तालिका का हाल

मुंबई इंडियंस के 14 और दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हैं। दोनों टीमें अपनी किस्मत खुद तय कर सकती हैं, लेकिन घरेलू मैदान और हालिया प्रदर्शन के चलते एमआई को थोड़ा फायदा माना जा रहा है। अगर मुंबई जीत जाती है, तो वह 16 अंकों के साथ दिल्ली की पहुंच से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर, दिल्ली को अपने दोनों बचे हुए मैच जीतने होंगे – दूसरा मैच 24 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ है।


### जानें किसका पलड़ा है भारी

आईपीएल इतिहास में दिल्ली औपर मुंबई के बीच अबतक 36 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 16 मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत हासिल की है, जबकि 20 बार मुंबई की टीम ने बाजी मारी है। ऐसे में मुंबई का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

## क्या 9 दिन में रक्त कैंसर का इलाज हो जाएगा ?

# वेलकारटी इलाज से बचेगा 90% खर्च

**आरपी सिंह**



- आईसीएमआर व सीएमसी वेल्लोर के एक क्लिनिकल ट्रायल में यह सफलता मिली
- यह प्रक्रिया अस्पताल में ही स्वचालित मशीनों से की गई जिसमें 9 दिन का समय लगा

**नई दिल्ली।** भारत में रक्त कैंसर के इलाज के लिए कार-टी सेल्स को अस्पताल में ही बनाकर मरीजों को दिया गया। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) नई दिल्ली ने कैंसर चिकित्सा में बड़ी कामयाबी बताते हुए घोषणा की है कि 80% मरीजों में 15 माह बाद भी कैंसर सक्रिय नहीं पाया गया। आईसीएमआर के अनुसार , यह ट्रायल दिखाता है कि कैंसर का इलाज सस्ता, तेज व मरीजों के करीब कैसे किया जा सकता है। यह सफलता आईसीएमआर और सीएमसी वेल्लोर के एक क्लिनिकल ट्रायल में हासिल हुई है, जिसे वेलकारटी नाम दिया है। इस परीक्षण के परिणाम मोलिक्यूलर थेरेपी ऑन्कोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। जर्नल में प्रकाशित विवरणों के मुताबिक डॉक्टरों ने कार-टी थेरेपी के जरिये एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (एएलएल) और लार्ज बी-सेल लिम्फोमा (एलबीसीएल) के मरीजों पर परीक्षण किया। यह दोनों ही रक्त कैंसर के प्रकार हैं। इस प्रक्रिया में मरीज के अपने टी-सेल्स (प्रतिरक्षा कोशिकाओं) को कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया। हालांकि भारत में कार-टी थेरेपी का यह पहला अध्ययन नहीं है। इम्यूनो एक्ट व टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई ने मिलकर पहली स्वदेशी थेरेपी विकसित की जिसे 2023 में केंद्र से अनुमति भी मिली है।

आईसीएमआर ने ट्रायल परिणाम जारी करते हुए बताया कि एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (एएलएल) कैंसर से प्रभावित सभी मरीज ठीक हो गए, जबकि लार्ज बी-सेल लिम्फोमा (एलबीसीएल) रोगियों में से 50% रोग मुक्त हुए। दोनों तरह के मरीजों पर लंबे समय तक निगरानी रखी गई जिसमें 80% मरीज 15 महीने बाद भी रोग-मुक्त रहे। हालांकि, इस बीच रोगियों में थेरेपी के हल्के दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं, पर न्यूरो टॉक्सिसिटी यानि तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव नहीं पाया गया। सीएमसी वेल्लोर के डॉक्टरों ने बताया कि यह प्रक्रिया अस्पताल में ही स्वचालित मशीनों के जरिये की गई जिसमें करीब नौ दिन का समय लगा। जबकि वैश्विक स्तर पर कार-टी थेरेपी में कम से कम पांच सप्ताह यानी 40 दिन का समय लगता है। भारतीय परीक्षण में मरीज की ताजा कोशिकाओं का उपयोग किया गया, जिससे उनकी तेजी से रिकवरी हुई। उन्होंने कहा कि भारत ने 90 % से भी अधिक सस्ती प्रक्रिया को जन्म दिया है। भारत में जहां कैंसर का इलाज महंगा है और ज्यादातर लोगों के पास बीमा नहीं है। यह थेरेपी लागत को 90% तक कम करती है। वैश्विक स्तर पर कार-टी थेरेपी की लागत 3,80,000-5,26,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 3-4 करोड़ रुपये) है, लेकिन वेलकारटी मॉडल ने अब इसे बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराने का रास्ता खोल दिया है। ईसीएमआर का कहना है कि भारत में हर साल 50 हजार नए ल्यूकेमिया मरीज सामने आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आज राजस्थान का करेंगे दौरा

### बीकानेर के पलाना में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलाना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिन्हें क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषयवस्तु से प्रेरित है।

### समुद्री आतंकवाद-लुटेरों पर भारत व संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि समुद्र में आतंकवाद का मुकाबला करना और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। हरीश ने कहा, "भारत समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करना अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण मानता है। उन्होंने आगे कहा, " लेकिन भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति व्यापक और बहुआयामी है", जो पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों—आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने—का सामना करती है। आतंकवाद और समुद्री डकैती से होने वाले खतरे अन्य लोगों के लिए भी चिंता का विषय थे, जिन्होंने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर सुरक्षा परिषद की खुली बहस में बात की।


### नेतन्याहू को 22 देशों की खुली चेतावनी, बढ़ा तनाव

**इजरायली।** इजरायली फौज यानी आईडीएफ ने गाजा में अब तक का सबसे बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू कर दिया। जिसमें भारी मानवाधिकार उल्लंघन हो रहा है और रोजाना बड़ी तादाद में लोग मारे जा रहे हैं। इस ऑपरेशन को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने नाराजगी जाहिर करते हुए गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है। इस पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब भी दिया है। नेतन्याहू ने इन देशों पर आरोप लगाते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हमास के जनसंहार का इनाम दे रहे हैं और इजरायल को उसकी आत्मरत्रा के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं। आपको बता दें कि इजरायल ने गाजा को सीमित मानवीय राहत की इजाजत दे दी है और कुछ रास्तों को खोल दिया है। लेकिन इस फैसले के बावजूद 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए इजरायल से अपील करते हुए कहा है कि वे गाजा को मिलने वाली कोई भी सहायता में रुकावट न डाले।

# भारत सहित एशिया के कई देशों में बढ़ रहा कोविड के बदले रूप का संक्रमण

इससे बचाव के लिए पहले की तरह ही सावधानी बरतें

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** कोविड-19 वायरस रूप बदलकर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन, थाईलैंड में केस बढ़ रहे हैं। भारत में भी कुछ जगह केस सामने आए हैं। इसका बचाव भी वैसे ही करना है, जैसे पहली लहर के बाद से लोग किये।अब लोगों में प्रतिरोधक क्षमता कुछ विकसित हो चुकी है, फिर भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।मालूम हो कि भारत में कोरोना की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। सबसे घातक दूसरी लहर थी, जब डेल्टा वैरिएंट से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2021 से मई 2021 के बीच कोरोना की दूसरी लहर में भारत समेत पूरे विश्व में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। उस दौरान अस्पतालों में बेड व ऑक्सिजन की भी भारी कमी हुई। उसके बाद ओमिक्रॉन वेरिएंट के कारण तीसरी लहर में मामलों में तो इजाफा देखा गया, लेकिन यह डेल्टा वैरिएंट के मुकाबले कम घातक रहा। ओमिक्रॉन से मृत्यु दर भी कम लगभग 0।2 % तक ही थी। वैसे ओमिक्रॉन वैरिएंट में कई तरह के बदलाव हो चुके हैं और यह समय-समय पर अपना असर दिखाता रहा है। विशेषज्ञों ने ओमिक्रॉन वेरिएंट के आने के समय ही साफ कर दिया था कि इस वैरिएंट में बदलाव होते रहेंगे। भारत में इससे पहले कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन।1 (बीए।2।86।1।1) के कारण मामलों में बढ़ोतरी हुई थी। लेकिन देश में बड़े स्तर पर जीनोम जांच होती है और वैरिएंट का पता चल जाता है। अभी भारत में स्थिति नियंत्रण में है और केस भी ज्यादा नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च व केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की हाल ही में समीक्षा बैठक हुई।

सभी विशेषज्ञों ने कहा कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। 19 मई तक के आंकड़ों को देखें तो भारत में कोविड-19 के मामलों की मौजूदा संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम है। जो मामले सामने भी आ रहे हैं, उनमें मामूली लक्षण है और अस्पताल में दाखिल होने की जरूरत नहीं पड़ रही। एशिया क्षेत्र में हॉन्गकॉन्ग में बीते कुछ सप्ताह में कोविड केस 30 गुना तक बढ़े हैं, वहीं सिंगापुर व थाईलैंड में भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सिंगापुर में एक सप्ताह में 28 से 30 % तक मामले बढ़े हैं। इन देशों में जीनोम जांच के बाद पता चला है कि कोविड 19 का नया वेरिएंट जेएन1 स्ट्रेन से संबंध रखता है। ओमीक्रॉन के वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ 7 और एनबी1।8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति को लेकर अलर्ट जारी किया है।इस बारे में विशेषज्ञ कहते हैं कि वैरिएंट तो चेंज होते रहेंगे लेकिन संभावना यही है कि नया वैरिएंट पहले के मुकाबले हल्का ही रहेगा। फिर भी यदि किसी को पहले से ही गंभीर बीमारी है तो उसे सावधान रहना होगा। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उन्हें भी ध्यान रखना होगा। भारत में अब तक जो मामले हैं, उनमें माइल्ड फ्लू जैसे लक्षण हैं और कुछ दिनों में मरीज ठीक हो जाता है। यदि कोई बीमार है तो वह खुद को आइसोलेट कर ले। हल्के संक्रमण हो सकते हैं, जिनके सामान्य सर्दी या फ्लू जैसे लक्षण होते हैं। ऐसे में मास्क पहनें, हाथ धोएं और भीड़ - भाड़ से बचें।

# किरण राव शंघाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निर्णायक मंडल में शामिल

कहानी फिल्म जगत की

निर्णायक मंडल में अर्जेंटीना के फिल्म निर्माता इवान फंड, चीनी अभिनेता और निर्देशक हुआंग बो, चीनी निर्देशक और वृत्तचित्र फिल्म निर्माता यांग लीना और प्रशंसित चीनी अभिनेत्री योंग मेई सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

***किरण राव की लापता लेडीज भारत की 96वें ऑस्कर के लिए आधिकारिक प्रविष्टि रही***



फिल्म निर्माता किरण राव 27वें शंघाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एसआईएफएफ) के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल (ज्यूरी) का हिस्सा होंगी। राव इतालवी निर्देशक और पटकथा लेखक ग्यूसेप टॉर्नेटोर के नेतृत्व वाले निर्णायक मंडल में शामिल होंगी। ग्यूसेप को ऑस्कर विजेता 'सिनेमा पैराडाइसो' के लिए जाना जाता है। किरण की फिल्म 'लापता लेडीज' 96वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। निर्णायक मंडल में अर्जेंटीना के फिल्म निर्माता इवान फंड, चीनी अभिनेता और निर्देशक हुआंग बो, चीनी निर्देशक और वृत्तचित्र फिल्म निर्माता यांग लीना और प्रशंसित चीनी अभिनेत्री योंग मेई सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मुधमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय **"प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास"** है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

PR. 353165 (Forest, Environment and Climate Changes) 2025-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार